# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, सोमवार, 31 मार्च, 2025 | वर्ष 16 | अंक 329 | पृष्ठ 12 | मूल्य 1.50 रु.



सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

# राज्य स्तरीय निवेश उत्सव

मुख्य अतिथि

## श्री भजनलाल शर्मा

माननीय मुख्यमंत्री

**3 लाख करोड़ रुपए**
के निवेश प्रस्तावों पर कार्य प्रारम्भ

**नयी नीतियों का विमोचन**

- राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी
- राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी
- राजस्थान टेक्सटाइल एंड अपैरल पॉलिसी

**निवेशकों के लिए MOU ट्रैकिंग हेतु मोबाइल एप का लॉन्च**

**राजस्थान फाउंडेशन के 14 नए चैप्टर्स की शुरुआत**

31 मार्च, 2025 • जयपुर

RISING RAJASTHAN

निवेश में कीर्तिमान - राइजिंग राजस्थान

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

# घट स्थापना घर-घर हुई बाला किला पर करणी माता मेला शुरू

## शहर विधायक एवं मंत्री ने पहुंचकर मंदिर में पूजा-अर्चना कर मेले की व्यवस्था को देखा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** नवसंवत्सर और नवरात्रि स्थापना पर रविवार को मंदिरों के अलावा घरों में घट स्थापना हुई। अलवर शहर में बाला किला से नीचे करणी माता मंदिर में मेला शुरू हो गया। जहां सुबह 6 बजे से पहले ही भक्त पहुंचना शुरू हो गए थे। वन राज्य मंत्री व अलवर शहर विधायक संजय शर्मा भी सुबह करणी माता के मंदिर पहुंचे। वहां पूजन किया और सबके लिए खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि राजस्थान स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशभर में साप्ताहिक कार्यक्रम किए गए हैं। इन कार्यक्रमों के तहत युवाओं, किसानों और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को सरकारी नौकरियों में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, वहीं दिव्यांगजनों को ट्राई-साइकिल प्रदान कर उनकी सहायता की गई। किसानों के लिए भी कई लाभकारी योजनाओं की शुरुआत की गई, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में बने मकानों के पट्टे भी जरूरतमंद परिवारों को वितरित किए गए, जिससे वे अपने मकानों के कानूनी स्वामित्व के हकदार बन सकें। वन मंत्री ने मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की तकलीफ नहीं हो।

## पर्ची सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर आमजन को मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित कर रही है : जूली

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली बोले भारतीय जनता पार्टी के राज में प्रदेशवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली के रिमोट कंट्रोल से चलने वाली प्रदेश की पर्ची वाली सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर आमजन को मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित कर रही है। नेता प्रतिपक्ष जूली रविवार को मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई कर रहे थे। जूली बोले प्रदेश के विद्यार्थी से लेकर बुजुर्ग,महिला और दिव्यांग सभी वर्ग सरकार की उपेक्षाओं के कारण अपने हितों के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को ना तो पेंशन समय पर मिल रही है ना ही छात्रवृत्ति समय पर मिल रही है ऐसे में आमजन को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान की जनता को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षाएं प्रदान करते हुए उनको अपने पैरों पर खड़ा होने का काम किया लेकिन पर्ची वाली सरकार में जैसे सरकार बैसाखी पर चल रही है वैसे ही जनता के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है।

## डॉ.नारायण कांकर की स्मारिका का विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान् जयपुर डाक्टर नारायण शास्त्री कांकर विद्यालंकार की स्मारिका का विमोचन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में कुलपति डाक्टर संजीव शर्मा द्वारा किया गया। आयुर्वेद मनीषी डॉ.वेदप्रकाश शर्मा, आयुर्वेद विज्ञान परिषद् के अध्यक्ष गोपीनाथ पारीक गोपेश, स्मारिका सम्पादक डॉ.सुरेश कुमार शर्मा,प्रो. असित कुमार पांजा, एवं डॉ.सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने नारायण शास्त्री के गरिमामय जीवन पर प्रकाश डाला। इंदु शर्मा कांकर ने सभी संपादकों की सराहना करते हुए संस्कृत भाषा की विशालता को रेखांकित किया। इस अवसर पर वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी,राम कांकर, बृजकिशोर मिश्रा, श्यामसुंदर शर्मा,प्रो सुरेश अग्रवाल, भगवान सहाय पारीक, प्रो अभिजीत, वैद्य भंवरलाल शर्मा, वैद्य भ्रमर कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे।

## लिटिल फ्लोवर स्कूल में यूकेजी कक्षा के छात्रों का किया सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** शेखावत कॉलोनी स्थित लिटिल फ्लोवर स्कूल में यूकेजी कक्षा के छात्रों के लिए ग्रेजुएशन डे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों, अभिभावकों व विद्यालय परिवार के सदस्यों ने मिलकर इस यादगार दिन को विशेष बनाया। विद्यालय प्रबंधक फादर जिनेश, प्रिंसिपल सिस्टर मेबल, फादर रिंस, सिस्टर अमला, सिस्टर टिसिया व छात्रों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा एक और दो के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। फादर जिनेश व सिस्टर मेबल ने यूकेजी के छात्रों को डिग्री देकर सम्मानित किया। फादर जिनेश ने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जीवन में उच्च संस्कारों के साथ आगे बढ़े और उन्नति के शिखर को छुए।

## हिन्दू नववर्ष के आगमन पर राहगीरों का तिलक लगाकर स्वागत किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** भारत विकास परिषद शाखा द्वारा द्वारा चौत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष के आगमन पर (भारतीय विक्रम संवत 2082 ) सुभाष चौक चूरू में चूरू जनपद की महिला व पुरूष राहगीरों का तिलक लगाकर एवं नीम की कोंपल एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया जिला समन्वयक उमेशचंद्र चौहान ने सभी नागरिकों के लिये उत्तम स्वास्थ्य, व्यापार व खुशहाल जीवन की मंगलकामना की। अध्यक्ष मोहन लाल शर्मा ने बताया कि भारत विकास परिषद चूरू नववर्ष का यह पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से प्रतिवर्ष मानता आया है महिला इकाई प्रमुख शशी चंदेल ने बहिनो को तिलक लगाया व पूनम गुप्ता, मंजू पारीक मधुबाला गौड़ व भगवती पारीक ने सहयोग किया इस अवसर पर सर्व विश्वनाथ गोटेवाला,श्याम सुंदर पारीक, विमल चंद भटनागर, हुकमचन्द गौड़, सुधाकर सहल, वैद्य बनवारी लाल शर्मा, संजीव खेड़ा, पुनीत लाटा, मदन सिंह राठौड़, विजय ईसरानी, पवन जांगिड़, ओम प्रकाश इन्दोरिया, महेश मिश्रा, ओमप्रकाश गुसाई, सुरेश सरावगी, हनुमान प्रजापत, श्याम सुंदर भोजक, निरंजन वर्मा, संदीप शर्मा, नवरत्न शर्मा, देवेंद्र चंदेल इत्यादि सभी भारत विकास परिषद के सदस्य उपस्थित थे।



## ईद पर बांटी खुशियां, सौ जरूरतमंदों को दिए राशन किट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जयपुर रोड़ स्थित कच्ची बस्ती व झुगी झोंपड़ियों में शनिवार को ऑल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान ने एक सौ जरूरतमंद परिवारों को राशन किट का तोहफा देते हुए उन्हें भी ईद के पर्व पर खुशियां देने का काम किया है । संस्थान के जिलाध्यक्ष संजय खान घांघू ने बताया के त्यौहार पर कोई भूखा ना रहे और इसलिए सौ परिवारों को राशन किट बांटे गए है जिसमें 5 किलो आटा,दाल,चावल,चीनी,तेल व मसालों के साथ साबुन व सर्फ जैसी जरूरत की चीजें मौजूद है। इस मौके पर मकसूद खान, निजामुदीन खान, कूरसीद खलीफा, बाबू खान, इकबाल लुहार, आसिफ लुहार, जमील लुहार, राजू खारिया, मोहमद मुस्लिम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## बीए टॉपर भावना वर्मा को उपाधि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

चूरू। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर में आयोजित नवम दीक्षांत समारोह में बी.ए.टॉपर भावना वर्मा पुत्री सूरज कुमार को राज्यपाल राजस्थान एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे तथा कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित द्वारा स्वर्ण पदक व उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। भावना ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने दादाजी बेनी प्रसाद वर्मा, दादी फूलवती, पिता सूरज कुमार, माता डॉ. संगीता रोहिला व भाई सर्वेश वर्मा एवं चूरु बालिका महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राम गोपाल बहड, सचिव भागीरथ शर्मा, प्रबंध समिति सदस्य, प्राचार्य आशा कोठारी व कॉलेज स्टाफ को दिया।



## उपखंड अधिकारी ने जलदाय विभाग की टीम के साथ अलसुबह फील्ड निरीक्षण पेयजल सप्लाई व्यवस्था का लिया जायजा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर आज अलसुबह उपखंड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ शांतिकुंज व काला कुआँ क्षेत्रा में पेयजल सप्लाई व्यवस्था का फील्ड निरीक्षण किया। उपखंड अधिकारी अलवर यशार्थ



शेखर ने निरीक्षण के दौरान घरों में जाकर पेयजल सप्लाई व्यवस्था के बारे में लोगो से भी फीडबैक लिया।उन्होंने आमजन द्वारा अवगत कराये गए बिन्दुओ को समयबद्ध सुचारु करने तथा सप्लाई में गन्दा पानी न आये इसके लिए प्रभावी फील्ड मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को पानी की टंकियों की नियमित साफ-सफाई रखने, पेयजल संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को पेयजल संबंधी किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार जलदाय विभाग के अधिकारी व कार्मिक पेयजल सप्लाई के समय नियमित तौर पर फील्ड निरीक्षण एवं जनसुनवाई करें। निरीक्षण के दौरान जलदाय विभाग के एक्सईएन संजय सिंह, कनिष्ठ अभियंता पवन जांगिड़ सहित संबंधित अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

## जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने सुनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** प्रधानमंत्री जन औषधी केन्द्र पर भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 120वे संस्करण को सुना एवम् हिन्दू नववर्ष के अवसर पर भगवा ध्वज पर पुष्प अर्पित कर सभी को शुभ कामनाऐं दी। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की विभिन्न सांस्कृतिक क्रियाकलापो की चर्चा की उन्होने सभी देश वासियों को हिन्दू नव वर्ष की शुभकामना देते हुऐ कहा कि यह नव वर्ष देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में सुख समद्वि एवम् प्रकाश फैलानेवाला हो उन्होने देश के विभिन्न प्रांतो में मनाये जा रहे नव वर्ष के लिए शुभकामनाऐं देते हुऐ कहा कि भारत एक उस बगीचे की तरह है जहां भांति भांति के पुष्प लगे है और इन्ही पुष्पो से जिस प्रकार बगीचे की सुन्दरता बढ़ती है उसी प्रकार देश के नागरिको की एकता एवम् आपसी सौहार्द से देश की सुन्दरता बढ़ती है। उन्होने पैरा खेलो में विजेता खिलाड़ियों को बघाई देते हुऐ कहा कि इन दिव्यांग खिलाड़ियों ने हम सब के मस्तक को गर्व से उंचा किया है। देश को इनपर नाज है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की विभिन्न विकास योजनाऐं सांस्कृतिक विरासत एवम् सामाजिक सदभाव की बात की। इस अवसर पर जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, निर्वतमान मण्डल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी, सुरेश सारस्वत, जनऔषधी केन्द्र के संचालक राकेश औझा, मण्डल महामंत्री सुनिलरंजन टकणेत, जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच, जीवराज सिंह राठौड़ उपस्थित रहे।

## रोजा इफ्तार का भव्य आयोजन, सामाजिक समरसता का दिखा अद्भुत नजारा

**सादुलपुर ।** निजी विद्यालयों के संगठन स्वयंसेवी शिक्षा विकास समिति द्वारा व्यापारियन पंचायत में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न समुदायों के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और भाईचारे का संदेश दिया। समिति के उपमंत्री मोहम्मद याकुब ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। इसमें रोजेदार मुस्लिम भाइयों ने उत्साह के साथ भाग लिया और समुदाय के अन्य सदस्यों ने भी उनकी मेहमाननवाजी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में पूर्व मदरसा बोर्ड अध्यक्ष लाल मोहम्मद बियानी, पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियाज मोहम्मद, रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी यासीन खाँ बेग, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन मोहता, पार्षद राहुल पारीक, पार्षद हैदर अली, प्रधानाचार्य इंद्र सिंह राजपूत, शंकरलाल प्रजापत अध्यापक, मोहम्मद अदरीश, रमजान खान, पार्षद प्रतिनिधि सुलेमान एम डी निसार अहमद चौहान, आरिफ बेग मुगल, तालीम पार्षद, अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नवरात्र अनुष्ठान की पुजा अर्चना से शुरू



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र अनुष्ठान सामूहिक शुरू किया गया। आज भारतीय नववर्ष का शुभागमन भी है। इस अवसर पर सभी साधक गण ने सामूहिक गायत्री मंत्र जाप का संकल्प लिया।

नो दिवसीय नवरात्र को गायत्री शक्तिपीठ में ही घट स्थापना कर देव आव्हान कर पंडित राम लाल शर्मा ने पूजा अर्चना करवाई। सभी साधक व्रत और भूमि शयन, ब्रह्मचर्य का पालन संयम आदि का संकल्प कर लघु अनुष्ठान 24000 मंत्रों का जप शुरू किया। प्रतिदिन 6से 8 बजे प्रातः 6 अप्रैल तक यह कार्यक्रम आयोजित होगा। 6अप्रैल को पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ से अनुष्ठान की पूर्णाहुति की जाएगी। कन्या भोज होगा और सभी प्रसाद ग्रहण करेंगे। ज्ञातव्य है कि 1982से स्थापित गायत्री शक्तिपीठ में दोनों नवरात्र अनुष्ठान सामूहिक किए जाते हैं।

आयोजन में भाग लेने वालों में पृथ्वीराज सैनी तहसील संयोजक, शिव भगवान सैनी, सत्यनारायण कनोडिया , मोहनलाल प्रजापत रतन नगर, महेंद्र कुमार कश्यप, सीताराम कश्यप, कालीचरण शर्मा, आनंद सिंह शेखावत, दिनेश लाटा, अर्जुन लाल स्वामी, तेजपाल सिंह राठौड़ कालीचरण शर्मा कमलेश कंवर, रसिया कंवर, शशि कनोडिया आदि थे।

## शिव शक्ति मंदिर में शक्ति सावित्री माता का मंगल पाठ संपन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नई सड़क परिसर में शिव शक्ति मंदिर शनिवार को शक्ति सावित्री माता कोटड़ी धाम वाली का मंगल पाठ श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। शिव शक्ति मंदिर प्रबंधक समिति के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। समस्त स्वर्णकार समाज के भक्तों ने सामूहिक रूप से पूजन-अर्चन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ चूरू विधायक हरलाल सहारण द्वारा गणेश पूजन और अखंड दीप प्रज्वलन से हुआ। इस दौरान महिला थाना प्रभारी कमला भी उपस्थित रहीं और उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंगल पाठ का शुभारंभ किया। मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। मंगल पाठ का वाचन दिनेश सणखत, सुमित सोनी, सुशील सणखत और जयपुर से पधारे महेश बबेरवाल ने किया। शक्ति सावित्री माता के दरबार को भव्य और अलौकिक श्रृंगार से सजाया गया, जिससे मंदिर का वातावरण दिव्य आभा से प्रकाशमान हो गया। महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं की विशेष भागीदारी रही। वे पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर माता के दरबार में पहुंचीं और श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की। चुनड़ी उत्सव और मेहंदी उत्सव में महिलाओं का उत्साह देखने लायक था। भजन-कीर्तन के दौरान महिलाओं ने भक्तिरस में डूबकर भक्ति गीतों पर



नृत्य किया। विशेष रूप से अखंड दीप प्रज्वलन और आरती में महिलाओं ने बड़े श्रद्धाभाव से भाग लिया। भक्ति से सराबोर माहौल कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। श्रद्धालुओं ने मां सावित्री की स्तुति में गाए गए भजनों का रसास्वादन किया और आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। माता के जयकारों से गूंजते मंदिर परिसर में भक्ति का अनोखा संचार देखने को मिला।

भव्य आरती के साथ माता के मंगल पाठ का समापन हुआ। गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान कार्यक्रम के दौरान चूरू विधायक हरलाल सहारण, महिला थाना प्रभारी कमला और मंगल पाठ वाचकों का विशेष रूप से सम्मान किया गया। शिव शक्ति मंदिर प्रबंधक समिति की ओर से विधायक हरलाल सहारण को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। महिला थाना प्रभारी कमला को भी महिला शक्ति की ओर से सम्मान पत्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, मंगल पाठ वाचन करने वाले दिनेश सणखत, सुमित सोनी, सुशील सणखत और महेश बबेरवाल को भी स्मृति चिन्ह और पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। समिति ने उनके योगदान की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों में उनकी भागीदारी की कामना की। श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद धार्मिक आयोजन में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव से माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्तों का उत्साह और श्रद्धा आयोजन की सफलता का प्रमाण था। शिव शक्ति मंदिर प्रबंधक समिति ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में कई गणमान्य व्यक्तियों ने सहयोग किया। फोटोग्राफर राजेंद्र सोनी ने आयोजन को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सम्पूर्ण शारीरिक विकास के लिए खेल जरूरीः सहारण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में रविवार को जिला मुख्यालय पर रन फॉर फिट राजस्थान आयोजित की गई। विधायक हरलाल सहारण व एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने जिला खेल स्टेडियम से रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन जिला खेल स्टेडियम से रवाना होकर नेचर पार्क पहुंची। इस मौके पर संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सम्पूर्ण शारीरिक विकास के लिए खेल जरूरी हैं। खेल और शारीरिक गतिविधियों से ही हम फिट इंडिया व फिट राजस्थान की थीम को साकार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों से खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण व सुविधाएं मिल रही हैं। प्रदेश सरकार द्वारा राजस्थान दिवस को उत्सव रूप में मनाने के लिए रन फॉर फिट राजस्थान का आयोजन सराहनीय पहल है। हमें अपने को नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जोड़कर फिट इंडिया-फिट राजस्थान की थीम को साकार करना है। बसंत शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा ऐसे आयोजन सराहनीय है। खेलों से भाईचारा, अपनत्व व सहयोग की भावना का विकास होता है। इस दौरान जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, डॉ सुनील मेहरा, डॉ विश्वजीत, प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, गोपाल बालाण, सुनील ढाका, हरीश, शारीरिक शिक्षक रामस्वरूप फगेड़िया, ओमप्रकाश फगेड़िया, सुरेंद्र प्रजापत, राजेश ओझा, मनीष राठौड़, सुनील रक्षक, संदीप मील, नानूराम सैनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नव संवत्सर हिन्दुओं का नव वर्ष इसका प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता हैः अशोक गुप्ता

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर आने जाने वाले सभी नागरिकों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा करा कर नव संवत्सर की शुभकामनाएं दी



**अलवर।** भारतीय जनता पार्टी अलवर शहर द्वारा भगत सिंह चौराहे पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर नव संवत्सर 2082 हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर आने जाने वाले सभी नागरिकों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा करा कर नव संवत्सर की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि नव संवत्सर हिन्दुओ का नव वर्ष है इसका प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ब्रह्मा जी ने आज ही के दिन से सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी आज ही के दिन भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था। इस तिथि को अलग-अलग स्थान पर अलग-अलग नाम से भी जाना जाता है जैसे पंजाब में बैसाखी, असम में बिहू, महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, सिंध में चेटीचंड आदि इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महामंत्री गोवर्धन सिसोदिया, जिला मंत्री ऋषिराज शर्मा जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता,प्रवक्ता एडवोकेट जितेंद्र शर्मा, जितेंद्र गोयल, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राठौर,जितेंद्र सैनी, महेश निहलवानी, सतीश यादव, राजेंद्र सिंह शेखावत, सुमन चौधरी, संध्या मीना, महेश मीणा मनोज चौहान,रवि यादव, राजेंद्र सैनी,तरुण जैन,सीताराम किराड, पंडित दीपक शर्मा, सुनील चौधरी, महेंद्र यादव,अंजू शर्मा, सुनीता सैनी रश्मि वशिष्ठ, लखन जोशी, दीनदयाल नायक, रवि राज चौहान, ब्रह्मानंद गुप्ता, देशबंधु शर्मा,विजय सिंह राजपूत,कमलकांत जांगिड़,ओम प्रकाश शर्मा, रामानुज शर्मा, बलवीर चौधरी, यशोधन पाराशर, श्याम यादव,कपिल जैन, बिहार कोली, अशोक खन्ना, सुधा शर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

▶▶ जयपुर, सोमवार, 31 मार्च, 2025 ▶▶ वर्ष 16 ▶▶ अंक 329 ▶▶ पृष्ठ 12 ▶▶ मूल्य 1.50 रु.



देशी गर्ल पहुंची पिंकसिटी, शाही स्वागत

पेज: 10

# मोदी बोले, आरएसएस अमर संस्कृति का वट वृक्ष

## स्वयंसेवक का जीवन निस्वार्थ, हम देव से देश, राम से राष्ट्र का मंत्र लेकर चल रहे





**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय केशव कुंज पहुंचे। वे सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक यहां रहे। उन्होंने संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। बतौर प्रधानमंत्री मोदी की यह संघ मुख्यालय का पहला दौरा था। इससे पहले जुलाई 2013 में वह लोकसभा चुनाव के सिलसिले में हुई बैठक में शामिल होने नागपुर आए थे। प्रधानमंत्री ने संघ के माधव नेत्रालय के एक्सटेंशन बिल्डिंग की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने 34 मिनट की स्पीच में देश के इतिहास, भक्ति आंदोलन, इसमें संतों की भूमिका, संघ की नि:स्वार्थ कार्य प्रणाली, देश के विकास, युवाओं में धर्म-संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा, भाषा और प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा की।

उन्होंने संघ की तारीफ करते हुए कहा, राष्ट्रीय चेतना के लिए जो विचार 100 साल पहले संघ के रूप में बोया गया, वो आज महान वट वृक्ष के रूप में दुनिया के सामने हैं। ये आज भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को लागतार ऊर्जावान बना रहा है। स्वयंसेवक के लिए सेवा ही जीवन है। हम देव से देश, राम से राष्ट्र का मंत्र लेकर चल रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के इतिहास में नजर डालें तो इसमें कई आक्रमण हुए। इतने आक्रमणों के बावजूद भी भारत की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई, उसकी लौ जलती रही। कठिन से कठिन दौर में भी इस चेतना को जाग्रत रखने के लिए नए सामाजिक आंदोलन होते रहे। भक्ति आंदोलन इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

मध्यकाल के उस कठिन कालखंड में हमारे संतों ने भक्ति के विचारों से राष्ट्रीय चेतना को नई ऊर्जा दी। गुरु नानक देव, कबीरदास, तुलसीदास, सूरदास, संत तुकाराम, संत रामदेव, संत ज्ञानेश्वर जैसे महान संतों ने अपने मौलिक विचारों से समाज में प्राण फूंके। उन्होंने भेदभाव के बंधनों को तोड़कर समाज को एकता के सूत्र में बांधा। स्वामी विवेकानंद से लेकर डॉक्टर साहब तक, किसी ने भी राष्ट्रीय चेतना को बुझने नहीं दिया। राष्ट्रीय चेतना के जिस विचार का बीज 100 वर्ष पहले बोया गया था, वह आज एक महान वटवृक्ष के रूप में खड़ा है। सिद्धांत और आदर्श इस वटवृक्ष को ऊंचाई देते हैं, जबकि लाखों-करोड़ों स्वयंसेवक इसकी टहनियों के रूप में कार्य कर रहे हैं। संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा शरीर परोपकार और सेवा के लिए ही है। जब सेवा संस्कार बन जाती है, तो साधना बन जाती है। यही साधना हर स्वयंसेवक की प्राणवायु होती है। यह सेवा संस्कार, यह साधना, यह प्राणवायु, पीढ़ी दर पीढ़ी हर स्वयंसेवक को तप और तपस्या के लिए प्रेरित करती है। उसे न थकने देती है और न ही रुकने देती है।

### पीएम नरेन्द्र मोदी ने माधव नेत्रालय की नई बिल्डिंग की आधारशिला रखी

पीएम मोदी ने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की नई एक्सटेंशन बिल्डिंग की आधारशिला रखी। यह आई इंस्टीट्यूट और रिसर्च सेंटर का एक नया विस्तार है, जिसे साल 2014 में गोलवलकर की याद में स्थापित किया गया था। इस सेंटर में 250 बेड का अस्पताल, 14 आउट पेशेंट डिपार्टमेंट (ओपीडी), और 14 आधुनिक ऑपरेशन थिएटर होंगे।

### हेडगेवार-अंबेडकर को लिखकर श्रद्धांजलि दी

पीएम मोदी ने आरएसएस चीफ मोहन भागवत के साथ संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने दीक्षाभूमि में डॉ. भीवराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

## न्यूज ब्रीफ

### नोएडा: फुटपाथ पर बैठे मजदूरों को लेम्बोर्गिनी ने कुचला

**नोएडा।** दिल्ली से सटे नोएडा के सेक्टर-126 इलाके में रविवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। सेक्टर 94 में बन रहे एम3एम प्रोजेक्ट के पास एक लेम्बोर्गिनी कार ने दो मजदूरों को टक्कर मार दी। कार बहुत तेज रफ्तार में थी और ड्राइवर लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मजदूरों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### जस्टिस वर्मा कैश विवाद: कांग्रेस ने की न्यायिक जवाबदेही की वकालत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के एक जज के घर पर करोड़ों रुपये मिलने की खबरों और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट्स कमीशन को फिर से शुरू करने की बात के बीच, कांग्रेस पार्टी ने न्यायिक जवाबदेही पर एक बिल लाने का संकेत दिया है। हालांकि, कांग्रेस किसी भी ऐसे कानून का समर्थन करने से बच रही है जिससे सरकार को जजों की नियुक्ति पर नियंत्रण मिल जाए। पार्टी चाहती है कि जजों की नियुक्ति के लिए कोई ऐसा तरीका निकाला जाए जिसमें सरकार का दखल न हो।

### गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को खुलेंगे

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण चल रहे हैं। अभी तक रिकॉर्ड लोग चारधाम के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर रोहिणी नक्षत्र में सुबह साढ़े दस बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। उत्तरकाशी जिले में स्थित एक अन्य धाम यमुनोत्री के कपाट भी खोले जाएंगे और इसके साथ ही प्रदेश में चारधाम यात्रा की शुरुआत हो जाएगी।

## मन की बात कार्यक्रम: 120वीं कड़ी

### पीएम मोदी ने देशवासियों को किया संबोधित

# प्रधानमंत्री ने एकात्मता व अखण्डता के सूत्र में देश को पिरोया: सीएम शर्मा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली/जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम की 120वीं कड़ी में देशवासियों को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी मुख्यमंत्री निवास से प्रधानमंत्री के प्रेरक उद्बोधन को सुना।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने चैत्र नवरात्र तथा भारतीय नववर्ष के साथ ही आगामी 13 से 15 अप्रेल के बीच देश के विभिन्न राज्यों में मनाए जाने वाले त्योहारों और पर्वों की देशवासियों को शुभकामनाएं दी। मोदी ने कहा कि हमारे ये त्योहार भले ही अलग-अलग क्षेत्रों में मनाए जाते हैं, लेकिन ये दिखाते हैं कि भारत की विविधता में भी कैसे एकता पिरोई हुई है।

प्रधानमंत्री ने परीक्षा के बाद स्कूलों में होने वाले ग्रीष्मावकाश की चर्चा करते हुए छुट्टियों में बच्चों की रचनात्मक क्षमता को विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने गर्मी के मौसम में जल संरक्षण के महत्व पर बात करते हुए जल संचय जन-भागीदारी अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का भी आह्वान किया। मोदी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वाटर रीचार्ज स्ट्रक्चर के माध्यम से वर्षा जल संचय के प्रयासों की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स में विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उत्साह, लगन और प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने अपनी मॉरीशस यात्रा के अनुभव साझा करते हुए दुनिया के विभिन्न देशों में भारतीय संस्कृति का संरक्षण कर रहे संगठनों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी बात की।प्रधानमंत्री ने अनुपयोगी वस्तुओं और कचरे को रिसाइकल कर उपयोगी सामान बनाने की पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण हितैषी बताया।

मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में बात करते हुए देशवासियों को अपने जीवन में योग को शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग मानवता को भारत की ओर से ऐसा अनमोल उपहार है, जो भविष्य की पीढ़ी के बहुत काम आने वाला है। मोदी ने कहा कि योग के साथ हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद भी दुनिया के विभिन्न देशों में तेजी से लोकप्रिय हो रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी देश वासियों को सदैव अपने विचारों से प्रेरित करते हैं। उनका प्रेरणादायक उद्बोधन सुनकर मन में एक नए उत्साह का संचार होता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से वे भारतीय संस्कृति और परंपरा के बारे में बताने के साथ ही देश में हो रहे चहुंमुखी विकास व सकारात्मक कार्यों के बारे में भी जानकारी देते हैं। सीएम शर्मा ने कहाकि प्रधानमंत्री जी ने देश को एकात्मता और अखण्डता के सूत्र में पिरोया है और मन की बात की इस कड़ी में अपने प्रेरणादायक उद्बोधन के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डाला है।

### चैत्र नवरात्र स्थापना पर...

## सीएम भजनलाल शर्मा ने पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मुख्यमंत्री निवास में विधिवत पूजा-अर्चना कर घटस्थापना की तथा राज राजेश्वरी मंदिर में सपरिवार मां दुर्गा की आराधना की। सीएम भजनलाल शर्मा ने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों के स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### कटक में बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस बेपटरी

## 11 एसी कोच पटरी से उतरे, 1 की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12551) के 11 एसी कोच पटरी से उतर गए। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई।

मेडिकल और इमरजेंसी टीम मौके पर भेजी गई है। हादसा सुबह 11.54 बजे नेरगुंडी स्टेशन के पास हुआ। अधिकारियों ने बताया कि



हादसे की वजह से तीन ट्रेन डायवर्ट की गई हैं। फंसे हुए यात्रियों को कामाख्या ले जाने के लिए विशेष ट्रेन 4.10 बजे घटनास्थल पर पहुंच गई है। इससे पहले ईस्ट कोस्ट रेलवे के पीआरओ अशोक मिश्रा ने बताया था कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। हालांकि एक विजुअल्स में एक घायल स्ट्रेचर पर ले जाए जाते दिख रहा था। इस घटना की जानकारी मिलने पर कटक सदर विधायक प्रकाश चंद्र सेठी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

## स्पाइसजेट प्लेन का टायर फटा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर से चेन्नई गई स्पाइसजेट की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। घटना रविवार (30 मार्च) सुबह की है। चेन्नई एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार टायर में खराबी की सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को मिली थी। इसके बाद अलर्ट जारी किया गया है प्लेन को सुरक्षित उतारा गया। फ्लाइट में क्रू-मेंबर सहित 200 लोग सवार थे। दरअसल, फ्लाइट एसजी, 9046 ने शनिवार देर रात 1 बजकर 55 मिनट पर जयपुर से चेन्नई के लिए उड़ान भरी थी। ढाई घंटे बाद फ्लाइट के पायलट को पता चला की फ्लाइट की टायर में खराबी है। इसके बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट से संपर्क कर चेन्नई में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। सूत्रों के अनुसार पायलट को लैंडिंग से पहले ही पता चल गया था कि फ्लाइट का टायर नंबर दो क्षतिग्रस्त हो गया है। पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट को बताया टायर के कई हिस्से हो चुके हैं। ऐसे में फिलहाल फ्लाइट की नॉर्मल लैंडिंग संभव नहीं है।

## ईद का चांद देखा गया, आज मनेगा त्योहार

**नई दिल्ली।** रमजान के पवित्र महीने के बाद आज देशभर में ईद-उल-फितर का चांद देखा गया। दिल्ली और लखनऊ में चांद दिखने की पुष्टि के साथ ही यह तय हो गया है कि कल, 31 मार्च 2025 को पूरे भारत में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा। देशभर के शहरों में ईद के त्योहार की तैयारियां की जा रही हैं। बाजारों में लोग ईद की खरीदारी के लिए निकल रहे हैं।

### ईद के बाजारों में खरीदारी का माहौल

चांद दिखने के बाद अब ईद की तैयारियां जोरों पर हैं। ईद की तैयारियों के बीच बाजारों में खरीदारी का माहौल गर्म है। दिल्ली



के चांदनी चौक और लखनऊ के अमीनाबाद जैसे बाजारों में देर रात तक लोग खरीदारी करते नजर आए। बच्चों से लेकर बड़ों तक, हर कोई इस त्योहार को लेकर उत्साहित है।

आज सुबह देशभर की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की जाएगी, जिसके बाद लोग एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देंगे। यह त्योहार न सिर्फ खुशियां बांटने का मौका है, बल्कि समाज में एकता और प्रेम का संदेश भी देता है।


# रूसी राष्ट्रपति पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट

## खुफिया एजेंसी एफएसबी के हेडक्वार्टर के पास की घटना; जेलेंस्की ने कहा था, जल्द पुतिन की मौत होगी

**मॉस्को ।** मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट हुआ है। यह धमाका खुफिया एजेंसी एफएसबी के मुख्यालय के बाहर हुआ। यह एक लग्जरी लिमोजिन कार थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कार के इंजन में आग लग गई थी और फिर अंदर फैल गई। हालांकि जिस वक्त ये हादसा हुआ, उस वक्त ये कार पुतिन के काफिले में शामिल नहीं थी और न ही पुतिन इस कार के आस-पास थे।

अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि यह हत्या की साजिश थी या सिर्फ एक हादसा। घटना के



बाद पुतिन की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय में चिंताएं बढ़ गई हैं। 26 मार्च को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया था कि जल्द पुतिन की मौत होगी। राष्ट्रपति पुतिन अक्सर इस लिमोजिन कार का इस्तेमाल करते रहते हैं। उन्होंने नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को भी पिछले साल एक लग्जरी लिमोजिन कार गिफ्ट की थी। इसे रूस में बनाया जाता है। जेलेंस्की ने कहा था- पुतिन की मौत के बाद सब ठीक होगा

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेंस्की ने 26 मार्च को पेरिस में एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि जल्द ही पुतिन की मौत हो जाएगी और फिर सब कुछ (यूक्रेन जंग) खत्म हो जाएगा। यह एक फैक्ट है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, पुतिन जिंदगी भर सत्ता में बने रहना चाहते हैं। उनकी महत्वाकांक्षाएं यूक्रेन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका पश्चिमी देशों से भी सीधा टकराव हो सकता है।

## अब टोंगा में 7.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

**टोक्यो।** प्रशांत महासागर में स्थित टोंगा में 7.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। इस कारण वैज्ञानिकों ने टोंगा और आसपास के इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की, लेकिन बाद में इसे हटा लिया गया। ताजा झटके थाईलैंड और म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लगे हैं, जिनमें हजारों लोगों की मौतें हुई हैं। सबसे ज्यादा तबाही म्यांमार में मची है, जिसमें अब तक 16 00 से अधिक लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। माना जा रहा है कि अभी भी सैकड़ों लोग मलबों में फंसे हुए हैं, जिन्हें बाहर निकालना बाकी है।

यूएस भूगर्भीय सर्वेक्षण ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सोमवार की सुबह मुख्य द्वीप से



लगभग 100 किलोमीटर (6 2 मील) उत्तर-पूर्व में आया। हवाई में प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि खतरनाक लहरें संभव हो सकती हैं, लेकिन बाद में कहा कि अब सुनामी का कोई खतरा नहीं है। तालनोआ ओ टोंगा समाचार साइट के अनुसार, सुबह 1.18 बजे आए भूकंप के बाद सुनामी सायरन सुनाई दिए, जिसमें निवासियों से अंतर्देशीय क्षेत्रों में जाने का आग्रह किया गया। क्षति की आरंभिक रिपोर्ट नहीं थी।

## राजस्थान की गौरवशाली परम्पराओं का सम्मान करने की ली शपथ

### राजस्थानी पगड़ी में नजर आए शिक्षक एवं छात्राएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में शनिवार को नो बैग डे पर राजस्थान दिवस कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.सुशीला बलौदा ने राजस्थान के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। शूरवीरों की धरती को नमन करते हुए उन्होंने प्रदेश के विकास एवं खुशहाली की कामना की। वरिष्ठ अध्यापक नवाब खान ने राजस्थान की गौरवशाली परम्पराओं का सम्मान करने की शपथ दिलाई। छात्राओं ने राजस्थानी गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शिक्षक एवं छात्राएं राजस्थानी साफे में नजर आई। प्राचार्य अरुणा वशिष्ठ सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## सैनिक कॉलोनी श्री बालाजी मंदिर विकास समिति की साधारण सभा की बैठक हुई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** श्री बालाजी मंदिर विकास समिति सैनिक कॉलोनी की साधारण सभा की बैठक समिति अध्यक्ष रणजीत सांगवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई आयोजित बैठक



में कोषाध्यक्ष सतवीर कड़वासरा ने वित्त वर्ष 2024 25 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। साधारण सभा में वित्त वर्ष 2024 25 के लेख का अनुमोदन किया भामाशाह राकेश पूनिया सुलखनिया अध्यक्ष जाट भवन ने मंदिर परिसर में 20 बाई15 फुट हाल मय बरामदा निर्माण करवाने की घोषणा की डॉ जयलाल झाझडिया निदेशक झाझडिया हॉस्पिटल ने मंदिर परिसर में एक वाटर कूलर मय टंकी लगवाने की घोषणा की इस अवसर पर पुलिस के पूर्व वरिष्ठ हैंड रहे एवं पत्रकार रामप्रसाद कोठारी, सचिन बलवान शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, खडक़ सिंह पूनिया, सुरेंद्र पूनिया मारवाड़, सुमेर गोदारा, रण सिंह कड़वासरा, विनोद नैण ,लालचंद कालेरा,डॉ.जय लाल झाझडिया व विजय पूनिया आदि उपस्थित थे।

## जैन धर्म मानवता का धर्म हैं जो हर प्राणी और जीव मात्र के कल्याण के लिए सोचता हैं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पूरे विश्व में शांति , सामंजस्य और सौहार्द के लिए विश्व नवकार महामंत्र दिवस का आयोजन आगामी 09-04-25 को पूरे विश्व के 6000 जगह पर किया जा रहा हैं । इन सभी स्थानों पर सामूहिक नवकार महामंत्र




का जाप किया जाएगा । नवकार महामंत्र गुण प्रधान हैं न की धर्म प्रधान । इस चेतना के लिए चूरू में नवकार कलश रथ यात्रा निकाली गई, जो पूरे राजस्थान प्रदेश से होती हुई आ रही है और विश्व में शांति , सौहार्द, सामंजस्य बढ़े इस भावना को वयक्त कर रही है । इस रथ यात्रा में आज तेरापंथ सभा के अध्यक्ष नरेंद्र कोठारी व अणुव्रत समिति अध्यक्ष रचना कोठारी ने सक्रिय भूमिका निभाई व रथ यात्रा तेरापंथ भवन से सच्चियाय माता मंदिर तक इस संदेश को प्रेषित करते हुए चली। इस नवकार कलश रथ यात्रा में महावीर लखेरा, मुस्कान कोठारी, हेमराज कोठारी, शुभकरण कोठारी उमराव कोठारी नानू सिंघी राजश्री सिंघी उर्मिला कोठारी, मुन्नी देवी डागा, छतर सिंह डागा, प्रवीण बेद, संजय बरडिया, सुरेंद्र कोठारी, विकास बेद, चैनरूप बेद, आदि सभी लोगों ने हिस्सा लिया। आप श्री से अनुरोध हैं की इस पुण्य कार्य में अपना सहयोग देवे और आगामी 09-04-25 को चूरु क्षेत्र में नवकार महामंत्र के आयोजन मैं शामिल होकर इस दिन को ऐतिहासिक बनाएं।

## महर्षि गौतम न्याय शास्त्र रचयिता की जयंती मनाई

सादुलपुर। वर्ष प्रतिपदा 2082नव वर्ष महर्षि गौतम न्याय शास्त्र रचियता की



जयंती हरिराम बाबा के मंदिर मे गुजर गोड़ विप्र समाज ने जगदीश वत्स की अध्यक्षता मे मनाई गई गौतम ऋषि ने ही तपस्या कर त्रयम के स्वर महादेव शिव की स्थापना की थी समाज क़े महिला पुरुष ने आरती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया एडवोकेट बृजमोहन ने विचार व्यक्त किये इस अवसर पर मदन लाल उपाध्याय ओमप्रकाश शंकर लाल पवन सरोज सीता माता व पुष्पा माता मौजूद थी।

# अजमेर के विभिन्न क्षेत्रों में जुलूस का जगह-जगह भव्य स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अजमेर।** पूज्य झूलेलाल जयन्ती समारोह समिति द्वारा चलाये जा रहे चेटीचंड पखवाड़ा महोत्सव के नवें दिन चेटीचंड उत्सव पर प्रभात फेरी, झांकियां, हवन, मुण्डन, जनेउ, टिप्पणे का विमोचन, प्रसाद वितरण के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पंचायतों व संस्थाओं द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया।

सिन्धी समाज महासमिति, अजमेर, भारतीय सिन्धु सभा अजयमेरू, सिन्धु समिति अजमेर, अजमेर सिंधी सेंट्रल महासमिति, अजयनगर सिन्धी समाज, वैशाली सिन्धी सेवा समिति, पूज्य सिन्धी पंचायत, पंचशील, आदर्श सिन्धी पंचायत, आदर्श नगर, सिन्धी लेडिज क्लब अजमेर, सिन्धु विकास समिति, चंदवरदायी, सिन्धु सोशल वेलफेयर सो. नाका मदार, श्री अमरापुर सेवा घर, कोटड़ा, सिन्धु ज्योति सेवा समिति, अजमेर, झूलेलाल सेवा समिति, जे.पी. नगर, चन्द्र रूपाणी एण्ड पार्टी, अजमेर, नवयुवक सेवा मण्डल-आशा गंज, पूज्य सिन्धी पंचायत धोला भाटा, संत कंवरराम मंडल, अजमेर, श्री आलकेश्वर महोदव मंदिर अम्बे विहार, सिन्धी समाज रामगंज, अजमेर, क्षेत्रिय सिन्धी समिति फायसागर रोड, सिन्धी इतिहास व साहित्य शोध संस्थान, पूज्य सिन्धी पंचायत शास्त्री नगर, सिन्धी बोली विकास समिति, द स्मार्ट



अजमेरियन, अजमेर, राष्ट्रीय जन सेवा समिति परिवार, ऑल इण्डिया स्मॉल एण्ड मीडियम जर्नलस्टि वेलफेयर एसोसिएशन, पडाव परचूनी किराना एसोसिएशन, हरी सुन्दर उच्च माध्यमिक विद्यालय, सन्त कवंरराम उ.मा. विद्यालय, स्वामी सर्वानन्द विद्यालय, सुधार सभा ने चेटीचंड जुलूस का स्वागत किया।

**पदाधिकारियों द्वारा किया गया स्वागतः** कंवल प्रकाश किशनानी, महेन्द्र कुमार तीर्थाणी, लाल नाथानी, महेश तेजवाणी, नरेन शाहणी भगत, भगवान कलवाणी, गिरधर तेजवाणी, हरीश झामनाणी, ईश्वर ठाराणी, गुरबक्ष मीराणी, नारायणदास थदाणी, रामचन्द गुलाबाणी, कुसुम आर्य, प्रकाश मूलचन्दाणी, दयाल शेवाणी, भगवान चन्दीराम, जी.डी. वृंदाणी, दिशा किशनानी, जगदीश अबीचंदाणी, शंकर बदलानी, रमेश टिलवाणी, पुष्पा साधवाणी नरेन्द्र बसराणी मंघाराम भिरयाणी, अजीत पमनाणी, प्रकाश जेठरा, ओम हीरानंदाणी, के.टी.वाधवाणी, अंजली हरवाणी, गोविन्द छतवाणी, रमेश वलीरामाणी आसनदास पारवाणी, जयप्रकाश मंघाणी, महेश ईसराणी, रमेश एच. लालवाणी, कमल शाहणी, विनोद आसनाणी,सोनू निरंकारी, अनिल आसनाणी, राजेश किशनाणी, चन्द्र रूपाणी, पुरूषोतम तेजवाणी, कैलाश लखवाणी, हरकिशन टेकचन्दाणी, जयकिशन लख्याणी, मोती जेठाणी, दीपक साधवाणी, नारी वाघाणी, दिनेश मुरजाणी, मधुष चौधरी, एम.टी. वाधवाणी, तुलसी सोनी, मनोज भंभाणी, महेश टेकचंदाणी, प्रकाश हिंगोराणी, रमेश मेंघाणी, चन्दर नावाणी, हरिराम कोडवाणी, मोहन चेलाणी, मोहन लालवाणी, बलराम हरलाणी, सुनील मोतियाणी, ईसर भम्भाणी, महेन्द्र (राजू) मनकाणी, गोविन्द मनवाणी, प्रेम केवलरामाणी, किशन बालाणी, रमेश चेलाणी,घनश्याम भगत, देवीदास साजनाणी, डॉ. भरत छबलाणी, मोहन तुल्सियाणी, हरीश केवलरामाणी, मोहन कोटवाणी, राम केसवाणी, ईश्वर मूलचन्दाणी, डॉ. लक्ष्मी ठाकुर, कमला गोकलाणी, हेमलता खत्री, रश्मि हिंगोराणी, निशा जेसवाणी, महेश्वरी गोस्वामी, सरस्वती मूरजाणी, रूकमणी वतवाणी, शांता भिरयाणी, कौशल्या कुंदनाणी, श्वेता शर्मा, निशा भाटिया, कमला विधाणी, गौरव मीरवाणी, सतीश कलवाणी, गिरीश लालवाणी, सोना धनवाणी, किशोर कन्हैया लाल, दिलीप भूराणी, खेमचन्द नारवाणी, वासुदेव कुंदनाणी, डॉ. राजेश टेकचंदाणी, महेश चोटराणी, दिलीप थदाणी, दिलीप बूलचंदाणी, दौलत लौंगाणी, दिलीप मंघनाणी (शक्कू), भरत गोकलाणी, किशोर टेकवाणी, अजीत मूलाणी, लक्ष्मणदास दोलताणी, महेश सुजनाणी, घनश्याम टेहलीयाणी, राजेन्द्र प्रसाद जयसिंगाणी, भीष्म मोदियाणी, राजेश गिदवाणी, गोविन्द मनवाणी, ओमप्रकाश देवाणी ने स्वागत किया।

## सीआई राजेश सिहाग एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में प्रमुख स्वयंसेवी संगठन सौरव एनएसएम यूथ जागृति संस्थान की ओर से विशेष कार्यक्रम रखा गया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष नीलम पूनियां के पुत्र सौरव की 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह भी हुआ। समारोह की अध्यक्षता जयपुर के विकास फाउंडेशन निदेशक विकास सिरोही ने की तथा अतिथि गण वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, चूरू के विधायक हरलाल सहारण एवं पद्मभूषण देवेंद्र झाझडिया थे कार्यक्रम में पूर्व उप जिला प्रमुख सुरेंद्र स्वामी, जिला मंत्री कौशल पूनियां, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड़,

## हिन्दू नववर्ष धूमधाम से मनाया

### तिलक लगाकर दी नवरात्रा पर्व और नव वर्ष की शुभकामनाये

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** रविवार को हिन्दू नव वर्ष नवसंवत्सर के रूप में धूमधाम से



मनाया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद द्वारा होलिका चौक पर भारत माता और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर लगाकर दरबार सजाया गया और भगवा पताका फहराई गई। होलिका चौक पर परिषद के कार्यकर्ताओ द्वारा राहगीरो को तिलक लगाकर नवसंवत्सर और नवरात्रा पर्व की बधाई दी गई। भारत विकास परिषद के कार्यकर्ताओ द्वारा वाहन चालकों व राहगीरों को रोली का तिलक लगाया गया। हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शनिवार रात्रि भारत विकास परिषद के कार्यकर्ता ने भजन संध्या और हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया जिसमे अनेक लोगो ने भाग लिया । होलिका चौक पर आयोजित इस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के ओम प्रकाश स्वामी ,बजरंग लाल स्वामी, राजकुमार सरावगी, पवन जाखड़, सुभाष स्वामी, राजपाल वर्मा, कन्हैया लाल दायमा, राधेश्याम शर्मा, बसंत तोसनीवाल समेत अनेक कार्यकर्ताओ ने राहगीरो को तिलक लगाकर नवरात्रा पर्व और हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी । परिषद के कार्यकर्ता ने नागरिकों को सहयोग, समर्पण और संस्कार की सीख दी।

# राजस्थान दिवस पर रन फॉर फीट राजस्थान का आयोजन, युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

### युवाओं के साथ जिला कलेक्टर, जनप्रतिनिधियों ने भी लगाई दौड़

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** रविवार को राजस्थान दिवस 2025 के अवसर पर हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय पर रन फॉर फीट राजस्थान दौड़ का आयोजन किया गया। जिलेभर के युवाओं, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों सहित सभी उम्र के लोगों ने इसमें भाग लिया। रविवार को प्रातः यह दौड़ राजीव गांधी स्टेडियम से प्रारंभ होकर जाट कन्या छात्रावास, करणी चौक, अबोहर बाईपास मार्ग, स्टेडियम की बाउंड्री, जिला परिषद, जिला कलक्ट्रेट, परशुराम चौक से होते हुए पुनः राजीव गांधी स्टेडियम पर संपन्न हुई। दौड़ को जिला कलेक्टर काना राम ,विधायक




गणेशराज बंसल, भाजपा ज़िलाध्यक्ष प्रमोद डेलू, भाजपा नेता अमित सहू ने हरी झंडी दिखाई। युवाओं के साथ ही जिला कलेक्टर, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी दौड़ लगाई। इस दौड़ में आयु के अनुसार तीन वर्गों 14-18 वर्ष, 18-45 वर्ष महिला/पुरुष, और 45 वर्ष से अधिक के विजेताओं को सम्मानित किया गया। दौड़ के उपरांत जिला कलेक्टर ने राजस्थान दिवस एवं मानस नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। जिला कलेक्टर ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाए। नशे से दूर रहे तथा आमजन को इसके लिए प्रेरित करें। इस मौके पर जिला कलेक्टर सहित सीईओ ओपी बिश्नोई, जनप्रतिनिधि विकास गुप्ता, सीडीईओ पन्नालाल कड़ेला, नगरपरिषद आयुक्त सुरेंद यादव, कृषि मार्केटिंग उपनिदेशक देवीलाल कालवा, जिला खेल अधिकारी शमशेर सिंह मौजूद रहें।

# श्री छावणी नरेश बालजी सेवा समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम पर रूपरेखा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री छावणी नरेश बालाजी सेवा समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर होने वाले कार्यकर्मो को लेकर रविवार को अमित कुमार महमिया की अध्यक्षता मे महमिया निवास पर बैठक आयोजित की गईं जिसमे मुख्यरूप से 11अप्रेल को समिति द्वारा लड्डु गोपाल व निशान यात्रा की त्यारी पर चर्चा की गई।

सेवा समिति के व्यवस्थापक शशिकांत महमिया ने बताया की बैठक मे 11अप्रेल को सायं 3बजे श्री श्याम मंदिर धाम से निकलने वाली लड्डु गोपाल व निशान यात्रा मे भाग लेने वाली महिलाओ का रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ कर दिये गये है जो महिला शोभा यात्रा मे लड्डु गोपालजी व निशान लेकर भाग लेना चाहती है वह मंदिर से व रिंकी पंसारी से निशुल्क रजिस्टेशन कराकर कूपन प्राप्त कर सकती है।महमिया ने बताया की प्रति वर्ष की भांति इस बार भी यात्रा मंदिर पहुंचने के पश्चात दिये गये कूपन मे से लक्की ड्रा निकले जायेगे। बैठक मे



12 अप्रेल को होने वाले नवचंडी महायज्ञ पर भी चर्चा की जिसमे मुख्य यजमान प्रमोद कुमार खांडेलिया बनाया गया है था पहले दिन अखंड रामायण का मुख्य यजमान नन्द किशोर जालान होंगे। दो दिवसीय इस आयोजन को सफल बनाने के लिये सभी कार्य कर्ताओ को अलग अलग जिम्मेदरिया सौपी गईं है।

बैठक मे शोभायात्रा के रूट पर चर्चा हुई जिसमे शोभा यात्रा श्याम मंदिर से प्रारम्भ होकर आदर्श बाल निकेतन, चुणा चौक, गाँधी चौक से मोदी रोड़ होते हुए कमल हाइट्स के पास से बावलिया की बगिची से गाँधी पार्क के पास से खादी भंडार के सामने से छावणी बाजार मे मंदिर परिसर पहुँचेगी। रास्ते मे समाज सेवकों द्वारा स्टाल लगाकर पेय पदार्थ की भी व्यवस्थाओ पर भी चर्चा की गईं। बैठक मे वरिष्ठ कार्यकर्त्ता प्रमोद खांडेलिया, तरुण खंडेलिया, कन्हया लाल पंसारी, रिंकी पंसारी, अमित महमिया, तनुष महमिया, नन्द लाल सोनो, बजरंग लाल सोनी, नीलेश महमिया, अभिषेक शर्मा सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी थे।

## राजस्थान दिवस पर स्वर साधना ग्रुप का विशेष गीत हुआ लॉन्च

**बाड़ी।** राजस्थान दिवस के शुभ अवसर पर स्वर साधना ग्रुप एंड क्लासेस ने एक विशेष गीत लॉन्च किया है, जो प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली इतिहास को समर्पित है।

इस गीत के लेखक प्रसिद्ध कवि रामवकील प्रताप हैं। जिन्होंने अपनी कलम से राजस्थान की शौर्यगाथा को जीवंत किया है। और गीत को सुरों से सजाने का कार्य प्रतिभाशाली गायिकाओं राशि अग्रवाल,तनुजा बघेल और रजनी सिंघल ने किया है। जिन्होंने अपनी सधी हुई आवाज से इसे भावनात्मक ऊंचाइयों तक पहुँचाया। संगीत के प्रति उनके समर्पण और उत्कृष्ट गायन ने इस गीत को और भी प्रभावशाली बना दिया। लोक संगीत की मिठास को बनाए रखने के लिए अमन शर्मा ने ढोलक पर बेहतरीन संगत दी।



### राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव जिला स्तरीय कार्यक्रम

## ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने पर राधा बड़ी सरपंच को किया सम्मानित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव की श्रृंखला में शनिवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा एवं सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना की अध्यक्षता में टाउन हॉल चुरु में आयोजित हुआ यह कार्यक्रम वीसी के जरिए प्रदेश के कार्यक्रम से जुड़ा रहा इस दौरान जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा की प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सरकार समग्र प्रयास कर रही है सुशासन और विकास उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की चूरू विधायक हरलाल सहारण ने भी अपने विचार रखें एवं कहा की प्रदेश में डबल इंजन की सरकार मजबूती से विकास कार्य कर रही है और प्रदेश का मजबूती से विकास हो रहा है कार्यक्रम के तहत चुरू जिले की विरासत एवं वनस्पति के बारे में भी चर्चा की गई इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त की राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में हुए साप्ताहिक महोत्सव कार्यक्रम में टाउन हॉल मे राधा बड़ी ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने एवं ग्राम पंचायत का समग्र विकास के प्रति अपनी अहम भूमिका निभाने में अग्रणी रहे समाजसेवी एवं भामाशाह सरपंच रामनिवास मितड को जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना एवं जिला प्रमुख वंदना आर्य चूरू विधायक हरलाल सारण व भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा की मौजूदगी में सम्मानित किया गया सरपंच ने सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया एवं ग्राम पंचायत में अपने कार्यकाल में और भी अधिकाधिक विकास कार्य करवाने का आश्वासन दिया इस कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं भाजपा के चूरू विधायक हरलाल सहारण एवं पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पटवारी-बीमा कंपनी ने सर्वे क्रॉप कटिंग से किया गेहूं की फसल का आंकलन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तहसील के हरियाणा निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र भाकरां में गेहूं की फसल तैयार होते ही फसल कटाई का कार्य शुरू होने जा रहा है किसानों को फसल में हुए नफे नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा मिले इसको लेकर पटवारी और बीमा कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा



खेतों में गेहूं फसल की क्रॉप कटिंग की जा रही है पटवारी बलवीर लूनिया ने बताया की तहसील के राधा बड़ी ग्राम के गांव भाकरां रोही में आवंटित खसरा संख्या 123 कृषक बनवारी लाल के खेत में क्रॉप कटिंग की गई बीमा कंपनी के प्रतिनिधि प्रीतम कुमार ने बताया की ग्राम पंचायत के प्रत्येक गांव में 5 बाई 5 मीटर का फील्ड नाप कर उस फसल की कटाई करके बंडल बनाकर गिल्ली फसल का नापतोल किया जाता है इसके बाद थ्रेशिंग कर बीज दाने निकाले जाते हैं फिर उस दोनों को तौलकर कर उसका उत्पादन औसत निकालते हैं इस आधार पर किसानों को फसल खराबे का मुआवजा और क्लेम मिलता है सहायक रजनीकांत रजनीकांत लूनिया ने कहा कि काश्तकारों को फसल खराबे की सूचना सही समय पर देनी चाहिए उन्होंने बताया कि किसानों को मृदा परीक्षण कराने और समय पर उर्वरक संतुलन बनाए रखने का आग्रह किया जिससे आने वाले समय में फसल उत्पादन को बेहतर किया जा सके इस दौरान पटवारी बलवीर लूनिया सहायक रजनीकांत लूनिया बीमा कंपनी प्रतिनिधि प्रीतम सिंह व काश्तकार सुमन देवी प्रियंका भी मौजूद रही।

## समाजसेवी श्याम जैन का अभिनंदन

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं जैन समाज के सेवाभावी व्यक्तित्व श्याम जैन का शनिवार रात्रि को अभिनंदन किया गया। महाराणा प्रताप चौक के पास स्थित सेठिया भवन सादुलपुर में



आचार्य श्री महाश्रमण की वरिष्ठ शिष्या शासनश्री साध्वी विद्यावती के सानिध्य में कार्यक्रम में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा की ओर से श्याम जैन के लिए यह आयोजन रखा गया। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष अमरचंद कोठारी ने अभिनंदन पत्र का वाचन करते हुए कहा कि आज के समय में अर्थ की कमी नहीं है कमी है तो सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं की है। हमें गर्व और गौरव है कि यहां के समाज में श्याम जैन जैसे वरिष्ठ समर्पित कार्यकर्ता निस्स्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सभा अध्यक्ष कोठारी के साथ मंत्री विनोद कोचर, तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष प्रमोद दूगड़ सहित कन्हैयालाल मालू, खुमाणचन्द धाडेवा, संदीप घोड़ावत, जगत सिंह कोठारी, किशन धाडेवा, श्रवण कोचर, नवीन सेठिया आदि ने श्याम जैन को अभिनन्दन पत्र तथा अष्ट मंगल रजत प्रतीक चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन तेरापंथ महिला मंडल की मंत्री ऊषा दुगड़ ने किया।

## ब्रह्माकुमारी आश्रम में गुड्डी पूरवा भारतीय नव वर्ष धूमधाम से मनाया

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में नवरात्री क़े प्रथम दिन प्रजापिता ब्राह्मकुमारी



ईश्वरीय विश्व विद्यालय सादुलपुर मे गुड़ी पुरवा व भारतीय नव वर्ष पर्व को धूम धाम से मनाया गया बीके शोभा बहिन ने गुड़ी परवा का अर्थ व महत्व बताया प्रताप भोजानिया व एडवोकेट बृजमोहन शर्मा ने विचार व्यक्त कीये इस अवसर पर डॉ राजेंद्र, शीशराम प्रजापत,सुरेश ,जगदीश आदि उपस्थित रहे।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने के निर्णय के लिए साधु-संतों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जताया आभार

## साधु-संतों ने मुख्यमंत्री के फैसले को बताया ऐतिहासिक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाए जाने की महत्वपूर्ण घोषणा के क्रम में रविवार को सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किए गए हैं। राज्य के देवस्थानों में राजस्थान दिवस पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। भारतीय रीति-नीति से राजस्थान दिवस मनाने की इस पहल पर देश व प्रदेश के साधु, संतों, महंत व आचार्यों ने संदेश भेजकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया है।

### » राजस्थान दिवस पर साधु-संतों की ओर से मुख्यमंत्री को बधाई संदेश

बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान स्थापना दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाने का जो प्रण लिया है, वह बेहद अनूठा है। मुख्यमंत्री का यह निर्णय सनातन संस्कृति के लिए नई पहल, परंपरा और नवाचार है। साथ ही, उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति को भी दिखाता है। उन्होंने नवसंवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाये जाने की शुरुआत के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया।

आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान स्थापना दिवस को सनातन संस्कृति के अंतर्गत नव संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर मनाने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। इसके लिए वे मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हैं।

आचार्य श्री गौरव कृष्ण गोस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के फैसले से 75 वर्ष बाद चैत्र माह शुक्ल पक्ष प्रतिपदा नवसंवत्सर को राजस्थान स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस संबंध में जब उन्हें जानकारी प्राप्त हुई तो बेहद प्रसन्नता हुई। यह निर्णय सभी को गौरवान्वित करने वाला है। इस निर्णय के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को साधुवाद दिया।

सतपाल महाराज ने राजस्थान स्थापना दिवस को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर मनाने के लिए राजस्थान वासियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के इस निर्णय से राजस्थान का मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

परमार्थ निकेतन, हरिद्वार के संत निरंजन स्वामी ने कहा किराजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बड़ा निर्णय लेते हुए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवसंवत्सर पर राजस्थान स्थापना दिवस मनाने का जो निर्णय लिया, इसके लिए वे मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हैं।

गणेश मंदिर मोती डूंगरी के महन्त श्री कैलाश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से राजस्थान दिवस संवत् 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जा रहा है। इसके लिए समस्त राजस्थान वासियों की ओर से मुख्यमंत्री का धन्यवाद।

हाथोज धाम से स्वामी बालमुकुन्दाचार्य ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की पहल से विक्रम संवत् 2082 नवसंवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाया जा रहा है। इस फैसले से भारतीय संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

गणेश मंदिर, रणथम्भौर के महंत हिमांशु शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाने के निर्णय से सनातन संस्कृति को नवीन ऊर्जा मिली है। इस फैसले के लिए मुख्यमंत्री का बहुत-बहुत धन्यवाद।

सालासर बालाजी के पुजारी मांगीलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का राजस्थान दिवस को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन मनाने का निर्णय बेहद ऐतिहासिक है, जिसके लिए वे मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं।

त्रिपुरा सुंदरी मंदिर के ट्रस्टी कांतिलाल पंचाल ने कहा कि मुख्यमंत्री की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाने की पहल बेहद सराहनीय है।

ब्रह्मा जी मंदिर, पुष्कर के पुजारी श्री कृष्णगोपाल वशिष्ठ ने कहा कि अब तक राजस्थान दिवस 30 मार्च को मनाया जाता रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्णय से इसे पुन: चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन मनाया जाएगा, जो कि राजस्थान वासियों के लिए हर्ष और गौरव का विषय है।

जीण माता मंदिर, सीकर के पुजारी दीपक पाराशर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाने का फैसला प्रदेश ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण सनातन संस्कृति के लिए सराहनीय कदम है।

महाकालिका शक्तिपीठ, ऋषभदेव के पीठाधीश्वर भरत भूषण जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा का राजस्थान दिवस को अंग्रेजी कैलेण्डर की जगह हिन्दी कैलेण्डर के अनुसार मनाने का निर्णय राजस्थान वासियों के लिए सम्मान का विषय है। उन्होंने भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने वाले इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

बेणेश्वर पीठ के महंत अच्युतानंद महाराज ने कहा कि सनातन पंचांग के अनुरूप मुख्यमंत्री का राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाने का निर्णय स्वागत योग्य है। इस निर्णय से सनातन संस्कृति और अधिक मजबूत बनेगी।

गोपाल पुरूषोत्तम आश्रम, चित्तौड़गढ़ के श्री श्री 1008 श्री सुदर्शनाचार्य महाराज ने कहा कि 30 मार्च 1949 के बाद पहली बार मुख्यमंत्री शर्मा के प्रयासों से नवसंवत्सर एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने की अभूतपूर्व पहल हुई है। उन्होंने संत समाज की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# गणगौर महोत्सव आज, त्रिपोलिया गेट से निकलेगी सवारी

## शोभायात्रा पर पहली बार ड्रोन से होगी पुष्पवर्षा, 200 एलईडी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण किया जाएगा

**जयपुर।** राजस्थान की संस्कृति और आस्था से जुड़े गणगौर महोत्सव को इस बार और भव्य रूप में मनाने की तैयारी की गई है। पर्यटन विभाग की ओर से शोभायात्रा में कलाकारों की संख्या बढ़ाने के साथ कई नए आकर्षण जोड़े गए हैं। इस बार पहली बार ड्रोन के जरिए पुष्पवर्षा की जाएगी और प्रदेशभर में 200 एलईडी स्क्रीन पर शोभायात्रा का सीधा प्रसारण होगा। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया- गणगौर की सवारी 31 मार्च और 1 अप्रैल को शाम 5.45 बजे से निकाली जाएगी। इस बार शोभायात्रा में 250 लोक कलाकार हिस्सा लेंगे। सजी-धजी पालकियों, ऊंट, घोड़ों और हाथियों के लवाजमे की संख्या में भी 50 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है।

**शोभायात्रा में यह होंगे खास आकर्षण:-** अतिरिक्त हाथी, 12 घोड़े (लांसर्स पंचरंगा झंडा लिए हुए), 6 सजे-धजे ऊंट और 2 विक्टोरिया बग्गी शामिल की जाएंगी। पंखी, अडानी और चढ़ी धारक समेत 24 लोगों का दल पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा का हिस्सा बनेगा। अरवाड़ा संप्रदाय के अनुयायी अपनी पारंपरिक प्रस्तुति देंगे।छोटी चौपड़ पर विशेष आयोजन: गणगौर माता की सवारी के स्वागत के लिए तीन भव्य मंच बनाए जाएंगे। दो मंचों पर लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी, जबकि तीसरे मंच पर गणगौर माता की पूजा और पुष्पवर्षा की जाएगी। पुलिस बैंड और घूमर नृत्य की विशेष प्रस्तुति होगी।

ड्रोन से पुष्पवर्षा, लाइव प्रसारण भी होगा तालकटोरा में राजस्थानी लोक कलाकारों की प्रस्तुति होगी। हिंद होटल टैरेस पर 500 पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें 200-300 विदेशी पर्यटकों के लिए अलग से स्थान तय किया गया है।




# राजस्थान दिवस पर ऐतिहासिक धरोहर को समर्पित ग्रैंड हेरिटेज चेज़-कार रैली का भव्य आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से 'द ग्रैंड हेरिटेज चेज़-कार रैली' का भव्य आयोजन किया गया। अमर जवान ज्योति से इस रोमांचक कार रैली का फ्लैग ऑफ पर्यटन विभाग के सचिव एवं आयुक्त रवि जैन ने किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष राजस्थान दिवस को बड़े स्तर पर उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, जिससे लोक कला, संस्कृति और सामाजिक उत्थान को नई दिशा मिलेगी।

राजस्थान पर्यटन विभाग और इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स, राजस्थान चैप्टर के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस अनूठी कार रैली में 30 से अधिक कारों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागी जयपुर के ऐतिहासिक स्थलों से गुजरते हुए विभिन्न सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहेलियों को हल करने और चुनौतियों का सामना करने के लिए उत्साहित नजर आए। इस रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हवा महल, आमेर किला, जंतर-मंतर सहित विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों से जुड़े रोचक संकेतों और चुनौतियों को हल किया। इस आयोजन का समापन जयपुर के होटल फेयरमोंट में एक भव्य समारोह के साथ हुआ, जहां विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

आईसीसी राजस्थान चैप्टर की अध्यक्ष जयश्री पेडीवाल ने इस आयोजन को राजस्थान की धरोहर-आधारित आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यटन को नई दिशा देने के साथ-साथ प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप से प्रस्तुत करने में सफल रहा है बल्कि स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगा।

# 151 कुंडीय नव संवत्सरेष्टि यज्ञ महोत्सव में गूंजे श्रद्धा व आस्था के जयकारे

**जयपुर।** आर्य वीर दल जयपुर, देव भूमि सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान व आर्य समाज वैशाली नगर व पतंजलि योग समिति जयपुर के सहयोग से आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस व नववर्ष के अवसर पर 151 कुंडीय नव संवत्सरेष्टि यज्ञ महोत्सव रविवार को वैशाली नगर, हनुमान नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र में आयोजित हुआ। सीकर के पूर्व सांसद सीकर स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के सानिध्य में महोत्सव में यजमानों ने विश्व में शांति व खुशहाली की कामना के साथ यज्ञ में आहुतियां दी। करीब 6 घंटे से अधिक चले इस आयोजन में मंत्रों की स्वर लहरियों से आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया।

# ईद-उल-फितर पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने ईद-उल-फितर (31 मार्च) के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उत्सव पर निकला संघ का विशाल पथ संचलन

# समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर संघ की प्रत्येक शाखा सर्वस्पर्शी एवं सर्वव्यापी बनें : निम्बाराम





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जयपुर महानगर के ऋषि गालव भाग की ओर से वर्ष प्रतिपदा उत्सव एवं विशाल पथ संचलन के अवसर पर क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि स्वयंसेवक प्रतिदिन शाखा में संस्कार सीखते हुए अथवा उनका पुनर्स्मरण करते हुए, अपने दैनंदिन जीवन में उनका प्रकटीकरण करते हैं। वे मन, वचन और कर्म से राष्ट्र-देव की आराधना करते हुए, नित्य बोले जाने वाली प्रार्थना के अनुरूप एक संकल्प, एक दृष्टि और एक विचार के साथ एकात्म होकर लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर साधनारत रहते हैं। आज देशभर में 83,000 नियमित शाखाएँ संचालित हो रही हैं, जहाँ प्रतिदिन 8 लाख से अधिक स्वयंसेवक भारत माता की जयघोष के साथ नित्य प्रार्थना कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज हमारा नव संवत्सर का दिन है। एक समय था जब भारतीय नव वर्ष की चर्चा या जानकारी बहुत सीमित थी, लेकिन आज की स्थिति देखकर खुशी होती है। यह परिवर्तन हमारे सतत प्रयासों का परिणाम है। आज समाज उत्साह और उल्लास के साथ नव वर्ष मना रहा है। अपने उत्सवों में महापुरुषों को जोड़ते हुए, तिलक और ध्वज लगाते हुए, मांगलिक प्रतीकों का उपयोग करते हुए तथा पावन नवरात्र के प्रारंभ के साथ, चारों ओर नव वर्ष का जयगान गूंज रहा है।

आज राजस्थान का स्थापना दिवस भी है। विद्वानों के अनुसार, राजस्थान स्थापना दिवस की घोषणा सरदार पटेल ने चैत शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2006 के दिन की थी। राजस्थान के विकास के लिए सामंजस्य, सौहार्द और समरसता के साथ आगे बढ़ना होगा। इस गौरव और गर्व को बनाए रखने के लिए शासन और समाज, दोनों को मिलकर निरंतर प्रयास करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि सभा में पारित संकल्प प्रत्येक स्वयंसेवक के लिए मार्गदर्शक है। इसे समझकर और उसके अनुरूप योगदान देना आवश्यक है। शताब्दी वर्ष में अपनी शाखा को सर्वस्पर्शी एवं सर्वग्राही बनाने के प्रयासों को और अधिक बढ़ाना होगा। पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन की प्रक्रिया हमें स्वयं से प्रारंभ करनी होगी और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। मातृशक्ति को संघ कार्यों से जोड़ते हुए, शताब्दी वर्ष के लक्ष्यों को पूर्ण करने का संकल्प लेना है। समाज के प्रबुद्ध एवं सज्जन शक्तियों को साथ लेकर, समाज निर्माण के अंतर्गत होने वाले सभी सकारात्मक कार्यों में सहयोग प्रदान करते हुए आगे बढ़ना होगा। संचलन में करीब 5,000 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासनबद्ध तरीके से कदमताल करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगद्गुरु आश्रम, जयपुर के महंत स्वामी अक्षयानंद थे। इस अवसर पर राजस्थान क्षेत्र के संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल और ऋषि गालव भाग संघचालक अशोक जैन भी मंचासीन थे। कार्यक्रम के आरंभ में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा द्वारा पारित प्रस्ताव 'बांग्लादेश के हिन्दू समाज के साथ एकजुटता के साथ खड़े रहने' का वाचन हुआ। अपने उद्बोधन में महंत स्वामी अक्षयानन्द जी, जगद्गुरु आश्रम ने कहा कि संघ के संस्थापक डॉ हेगवार दूरदर्शी थे, उन्होंने भविष्य को ध्यान में रखकर संगठन का निर्माण किया।

**भव्य स्वागत एवं पुष्पवर्षा:-** स्वयंसेवकों के पथ संचलन के दौरान विभिन्न मोहल्ला विकास समितियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शहर के प्रमुख स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया गया। जयपुर की सड़कों पर यह अद्भुत दृश्य था, जब हजारों स्वयंसेवक एक साथ कदम से कदम मिलाकर देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित कर रहे थे।

**संघ के 6 उत्सवों में से एक-वर्ष प्रतिपदा उत्सव:-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मनाए जाने वाले छह प्रमुख उत्सवों में से एक, वर्ष प्रतिपदा का विशेष महत्व है। इस दिन को हिंदू नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर अनुशासनबद्ध तरीके से पथ संचलन निकाला गया। इस पथ संचलन में हजारों स्वयंसेवक अनुशासित रूप से शामिल हुए और अपने प्रदर्शन के माध्यम से एकता एवं अखंडता का संदेश दिया।

**घोष वादन एवं अनुशासनबद्ध कदमताल:-** संघ के स्वयंसेवकों ने घोष वादन के माध्यम से अनुशासन और कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। विभिन्न वाद्य यंत्रों, जैसे आनक (साइड ड्रम), त्रिभुज (ट्रायंगल), वंशी (बांसुरी), शंख (बिगुल) और प्रणव (बॉस ड्रम) के समन्वित वादन ने एक अनुपम संगीत प्रस्तुति दी। घोष की लयबद्ध ध्वनि के साथ स्वयंसेवक अनुशासनबद्ध रूप से कदमताल करते हुए आगे बढ़े। इस दौरान 'किरण', 'उदय', 'श्रीराम' और 'सोनभद्र' जैसी प्रसिद्ध घोष रचनाओं का वादन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय और प्रेरणादायक बन गया।

**पथ संचलन का मार्ग एवं जनता की सहभागिता:-** जयपुर में आयोजित इस भव्य पथ संचलन का मार्ग पूर्व निर्धारित था। संचलन महाराजा कॉलेज से प्रारंभ होकर अजमेरी गेट, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, बड़ी चौपड़, सांगानेरी गेट और मोती डूंगरी रोड से गुजरते हुए रामनिवास बाग पहुंचा, फिर पुनः महाराजा कॉलेज पर समाप्त हुआ। पथ संचलन के दौरान हजारों की संख्या में शहरवासी सड़कों के दोनों ओर खड़े होकर स्वयंसेवकों का उत्साहपूर्वक अभिवादन कर रहे थे।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# नव संवत्सर के शुभारंभ पर हवन व पूजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान के स्थापना दिवस, नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्रा के शुभारंभ पर राजस्थान संस्कृत अकादमी के बैनर तलें श्री रघुनाथ मंदिर सियाराम दास बाबा की बगीची जयपुर में वैदिक मंत्रों से हवन व पूजन महंत हरिशंकर वेदान्ती जी के सानिध्य में किया गया। अकादमी निदेशक डॉ. लता श्रीमाली ने बताया कि राजस्थान स्थापना दिवस, नव संवत्सर व चैत्र नवरात्राओं का प्रारंभ त्रियोग में संस्कृत अकादमी द्वारा संचालित वेद विद्यालय के बटुकों ने वैदिक मन्त्रों से हवन पूजन करके प्रदेश की समृद्धि तथा विश्व कल्याण की कामना की।

## चैत्र नवरात्रा के शुभारंभ पर देवार्चन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान स्थापना दिवस, नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्रा के शुभारंभ पर राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं विश्व गुरु दीप आश्रम शोध संस्थान जयपुर में वैदिक मंत्रों से हवन पूजन महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पूरी जी महाराज के सानिध्य में किया गया। अकादमी निदेशक डॉ. लता श्रीमाली ने बताया कि राजस्थान स्थापना दिवस, नव संवत्सर व चैत्र नवरात्राओं का प्रारंभ त्रियोग में आश्रम में छात्र छात्राओं ने विष्णु सहस्रनाम का पाठ किया तथा हवन पूजन करके प्रदेश की समृद्धि तथा विश्व कल्याण की कामना की।

# टाइम बैंक ऑफ इंडिया एवं जेकेके ने मिलकर मनाया हिन्दू नववर्ष



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** टाईम बैंक ऑफ इंडिया एवं जवाहर कला केंद्र ने संयुक्त रूप से हिन्दू नववर्ष व राजस्थान स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की कड़ी में प्रातः 6.30 बजे टाईम बैंक की विभिन्न शाखाओं के लगभग 200 सदस्य, क्षेत्रवार भगत सिंह पार्क-आदर्श नगर, नर्सरी पार्क-वैशाली नगर, सिटी पार्क-मानसरोवर, जवाहर सर्कल तथा सेंट्रल पार्क-सी स्कीम में एकत्रित हुए व आमजन को नववर्ष एवं राजस्थान दिवस की शुभकामनायें प्रदान की। साथ ही लोगों को देश के प्रथम एवं एकमात्र समय बैंक की अवधारणा से परिचित कराते हुए बताया गया कि कोई भी 18 वर्ष से अधिक आयु का व्यक्ति निःशुल्क टाईम बैंक का सदस्य बन सकता हैं, तथा बुजुर्ग सदस्यों की सेवा कर अपना समय टाईम बैंक में जमा कर सकता हैं।

## सुविचार

व्यक्ति अगर अपनी निंदा में भी अवसर खोजकर निकाल लेता है तो वह कभी नहीं हारता।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### हीटवेव का अलर्ट

अप्रेल आते-आते देश के ज्यादातर हिस्सों में गर्मी ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। राजधानी दिल्ली में औसत तापमान अभी से 33-35 के बीच बना हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि अप्रेल में तापमान 40 तक पहुंच सकता है। जिसके कारण स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के बढ़ने का खतरा हो सकता है। कई रिपोर्ट्स इस बात को लेकर भी लगातार चिंता जताते रहे हैं कि इस बार की गर्मी पुराने कई रिकॉर्ड्स को तोड़ सकती है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अपनी रिपोर्ट में पहले ही बताया है कि साल 2025 की फरवरी अब तक की तीसरी सबसे गर्म फरवरी रही है। मौसम के पूर्वानुमानों के आधार पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस बार अप्रेल के अंत से ही हीटवेव को लेकर सभी लोगों को सावधान किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया कि देश के अधिकतर राज्यों में फरवरी में तापमान सामान्य से कम एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इस तरह बढ़ता तापमान स्वास्थ्य संबंधित कई प्रकार की दिक्कतों को भी बढ़ाने वाला हो सकता है। बढ़ते तापमान को ब्लड प्रेशर, स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं के साथ मृत्यु दर को भी बढ़ाने वाला माना जाता रहा है। बच्चे और बुजुर्गों के लिए ये और भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, इसलिए सभी लोगों को अभी से अपनी सेहत को लेकर सावधान हो जाना चाहिए। गुरुग्राम स्थित एक अस्पताल में इंटरनल मेडिसिन के डा. अभय गोयल बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन की वजह से वैश्विक तापमान में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है, इससे गंभीर बीमारियों के बढ़ने का भी खतरा हो सकता है। हमारा शरीर एक नियत ताप सहन करने की ही क्षमता रखता है। सामान्य तौर पर हमारा शरीर 43-45 डिग्री तापमान को कुछ समय तक सहन कर सकता है, हालांकि जैसे-जैसे इसमें बढ़ोतरी होती जाती है, इसके कई प्रकार के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। जब शरीर लंबे समय तक उच्च तापमान के संपर्क में रहता है, तो इसके कारण आप हीट एग्जॉशन के शिकार हो सकते है। इसके कारण कमजोरी, चक्कर आने, मतली और सिरदर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। यदि इसका समय पर इलाज न किया जाए तो इससे हीट स्ट्रोक का खतरा हो सकता है। डाक्टर कहते हैं गर्मी के दिनों में सभी लोगों को चाय, कॉफी और कोल्ड ड्रिंक के सेवन से बचना चाहिए। इनमें कैफीन की अधिकता होती है। अगर आपको लगता है कि गर्मी से बचाने में कोल्ड ड्रिंक्स मददगार हैं तो आपको सावधान हो जाना चाहिए। इसके सेवन से राहत नहीं, बल्कि शरीर में पानी की मात्रा कम होने की आशंका ज्यादा रहेगी। डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पीना की कमी होने के कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है।

### भारत ने लिया 25 साल पुराना बदला

# अदालतों में कब बंद होगा नारी विरोध?



नौशाबा परवीन

कासगंज (उत्तर प्रदेश) से लगभग 60 किमी के फासले पर 200 परिवारों का एक छोटा सा गांव है, जिसमें अधिकतर गरीब श्रमिक व गरीब किसान रहते हैं, जिनके पास एक बीघा से भी कम कृषि भूमि है। इस गांव में आजकल उस 'छोटी बच्ची' को हर कोई जानता है, जो इन दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के केंद्र में है। घटना 10 नवम्बर 2021 की है। यह 11 वर्ष की बच्ची अपनी मां के साथ पैदल गांव लौट रही थी कि रास्ते में दो युवक 25-वर्षीय पवन कुमार व 30 वर्षीय आकाश सिंह उन्हें मिले, जिन्हें मां-बेटी जानती थीं। युवकों ने अपनी बाइक पर इन्हें लिफ्ट देने का ऑफर दिया। मां सहमत हो गई। कुछ दूर चलने पर युवकों ने अपनी बाइक एक पुलिया के निकट रोक दीं और उन्होंने बच्ची के निजी अंगों को दबोचा, आकाश ने बच्ची के पायजामे का नाड़ा तोड़ा।

इमेज

बच्ची को पुलिया के नीचे घसीटने का प्रयास किया गया। बच्ची चीखी, जिसने रास्ते पर चलते लोगों का ध्यान आकर्षित किया। वह मदद के लिए पहुंचे तो युवक वहां से भाग खड़े हुए। शिकायत लेकर जब मां पवन के घर पहुंची तो उसे गालियां दी गईं और बंदूक दिखाकर धमकाया गया। पुलिस ने अनेक बार एफआईआर दर्ज करने से इंकार कर दिया। मजबूरन मां ने जनवरी 2022 में पोक्सो कोर्ट में दस्तक दी। इसके बाद ही औपचारिक रूप से शिकायत स्वीकार की गई। आरोपी आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और पोक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत बुक किए गए। इसके विरुद्ध आरोपियों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील की। जहां न्यायाधीश राममनोहर नारायण मिश्रा ने विवादित व चिंताजनक टिप्पणी की कि बच्ची के निजी अंगों से छेड़खानी करना, उसके पायजामे का नाड़ा जबरन तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे घसीटना न तो बलात्कार है और न ही बलात्कार का प्रयास। न्यायाधीश ने आरोपियों पर लगी सख्त धाराओं को कम करते हुए उन्हें यौन हमले की धाराओं में बदल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 26 मार्च 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्णय को 'पूर्णतया अमानवीय व असंवेदनशील' घोषित करते हुए उस पर रोक लगा दी। इन फ़ैसलों से 'छोटी बच्ची' के परिवार की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आया है, जिसने इस क़ानूनी संघर्ष के लिए निजी ऋणदाताओं से मोटे ब्याज पर 2.5 लाख रुपया उधार लिया था और अब उसके पास इसे वापस करने का कोई रास्ता नहीं है? इसी सोच में बच्ची के 70 वर्षीय दादा अपनी चार फीट ऊंची झोंपड़ी, जिस पर ज़ंग खाती एस्बेस्टस की छत है, जो गर्मी को अंदर ही रोक देती है, के बाहर उदास बैठे रहते हैं। उनका कहना है, "मैं पूरी तरह से समझ नहीं पाया हूं कि सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा है। लेकिन मुझे हाईकोर्ट ने जो कहा, वह बताया गया था। अगर हमारी लड़कियों की सुरक्षा अदालतें नहीं करेंगी तो फिर कौन करेगा?" वह इंसाफ के लिए इस सीमा तक भी न पहुंच पाते अगर स्थानीय समाजसेवी सरोज चौहान ने मदद न की होती। चौहान के अनुसार, "पांच गांवों की



इस पॉकेट में यादव अल्पमत में हैं और उन्हें अक्सर दबाया जाता है।" बच्ची के पैरेंट्स व भाई इस केस के सिलसिले में दिल्ली में हैं। बच्ची को गांव से दूर किसी 'सुरक्षित' स्थान पर भेज दिया गया है। क्यों? चूंकि आरोपी प्रभावी परिवारों से संबंधित हैं और उनके पास बंदूकें हैं। बच्ची के परिवार को बंदूकों के बल पर केस वापस लेने के लिए धमकाया जा रहा है, ऐसा बच्ची के चाचा का कहना है। उनके अनुसार गांव में गरीब परिवारों के लिए दबंगों के सामने खड़ा होना खतरे से खाली नहीं है-न्याय के लिए प्रयास करना कानूनी संघर्ष करने से भी अधिक कठिन है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चिंताजनक टिप्पणी अचानक नहीं की थी बल्कि चार माह की सुनवाई के बाद सोच समझकर और जानबूझकर की थी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट को यह 'अति गंभीर मुद्दा' लगा और उसने न्यायाधीश मिश्रा के विरुद्ध 'सख्त शब्दों' के प्रयोग पर 'खेद' भी व्यक्त किया। यह स्वागतयोग्य है कि बलात्कार प्रयास के इस केस में सुप्रीम कोर्ट ने परेशान करने वाले हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी, लेकिन इस क़िस्म के आदेश दुखद रूप से कुछ ज्यादा ही दिए जा रहे हैं। अगर इस क़िस्म का आदेश 688 ज़िला अदालतों में से भी कोई एक देती तो भी वह परेशान करने वाला होता, लेकिन यह तो हाईकोर्ट में हुआ, जिनकी संख्या केवल 25 है और जो रैंक में सिर्फ़ सुप्रीम कोर्ट से नीचे हैं। इसलिए निराशा होनी स्वाभाविक है कि हमारे देश में महिलाओं के विरुद्ध न्याय का पलड़ा कितना अधिक झुका हुआ है। अगर बच्ची के निजी अंगों को दबाना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना और पुलिया के नीचे घसीटना बलात्कार का प्रयास नहीं है तो फिर क्या है? जो लोग कभी गांवों में नहीं रहे वह 'पुलिया के नीचे घसीटने' के मर्म को समझ ही नहीं सकते। गांव की पुलिया के नीचे हज़ारों दिल दहलाने वाली दास्तानें दफन रहती हैं, उन्हें अगर सामने लाया जायेगा तो डर के मारे कई रातों की नींद उड़ जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तो परेशान करने वाला एक क़ानूनी फिक्शन भी तहरीर कर दिया जो भविष्य में बलात्कार के दोषियों को सज़ा दिलाना अधिक कठिन कर देगा, यह घोषणा करके कि 'अपराध करने की तैयारी और वास्तव में अपराध करने के बीच मुख्य अंतर इरादे की अधिक डिग्री का है।' यह बीजान्टिन सिद्धांत तो बचाव पक्ष के लिए मन्ना (आसमान से भेजा गया खा। पदार्थ) होता। शुक्र है कि हाईकोर्ट के इस आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए रोक लगा दी कि इसमें 'कुछ से तो कानून के सिद्धांत पूर्णतः अपरिचित हैं' और यह 'पूर्णतरू असंवेदनशीलता और अमानवीय दृष्टिकोण' व्यक्त कर रहे हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के लिए यह बात नई न थी। मसलन 2021 में उसने न्यायिक आदेशों व फैसलों में 'घुसी पितृसत्तात्मकता व नारी द्वेष दृष्टिकोण' के विशाल कैनवस के विरुद्ध एक चेकलिस्ट जारी की थी। हालांकि संवैधानिक अदालतों के कट्टरवादी फैसले सुर्खियां बन जाते हैं लेकिन निचली अदालतों में तो इनकी स्थिति संख्या व गुणवत्ता की दृष्टि से बद से भी बदतर है। कितनी ही अदालती कार्यवाहियों में हम देख चुके हैं कि बलात्कार के मामलों में विवाह को 'न्याय व समाधान' के तौरपर ऑफर किया जाता है। जिरह के दौरान महिला के यौन इतिहास को भद्दे अंदाज़ में उछाला जाता है। इस बात को पूर्णतरू अनदेखा कर दिया जाता है कि मुद्दा बलात्कार का है न कि महिला के अतीत का। एक वेश्या को भी यह अधिकार प्राप्त है कि उसके साथ उसकी मर्ज़ी के खिलाफ जबरदस्ती नहीं की जा सकती। फिर अदालत में जिस तरह से पीड़िता से भद्दे, अश्लील व अनावश्यक प्रश्न मालूम किये जाते हैं (हाथ कहां था, टांगें कितनी खुली थीं ...) तो ऐसा प्रतीत होता है कि बलात्कार के बाद वह दोबारा उसी यातना से गुज़र रही है।

## पंचांग

सोमवार, 31 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| • विक्रम संवत् | - 2081 |
| • शक संवत् | - 1946 |
| • ऋतु | - वसंत |
| • माह | - चैत्र |
| • पक्ष | - कृष्ण |
| • तिथि | - द्वितीया 09.13 तक |
| • वार | - सोमवार |
| • नक्षत्र | - अश्विनी 13.46 तक |
| • योग | - वैधृति 13.47 तक |
| • करण | - तैतिल 19.27 तक |
| • सूर्योदय | - 06.35 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - 06.50 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - 06.34 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - 06.56 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - मेष |
| • अभिजित् मुहूर्त | - 12.18 से 13.07 |
| • राहु काल | - 08.06 से 09.38 |
| • व्रत, त्यौहार | - तृतीया क्षयतिथि, मत्स्य जयंती, सिंजारा गणगौर तीज, सूर्य रेवती में 14.00 |
| • दिशा शूल | - पूर्व |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### ऐसी कोई इच्छा नहीं जो पूरी ना हो सके!

नवरात्रि पूरे वर्ष में चार बार आती है। दो बार प्रत्यक्ष रूप से और दो बार गुप्त रूप से। इन चारों नवरात्रि में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। पौराणिक मान्यता है कि चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि में ब्रह्मा जी ने इस सृष्टि की रचना की थी। नवरात्रि में दुर्गा पूजा का विशेष विधान होता है। माता के नौ स्वरूप की 9 दिन में पूजा, अर्चना करके उन्हें प्रसन्न किया जाता है। नवरात्रि के दौरान श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ करने का बहुत अधिक महत्व होता है। इस पाठ को करने से उत्तम रूप उचित स्वास्थ्य एवं धन संपदा की प्राप्ति होती है। व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। श्री दुर्गा सप्तशती देवी महात्तम में कवच के बाद अर्गला स्तोत्र को पढ़ने का विधान है। इस स्तोत्र का पाठ करने से व्यक्ति को सभी वाधाओं से मुक्ति मिल जाती है। यह स्रोत किसी भी कार्य की सिद्धि के लिए भी सहायक है। इस ब्रह्मांड में कोई ऐसी समस्या नहीं है जिसका समाधान माता रानी की कृपा से ना हो सके। बस इस पाठ को आप सच्चे मन और शुद्धता के साथ करें। अर्गला स्तोत्र के सभी मंत्र स्वयं सिद्ध हैं। इन मन्त्रों में मारण और वशीकरण मन्त्रों का समायोजन है। अर्गला स्तोत्र की प्रत्येक मंत्र में हम मां भगवती से कामना करते हैं कि है मां! हमें रूप दो, जय दो, यश दो, और शत्रुओं का नाश करो। जातक जो शिकारी की इच्छा लेकर अर्गला स्तोत्र का पाठ करता है, उसकी वह इच्छा पूरी हो जाती है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत है। जिसे नवरात्रि में पढ़ने से अति शीघ्र फल की प्राप्ति होती है। नवरात्रि के प्रथम दिवस में मध्यरात्रि में माता की चौकी के समक्ष सरसों के तेल या तिल के तेल का एक दीप जलाएं। उसके बाद मां चामुंडा देवी का ध्यान कर उनसे संवाद करके उन्हें आह्वान करें। मां भगवती के समक्ष अर्गला स्तोत्र का संकल्प कर अपनी इच्छा माता के सम्मुख व्यक्त करें। अर्गला स्रोत्र में मंत्र शक्ति का प्रयोग करें और यथासंभव तीन, पांच अथवा सात बार पाठ करें।

## तारीख विशेष

### राष्ट्रीय टैटर दिवस

अगर आपको आलू पसंद है, तो 31 मार्च को राष्ट्रीय आलू दिवस आपके लिए है। इस दिन सभी प्रकार के आलू को मान्यता दी जाती है, जो हमें आवश्यक विटामिन, खनिज और फाइबर प्रदान करते हैं। आलू काफी बहुमुखी हैं, यही वजह है कि इतने सारे लोग उन्हें पसंद करते हैं। वे संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे ज्यादा खाए जाने वाली सब्जी है और जब आप विचार करते हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका में 200 से अधिक विभिन्न प्रकार के आलू को हम कितने तरीकों से खा सकते हैं, तो आपको आश्चर्य नहीं होना चाहिए। सबसे पहले हम उन्हें बेक कर सकते हैं। बेक्ड आलू किसे पसंद नहीं है? हा, हम आपको पीछे देख रहे हैं। अपना हाथ नीचे रखें। हममें से बाकी लोगों को बेक्ड आलू बहुत पसंद है। साथ ही वो बेक्ड आलू? आप उन्हें सभी तरह के स्वादिष्ट टॉपिंग के साथ दो बार बेक कर सकते हैं। दो बार! दूसरा, हम उन्हें उबाल सकते हैं। और उबले हुए आलू से हम सूप, सलाद बना सकते हैं या दुनिया के सबसे पसंदीदा आलू व्यंजनों में से एक बना सकते हैं-मसले हुए आलू। और क्या आप जानते हैं, मसले हुए आलू की कई अलग-अलग रेसिपी भी हैं? मसले हुए आलू के बिना शेफर्ड पाई नहीं बन सकती। उन्हें डाइस करें और स्लाइस करें और हम स्कैलप्ड, फ्राइड या यहां तक कि हैशब्राउन भी बना सकते हैं। और फिर, आलू के पकौड़े और पैनकेक हैं। आलू के इस्तेमाल के सभी तरीकों के अलावा, इस दिन का मूल रूप से एक अलग अर्थ हो सकता है। अप्रेल की शुरुआत में, केंटकी के कुछ हिस्सों में शकरकंद (टैटर डे) मनाया जाता था। शकरकंद उस क्षेत्र की मुख्य नकदी फसलों में से एक है। टैटर डे की शुरुआत 1840 के दशक की शुरुआत में शकरकंदों के व्यापार और बिक्री के साथ हुई थी। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे पुराना निरंतर व्यापार दिवस है। 17वीं शताब्दी के आरम्भ में जब आलू को यूरोप से उपनिवेशों में भेजा गया, तब से इसका सेवन उत्तरी अमेरिकी आहार का प्रमुख हिस्सा रहा है।

### तन और मन को शुद्ध करने का

# अनुष्ठान हैं चैत्र नवरात्र

आर. सी. शर्मा

नवरात्र के पहले दिन कलश की स्थापना की जाती है, जिससे पूरे नौ दिनों तक देवी मां की उपस्थिति रहती है। अष्टमी और नवमी को कन्या पूजन तथा हवन किया जाता है, जो शक्ति आराधना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। चैत्र नवरात्र केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि माना जाता है कि सृष्टि की उत्पत्ति इन्ही दिनों में हुई है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक़ चैत्र मास की प्रतिपदा को ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, इसलिए इसे नववर्ष की शुरुआत भी माना जाता है।

चैत्र मास के नवरात्रों की हिंदू धर्म में विशेष रूप से धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता है। हालांकि भाषा और व्याकरण की दृष्टि से देखें तो 'नवरात्रि' शब्द सही है; क्योंकि संस्कृत में यही शब्द है। लेकिन हिंदी में "नवरात्र" शब्द ही ज्यादा प्रचलित व स्वीकार्य है। इसलिए आम बोलचाल में ही नहीं बल्कि आम लेखन में भी "नवरात्रि" की बजाय 'नवरात्र' शब्द का ही चलन ज्यादा है। अतः हम भी इस लेख में नवरात्र शब्द का ही इस्तेमाल करेंगे। चैत्र नवरात्र को वसंत नवरात्र भी कहा जाता है। इस साल ये 30 मार्च 2025 दिन रविवार से शुरू हो रहे हैं और 6 अप्रेल 2025, रविवार तक चलेंगे। ग्रीष्मकालीन चार दिवसीय चैती छठ पूजा की शुरुआत 01 अप्रेल को नहाय खाय से होगी। इस दिन व्रती चैती छठ का संकल्प लेंगे। अगले दिन 02 अप्रेल को खरना के दिन चंद्रमा को अर्घ्य देकर 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरुआत करेंगे,जबकि 3 अप्रेल को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके अगले दिन यानी 4 अप्रेल को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर यह कठिन व्रत समाप्त होगा।

**इस बार आठ दिन होंगे नवरात्र**

इस बार चूंकि अष्टमी और नवमी तिथियां एक ही दिन पड़ रही है, इसलिए चैत्र नवरात्र 8 दिन के होंगे। जब नौ दिन के नवरात्र आठ दिन में ही समाप्त हो जाते हैं, तो इसे क्षय नवरात्रि कहा जाता है। यह तब होता है जब किसी तिथि का क्षय (लुप्त) हो जाता है यानी कोई एक तिथि सूर्योदय के अनुसार गणना में लुप्त हो जाती है। इसका निश्चित ज्योतिषीय और धार्मिक महत्व होता है। चूंकि हिंदू पंचांग में तिथियां चंद्र मास के आधार पर निर्धारित होती हैं। ऐसे में कभी-कभी कोई एक तिथि इतनी जल्दी समाप्त हो जाती है कि वह सूर्योदय के समय उपलब्ध नहीं होती, इसे क्षय तिथि कहा जाता है। जब नवरात्र में ऐसा हो जाता है तो फिर नवरात्र आठ दिन में ही समाप्त हो जाते हैं। इस साल आठवीं तिथि का क्षय हो रहा है इसलिए वह नवीं तिथि में ही शामिल हो गई है।

**आठ दिन के नवरात्र का आध्यात्मिक महत्व**

माना जाता है कि आठ दिनों में नवरात्र समाप्त होने पर सभी नौ शक्तियों की पूजा संक्षिप्त रूप में संपन्न हो जाती है। इसलिए कुछ धार्मिक विद्वानों के मुताबिक़ आठ दिन के नवरात्र विशेष रूप से फलदायी होते हैं। क्योंकि इनमें देवी की कृपा अधिक तेजी से प्राप्त होती है। इस दौरान किए गए व्रत, हवन, कन्या पूजन और साधना का विशेष फल मिलता है। आम तौर पर अष्टमी या नवमी को कन्या पूजन किया जाता है, लेकिन जब नवरात्र आठ दिन में समाप्त हो जाता है, तो अष्टमी को ही नवमी मानकर कन्या पूजन किया जाता है। इस स्थिति में कुछ स्थानों पर एक ही दिन अष्टमी और नवमी का हवन और पूजन किया जाता है। इसलिए इसे एक विशिष्ट योग समझा जाता है। इसलिए यदि नवरात्रि आठ दिन में समाप्त हो रहे हों, तो साधकों को संपूर्ण श्रद्धा और नियमों के अनुसार पूजा करनी चाहिए।

**हिंदुओं के लिए क्यों विशेष हैं नवरात्र?**

नवरात्र चाहे चैत्र के हों या शारदीय,धार्मिक श्रद्धा रखने वाले हिंदुओं के लिए ये विशेष अवसर होते हैं, जब हम मां दुर्गा की पूजा आराधना करके अपने जीवन को शुद्ध और समृद्ध बना सकते हैं। नवरात्र व्रत रखने से न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक संतुष्टि मिलती है, बल्कि मानसिक और शारीरिक मजबूती और प्रखरता भी आती है। नौ दिनों तक देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। जब आठ दिन के नवरात्र हों तो यही पूजा आठ दिनों में की जानी चाहिए। नवरात्र का पूरा समय आध्यात्मिक साधना, उपवास और आत्मशुद्धि के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

**नवरात्र में कलश स्थापना और हवन**

नवरात्र के पहले दिन कलश की स्थापना की जाती है, जिससे पूरे नौ दिनों तक देवी मां की उपस्थिति रहती है। अष्टमी और नवमी को कन्या पूजन तथा हवन किया जाता है, जो शक्ति आराधना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। चैत्र नवरात्र केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि माना जाता है कि सृष्टि की उत्पत्ति इन्ही दिनों में हुई है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक़ चैत्र मास की प्रतिपदा को ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, इसलिए इसे नववर्ष की शुरुआत भी माना जाता है।

**भगवान श्रीराम का जन्म**

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। इसलिए चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि को विष्णु भक्ति और शक्ति उपासना दोनों से जोड़ा जाता है। इसी दिन विक्रम संवत का नया वर्ष शुरू होता है, जिसे भारत के कई हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है, जैसे कि गुड़ी पड़वा (महाराष्ट्र), उगादी (आंध्र प्रदेश, कर्नाटक) और बैसाखी (पंजाब)।

## गीता सार

**बाह्यस्पर्शेष्वसक्तात्मा विन्दत्यात्मनि यत् सुखम्।**
**स ब्रह्मयोगयुक्तात्मा सुखमक्षयमश्नुते॥**
**ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते।**
**आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः॥**

**हिंदी अर्थ** — बाहर के विषयों में आसक्ति रहित अंतःकरण वाला साधक आत्मा में स्थित सात्विक आनंद को प्राप्त होता है, फिर वह परब्रह्म के योग में स्थित पुरुष अक्षय आनंद को प्राप्त करता है। इन्द्रिय तथा विषयों के संयोग से उत्पन्न होने वाले सभी भोग दुःख उत्पन्न करने वाली ही है। इसलिए हे अर्जुन! इन आदि-अंत वाले भोगों में, बुद्धिमान पुरुष नहीं लिप्त होते हैं।

## बोले तो...



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है। ये अक्षय वट आज भारतीय संस्कृति को, हमारे राष्ट्र की चेतना को निरंतर ऊर्जावान बना रहा है। जहां भी सेवा कार्य किया जा रहा है, वहां स्वयंसेवक हैं। माधव नेत्रालय लाखों लोगों की सेवा कर रहा है।

- नरेन्द्र मोदी



'राष्ट्र पुनर्निर्माण' के एक आंदोलन के रूप में शुरू हुए संघ ने उपेक्षा और उपहास से जिज्ञासा और स्वीकार्यता तक का रास्ता तय किया है। संघ किसी का विरोध करने में विश्वास नहीं करता है और उसे विश्वास है कि संघ का विरोध करने वाला व्यक्ति एक दिन संघ में शामिल हो जाएगा।

- दत्तात्रेय होसबोले



मुझसे दो बार गलती हो गई, जो मैं उधर चला गया। अब यह गलती अब कभी नहीं होगी। वो लोग गड़बड़ करने लगा था, तब मैं फिर वापस अपने पुराने साथितों के पास लौट आया हूं। वैसे भी श्रद्धेय अटल जी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया था, तो ऐसे में मैं कैसे भूल सकता हूं।

- नीतीश कुमार

## कुछ अलग | अजब गजब

# जब बाढ़ से मच गई थी तबाही....जानें जवाई बांध बनने की कहानी...आज 900 गांव इसके भरोसे

जवाई बांध पाली सहित तीन जिलों के लोगों और किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आज यह पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा बांध है। 900 गांवों की प्यास बुझाने वाले जवाई बांध का निर्माण उन परिस्थितियों में जोधपुर के पूर्व महाराजा उम्मेद सिंह द्वारा करवाया गया था, जब वर्ष 1903 में जवाई नदी में आई बाढ़ से पाली और जालोर जिलों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद पूर्व महाराजा उम्मेद सिंह के मन में आया कि इस बांध का निर्माण करवाया जाए और फिर वर्ष 1946 में यह काम शुरू हुआ और 1957 में काम पूरा हुआ। जिसके बाद से आज तक पालीवासियों की प्यास बुझाने के साथ-साथ किसानों को सिंचाई के लिए जल भी यहीं से उपलब्ध करवाया जाता है।

**आज 900 गांव इस बांध के भरोसे**

पश्चिमी राजस्थान का यह सबसे बड़ा डैम है। पालीवासियों की प्यास बुझाने का काम यही डैम करता है। बारिश की जब सीजन होती है, तो काफी अच्छा खासा यह डैम भर जाता है। पाली सहित कई जिलों के 900 गांवों की प्यास बुझाने का काम यह डैम करता है। साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए यहीं से पानी उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही, जो आस-पास वाइल्ड लाइफ एरिया है, उनके प्यास बुझाने का काम भी यही डैम करता है।

**तीन जिलों की लाइफ लाइन**

सिरोही के शिवगंज शहर के अलावा यह जालोर और पाली जिले की लाइफ लाइन की तरह काम करता है। इसीलिए हर साल हर गांव और हर परिवार यही दुआ करता है कि बांध लबालब हो जाए। हालांकि जोरदार बारिश के बावजूद अब तक तो बांध पूरा नहीं भरा है, लेकिन इसके पानी से किसानों को अच्छा फायदा होता है। वहीं पश्चिमी राजस्थान का यह सबसे बड़ा बांध वर्ष 1956 में 60 लाख में बनकर तैयार हुआ था।



**बांध की क्षमता**

जवाई बांध को सबसे अधिक जालोर जिले की लाइफ लाइन कहा जा सकता है। इतना ही फायदा पाली जिले को भी होता है। सैकड़ों किसानों को सिंचाई का पानी यहीं से मिलता है। इसके अलावा सुमेरपुर-शिवगंज को भी इसका लाभ मिलने लगा है। सुमेरपुर तहसील क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों में पेयजल के लिए भी इस बांध से पानी देने की योजना है। इसके लिए पाइप लाइन लगवा दी गई है। बांध का जल आवक क्षेत्र 787 वर्ग किमी है और पूर्ण भराव जलस्तर 312 मीटर व ओवरफ्लो का स्तर 308.50 मीटर है। सहयोगी सई बांध से जल औसत जल आवक 51 एमसीएफटी है।

## पाठक पाती

### हिंसक प्रवृत्ति/ अमानवीय कृत्य: रोकथाम जरूरी

आए दिन अपने जीवन साथी/लिव इन पार्टनर/प्रेमी की बर्बरतापूर्ण हत्या और लाश को सूटकेस या बाक्स में बंद करने के मामले सामने आ रहे हैं। गौरतलब बात यह है कि कैसे कोई इतने क्रुरतापूर्ण कृत्य के लिए इतना साहस जुटा सकता है? क्या हमारी मानसिकता इतनी क्षीण और हिंसक प्रवृत्ति की हो गई है कि अच्छे/बुरे की पहचान खत्म हो गई है? कहीं न कहीं ये गलत परवरिश/नैतिक मूल्यों की कमी और मीडिया का असर है। जो सामग्री हम सोशल मीडिया/अखबारों/ फिल्मों में देख/पढ़ रहे हैं, उसी का अनुसरण कर रहे हैं। मौलिक शिक्षा, संस्कार, उचित आचरण और संयम कहीं लुप्त हो गए हैं। इस हिंसक और अमानवीय मानसिकता से उबरने के लिए बचपन से सही परवरिश, स्कूली स्तर से आध्यात्मिकता, सही मार्गदर्शन, काउंसलिंग और समाज में एक उचित और सौहार्दपूर्ण वातावरण की आवश्यकता है।

- अभिलाषा गुप्ता, मोहाली

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# सिंधी समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया चेटीचंड महापर्व

## छोटी काशी में भ्रमण पर निकले भगवान श्री झूलेलाल, आयो लाल झूलेलाल से गूंज उठा शहर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सिंधी समाज के आराध्य वरुणावतार भगवान श्री झूलेलाल का जन्मोत्सव चेटीचंड महापर्व रविवार 30 मार्च 2025 को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अध्यक्ष दिलीप हरदासानी और महासचिव दिलीप पारवानी ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम के तहत चेटीचंड सिंधी मेला समिति की ओर से शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। चौगान स्टेडियम में पूज्य सिंधी पंचायत ,पुरानी बस्ती के सहयोग से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। पंचायत के संरक्षक नंदलाल लालवानी ने बताया कि श्री अमरापुर दरबार के संत मोनू राम जी और संत मंडली ने ज्योति प्रज्ज्वलित की इसके बाद यात्रा आरंभ हुई ।इस अवसर पर हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ,ज्ञानदेव आहूजा , मोहन लाल वाधवानी,नारायण दास नाज़वानी,छबल दास नवलानी,अमर गुरबाणी,चंद्र प्रकाश खेतानी एडवोकेट ,ईश्वर मोरवानी,मनोज ठाकवानी उपस्थित थे ।इस अवसर पर संत मोनू राम जी महाराज ने कहा कि सदगुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज का जीवन परिचय एवं उनकी वाणी (दोहे, पद, छंद, श्लोक माला, भजन,) हिंदी पाठ्य पुस्तकों में शामिल होनी चाहिएं ,साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर चेटीचंड का अवकाश घोषित हो ।

**तुलसी संगतानी बने सिंधी सपूत:** पूज्य सिंधी पंचायत पुरानी बस्ती के अध्यक्ष हेमन दास मंगतानी और महासचिव हीरानंद मोटवानी ने बताया कि समाज और सिंधी भाषा के लिए श्रेष्ठ कार्य करने वाले तुलसी संगतानी को सिंधी सपूत 2025 की उपाधि से सम्मानित किया गया ,सम्मान में उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया ,उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से तुलसी संगतानी निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा कर रहे हैं ।

**लवाजमा:** संगठन महासचिव कमल आसवानी ने बताया कि शोभायात्रा की गजराज अगुआई कर रहे थे। ऊंट ,घोड़े और बग्गी सहित सुसज्जित लवाजमा था। शहर के पांच प्रमुख बैंड जिया ,सुंदर ,अशोक ,दौलत और शंकर बैंड सिंधी संगीत की स्वर लहरियां वातावरण में बिखेरते चल रहे थे ।प्रात: काल शहर के झूलेलाल मंदिरों और पंचायतों में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हुए ,उसके बाद पदाधिकारी मुख्य शोभायात्रा में सम्मिलित हुए ।बड़ी संख्या में समाज बंधु अपने इष्टदेव भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा देखने पहुंचें। आयो लाल झूलेलाल के उदघोष से छोटी काशी गूंज उठी ।

**विशेष झांकियां:** झांकी सचिव गुलाब कोरानी और पखवाड़ा कार्यक्रम सचिव दिलीप भूरानी ने बताया कि 45 से अधिक झांकियां शोभायात्रा में सम्मिलित हुई ।सबसे पहले प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की झांकी ,फिर श्री गोविंद देव जी के मंदिर से आई श्री गोविंद देव जी की झांकी , श्री राम दरबार की झांकी , श्री शिव परिवार , दुर्गा माता ,कमल पुष्प पर भगवान श्री झूलेलाल,जल में नर मछली पर श्री झूलेलाल,घोड़े पर भगवान झूलेलाल,भगवान शिव और नंदी की झांकी ,भगवान श्री झूलेलाल का श्वेत धवल मंदिर ,सिंधु संस्कृति पर आधारित मोहन जो दड़ो,सिंध के प्रतापी राजा दाहिर सेन का महल आदि झांकियां दर्शकों को मोहित कर रही थी। सामाजिक सरोकार की झांकी बोरवेल बंद करो सुंदर संदेश दे रही थी। एक झांकी में मां बाप की सेवा असली महाकुंभ है दर्शकों के आकर्षण का केंद्र थी ।

**शोभायात्रा का मार्ग:** कोषाध्यक्ष दीपक कुमार डुलानी ने बताया कि शोभायात्रा चौगान से आरंभ हो कर गणगौरी बाज़ार,चांदपोल बाज़ार, खज़ाने वालों का रास्ता , इंद्रा बाज़ार,नेहरू बाज़ार,बापू बाज़ार, जौहरी बाज़ार,बड़ी चौपड़ ,हवामहल बाज़ार,चांदी की टकसाल होती कंवर नगर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर पहुंची ।पूज्य सिंधी पंचायत कंवर नगर के थांवर दास रामरख्यानी,साधु राम तोतलानी,रूपचंद दौलतानी ने शोभायात्रा का स्वागत किया ,फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए ।देर रात झांकी परिणामों की घोषणा हुई ।

**मंदिरों में विशेष आयोजन:** प्रवक्ता तुलसी संगतानी ने बताया कि शहर के झूलेलाल मंदिरों में प्रात: काल भगवान झूलेलाल का पंचामृत अभिषेक कर नवीन वस्त्र धारण कराए गए ।मंदिर के शिखर पर लाल रंग की धर्म ध्वजा फहराई गई । ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया गया ।बिजली की झालरों से मंदिर परिसर सजाए गए ।महिलाओं ने मीठे चावल और छोले का भोग भगवान को लगाया ,साथ ही चावल (अक्षत) चीनी और जल अंजुलि में लेकर भगवान से अखो प्रार्थना किया ,आंचल फैलाकर पूरे विश्व के कल्याण के लिए विशिष्ट पल्लव प्रार्थना की।

## सीआई राजेश सिहाग एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में प्रमुख स्वयंसेवी संगठन सौरव एनएसएम यूथ जागृति संस्थान की ओर से विशेष कार्यक्रम रखा गया। भाजपा महिला मोर्चा की



जिला उपाध्यक्ष नीलम पूनियां के पुत्र सौरव की 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह भी हुआ। समारोह की अध्यक्षता जयपुर के विकास फाउंडेशन निदेशक विकास सिरोही ने की तथा अतिथि गण वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, चूरू के विधायक हरलाल सहारण एवं पद्मभूषण देवेंद्र झाझडिया थे कार्यक्रम में पूर्व उप जिला प्रमुख सुरेंद्र स्वामी, जिला मंत्री कौशल पूनियां, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड़, खाद्य पदार्थ विकास समिति के अध्यक्ष राधेश्याम डोकवे वाला, राजगढ़ महिला मण्डल संयोजक ज्योति मुकेश सरावगी एवं प्रोफेसर दिलीप पूनियां आदि थे। संयोजन कृष्ण जांगिड़ ने किया। संस्थान की अध्यक्ष नीलम पूनियां ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर राजगढ़ पुलिस थानाधिकारी सीआई राजेश कुमार सिहाग सहित उन खिलाडियों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले खिलाडियों में गोल्ड मैडल विजेता कर्ण सिंह मेघवाल, सौभाग्यश्री जांगिड़, सिल्वर मेडल विजेता नरेश अडिया, यशजीत व प्रमोद पूनियां शामिल थे।

## मुख्यमंत्री से सुमित्रा पूनिया की मुलाकात, सादुलपुर के विकास को मिली नई सौगात

**सादुलपुर।** सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी सुमित्रा पूनिया ने जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री



ने सादुलपुर के लिए 53 करोड़ की लागत से तीन सडक़ों के चौड़ाइकरण को मंजूरी प्रदान की, जिससे क्षेत्रवासियों को सुगम और बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी ।पंचायत परिसीमन और पुनर्गठन को लेकर विस्तार से चर्चा ?53 करोड़ की लागत से तीन सडक़ों के चौड़ाइकरण की मंजूरी हरपालु से रामपुराहमीरवास से रामपुराचांदगोठी से रामपुरा पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री को प्रस्ताव सौंपामुख्यमंत्री ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया इस अवसर पर सुमित्रा पूनिया ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह स्वीकृतियां सादुलपुर क्षेत्र के नागरिकों के लिए विकास की नई राह खोलेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों पर हमेशा तत्पर रहती है और आने वाले समय में भी क्षेत्र का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

## विधायक डॉ.गर्ग दो दिवसीय दौरे पर, विभिन्न सामाजिक कार्यकम में की शिरकत

**भरतपुर।** पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ. सुभाष गर्ग अपने दो दिवसीय दौरे पर रविवार को भरतपुर पहुंचे। जहां उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित



विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। दौरे के दौरान नौह गांव में नगर निगम द्वारा बनाए गए कचरे संयंत्र में पड़े कचरे में अचानक आग लग गई जिस की सूचना ग्रामीणों द्वारा डॉ गर्ग को दी गई। जिस पर विधायक डॉ गर्ग द्वारा उपखंड अधिकारी और आयुक्त को तत्काल आग को बुझाने के निर्देश दिए गए जिससे किसानों की फसलों को कोई नुकसान न हो। विधायक डॉ.गर्ग ने पूज्य सिन्धी पंचायत समिति द्वारा श्री झूलेलाल जयंती पर आयोजित शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर भगवान श्री झूलेलाल का डॉ.गर्ग द्वारा विधि विधान द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा उनका हम प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी और श्रद्धालुओं ने इसमें बड़ी संख्या में भाग लिया। दौरे के दौरान डॉ. सुभाष गर्ग ने गांव त्योंगा और शहरी क्षेत्र में आमजन के सुख दुख में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। ग्रामीणों ने विकास कार्यों को गति देने की मांग रखी।

## भारतीय संस्कृति के विचार ही वैश्विक संस्कृति का मूलः विपिन बिहारी पाठक

**झुंझुनूं।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह की श्रृंखला में केशव आदर्श विद्या मंदिर में रविवार को भारतीय संस्कृति के वैज्ञानिक पक्षों पर साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन सूचना एवं जनसंपर्क विभाग और साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में साहित्य परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री विपिन बिहारी पाठक ने वर्तमान युग में भारतीय संस्कृति का महत्व एवं इसके वैज्ञानिक पक्ष पर अपना व्याख्यान दिया। भारतीय संस्कृति का हर पक्ष वैज्ञानिक रूप से सिद्ध किया हुआ है। संगोष्ठी में सीकर साहित्य परिषद के अध्यक्ष सज्जन सिंह, मुकेश कुमार, झुंझुनूं संयोजक जियाराम ने भी अपने विचार रखे। शिक्षाविद विद्या पुरोहित ने विभिन्न त्योंहारों के महत्व को रेखांकित किया।

## लायन्स क्लब झुंझुनूं के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष भागीरथ प्रसाद जांगिड़ बने



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** बगड़ रोड़ स्थित पंसारी लायन्स मातृ शिशु–अस्पताल में रविवार लायन्स क्लब झुंझुनूं की सभा क्लब अध्यक्ष डॉ.बबीता कुमावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता ने गत सभा की कार्यवाही पढकर सुनाई जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार की गयी। लायन्स क्लब झुंझुनूं की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2025–26 जिसका कार्यकाल एक जुलाई 2025 से प्रारंभ होगा की सर्वसम्मति से घोषणा की गयी। क्लब संरक्षक एमजेएफ लायन सत्यनारायण शर्मा द्वारा प्रस्तुत नॉमिनेशन रिपोर्ट नवनिर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2025–26 के लिए पढकर सुनाई जिसमें अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष भागीरथ प्रसाद जांगिड़, निवर्तमान अध्यक्ष डाक्टर बबीता कुमावत, पूर्व गवर्नर एमजेएफ लॉयन एस.के.केजड़ीवाल, संरक्षक एमजेएफ लॉयन एस.एन. शर्मा, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन किशन लाल जांगिड़, अध्यक्षीय सलाहकार लायन पी.एल. हलवाई एवं एमजेएफ लायन नरेन्द्र व्यास, प्रथम उपाध्यक्ष एमजेएफ लायन योगेश खंडेलिया, द्वितीय उपाध्यक्ष लायन शिव कुमार जांगिड़ एवं तृतीय उपाध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ. डी.एन.तुलस्यान, चैयरमैन मेंबरशिप ग्रोथ कमैटी लायन डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत, सदस्य मेंबरशिप ग्रोथ कमैटी लायन सुरेश मोदी एवं लायन संपत राम पुरोहित,

सह–सचिव एमजेएफ लायन रघुनाथ प्रसाद पोद्दार, सह–कोषाध्यक्ष लायन उत्तम तुलस्यान, लायन टेमर एमजेएफ लायन उमर कुरेशी, टेल ट्विस्टर लायन महिपाल सिंह, डायरेक्टर लायन डॉ. एन.एस. नरुका, एमजेएफ लायन अमरनाथ जांगिड़, लायन शकुंतला पुरोहित, लायन रतन लाल शर्मा, लायन कैलाश चंद सिंघानिया, लायन आर.सी. मोदी, लायन विश्वनाथ सोनी, लायन एमजेएफ डॉ. मनोज सिंह टीकेएन, लायन ओमप्रकाश जांगिड़ एवं लायन सीए पवन केडिया, ग्रेटर कमेटी में एमजेएफ लायन एस.एस. डालमिया, लायन एम.डी. चोपदार, क्लब का पीआरओ लायन अशोक सोनी को नियुक्त किया गया है। सभा में अनेक क्लब सदस्यों ने अपनी भागीदारी दर्ज करवाकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनका स्वागत अभिनन्दन किया। एक जुलाई 2025 से बनने जा रहे नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव ने अपने उद्बोधन में कहा कि वे पूर्व क्लब संरक्षक एमजेएफ लायन स्व.डॉ.जे.सी.जैन एवं वर्तमान क्लब संरक्षक एमजेएफ लायन सत्यनारायण शर्मा के बनाये आदर्शो पर चलते हुए क्लब के सभी सदस्यों को टीम भावना के साथ लेकर लायन्स क्लब झुंझुनूं को सेवा कार्यो में और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का भरपूर प्रयास करेगें। उन्होने क्लब द्वारा उनमें व्यक्त किये गये विश्वास के लिए भी सभी लायन साथियों का आभार प्रकट किया।

## यूथ फॉर नेशन फाउंडेशन ने किया प्रदर्शन

### राणा सांगा पर की गई टिप्पणी को लेकर जताया रोष, उप राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**बाडी।** राज्यसभा में सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी को लेकर शनिवार को धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में यूथ फाउंडेशन संगठन द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। शहर के मुख्य मार्ग से रैली निकालकर जुलूस के रूप में युवा बाड़ी उप जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे,जहां सपा सांसद का पुतला जलाया गया साथ में उपराष्टपति जगदीश धनकर के नाम उप जिला कलेक्टर भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौंपा गया। यूथ फॉर नेशन के जिलाध्यक्ष देव पाराशर ने बताया कि देश की आन,बान,शान के प्रतीक राजस्थान के वीर योद्धा राणा सांगा पर सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में जो टिप्पणी की है। वह किसी भी दृष्टि में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस टिप्पणी का युवाओं में विरोध है और सभी युवा मांग करते हैं,कि देश के उपराष्टपति एवं राज्यसभा के अध्यक्ष जगदीश धनखड़ उन्हें तुरंत उनकी सदस्यता से बर्खास्त करें। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो देश का युवा सड़कों पर होगा। उन्होंने कहा कि राणा सांगा जैसे महान देशभक्त पर इस प्रकार का अनर्गल आरोप बर्दाश्त के काबिल नहीं है। अगर कार्रवाई नहीं होती है,तो युवा सड़कों पर उतरेंगे और विरोध प्रदर्शन के साथ आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान उपराष्टपति के नाम शनिवार को बाड़ी उप जिला कलेक्टर भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौंपा गया।

## राजगढ़ शहर में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते 6 युवक गिरफ्तार

**सादुलपुर।** राजगढ़ पुलिस ने रविवार को सार्वजनिक जगह पर जुआ खेलने वाले 6 लोगों को गिरफ्तार कर किया है। गिरफ्तार आरोपियों में राजगढ़ सुभाष नगर के निवासी वीरेंद्र नायक, बाबू गफूर दमानी तथा रवि नायक, बास जीराम गांव का विकास जाट, राजगढ़ के वार्ड 16 का निवासी पंकज जोगी और पुराने सरकारी अस्पताल के पास रहने वाला साहिल कायमखानी शामिल है। राजगढ़ थानाधिकारी सीआई राजेश कुमार सिहाग के अनुसार बालाजी कॉलोनी में एक जगह पर ताश के पत्तों पर जुआ खेले जाने की सूचना मुखबीर के द्वारा मिली। इस पर हेड कांस्टेबल सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस दल ने जाकर कार्रवाई की तो जुआ खेलते हुए उपरोक्त 6 युवक मिले। ताश के पत्तों पर जुआ खेलने वाले युवकों के घुटनों के नीचे रुपए भी दबे हुए मिले।

# मंदबुद्धि बालक को मध्यप्रदेश के सागर से किया दस्तयाब

## 23 महीने से नही लगा पता तो परिजनों ने लगाई थी हाईकोर्ट में याचिका

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले की बाड़ी कोतवाली थाना क्षेत्र में शहर के तुलसीवन रोड़ स्थित गायत्री कॉलोनी से करीब 23 महीने पहले एक मंदबुद्धि 11 वर्षीय बालक गायब हो गया था।

गायब बालक की काफी तलाश करने के बाद जब परिजनों को सफलता नहीं मिली तो परिजनों द्वारा बाड़ी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी गई। पुलिस द्वारा काफी मशक्कत के बाद जब बालक का पता नहीं लगाया जा सका तो परिजनों ने हाईकोर्ट में अपील दायर की। हाईकोर्ट ने मामले को संज्ञान में लेते हुए धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा को बालक को दस दिन में दस्तयाब करने के निर्देश दिए। वही हाईकोर्ट के निर्देश पर धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा बालक की खोज करने वाले को 25000 रुपए का इनाम देने की घोषणा करते हुए विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम में शामिल हैंड कांस्टेबल अजब सिंह के साथ कांस्टेबल हरेन्द्र ने अथक प्रयास करते हुए 7 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार को बालक को मध्यप्रदेश के सागर से दस्तयाव कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिसके चलते बाड़ी कोतवाली थाना पुलिस का थाना प्रभारी अमित कुमार शर्मा पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस का इकबाल बुलंद हुआ है।

बाड़ी सर्किल ऑफिसर पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि लापता बालक आकाश उर्फ अब्बा पुत्र वेदरिया प्रजापति 15 जून 2023 को घर से बाहर निकालने के बाद लापता हो गया था,ऐसे में मामले को लेकर लापता बालक के भाई दीपक पुत्र वेदरिया ने पुलिस में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। पुलिस द्वारा काफी मशक्कत की गई,लेकिन बालक का पता नहीं लग सका। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक धौलपुर द्वारा बालक को जल्द दस्तयाब करने के लिए 12 सदस्यीय टीम का गठन करते हुए बालक की खोज करने वाले को 25000 रुपए की राशि इनाम के रूप में देने की घोषणा की,ऐसे में पुलिस निरीक्षक अमित कुमार शर्मा प्रभारी पुलिस थाना कोतवाली बाड़ी, उपनिरीक्षक हरवीर सिंह,सहायक उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार शर्मा के साथ कांस्टेबल वेदांत, ओमप्रकाश, श्रीपाल,सूबेदार, राजू, बीरबल और अजब सिंह एवं हरेन्द्र सिंह की चार टीमों का गठन कर अलग–2 स्टेट में भेजी गई। सीओ महेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि मध्यप्रदेश भेजी गई टीम में शामिल हैंड कांस्टेबल अजब सिंह और हरेन्द्र सिंह ने अथक प्रयास करते हुए एमपी में बालक की तलाश की,जिसकी लोकेशन सागर में मिली,ऐसे में पुलिस टीम ने सागर आश्रम पहुंचकर बालक को दस्तयाब करने के बाद परिजनों से उसकी पहचान कराई गई। जिन्होंने अपने बालक की पहचान की है। जिस पर पुलिस ने रविवार को बालक को बाड़ी लाकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## राजस्थान दिवस पर 'रन फॉर फिट राजस्थान' दौड़ का आयोजन

**झुंझुनूं।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ स्वर्ण जयंती स्टेडियम से शुरू होकर मंडावा मोड़, सुभाष मार्ग, रोडवेज बस स्टैंड, नगर परिषद होते हुए शहीद स्मारक तक पहुंची। दौड़ का शुभारंभ नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनिया, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) सुभाष चंद्र ढाका, उपनिदेशक पर्यटन देवेंद्र चौधरी एवं जिला खेल अधिकारी राजेश ओला द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौड़ में लगभग 150 खिलाड़ी और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।



## शर्मा ने हर्षनाथ भैरव मंदिर, जीण माताजी, खाटूश्यामजी मंदिर में दर्शन कर देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की

**सीकर।** जिले के पवित्र धाम पर वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री एवं सीकर जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने शनिवार को सायं जिले के हर्षनाथ भैरव मंदिर, जीणमाताजी, खाटूश्यामजी मंदिर में पूजा दर्शन कर देश—प्रदेश की खुशहाली की कामना की। जिले के प्रभारी मंत्री शर्मा ने हर्ष पर्वत पर वन विभाग द्वारा निर्मित संरचनाओं के कार्यों का निरीक्षण कर सहायक वन संरक्षक को आवश्यक दिशा—निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि हर्ष पर्वत को ईको ट्यूरिज्म युनिट के रूप में विकसित कर उसका अधिकतम उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि ईको ट्यूरिज्म का प्लान बनाकर गेस्ट हाऊस में रूकने एवं खाने—पीने की सुविधा शुरू करवाई जाए। सहायक वन संरक्षक को निर्देशित किया गया कि वन विभाग पर्यटन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर हर्ष पर्वत पर्यटन स्थल का व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार कर सस्टेनेबल मॉडल के रूप में स्थापित करने के सक्रिय प्रयास किये जाए। इस दौरान उन्होंने हर्ष पर्वत पर भैरव मंदिर में पूजा अर्चना भी की। वन,पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री एवं सीकर जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने जीणमाता मंदिर पहुंचकर जीणमाता मंदिर में पूजा—अर्चना की। मंदिर के प्रकाश पुजारी, आईश पूजारी ने प्रभारी मंत्री को विधिवत पूर्जा अर्चना करवाई। जीणमाता पहुंचने पर महेन्द्र पाराशर ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया।

## रोजा इफ्तारी प्रोग्राम के माध्यम से दिया भाईचारे का संदेश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** चान्दनी चौक स्थित मस्जिद लुहारान के आगे बुंटिया गांव के सुरेश सैन की ओर से में पवित्र माह–ए–रमजान पर्व पर रोजा इफ्तारी की दावत में सर्वसमाज के लोगों ने एक साथ रोजा खोलकर देश में अमन चौन खुशहाली भाईचारा व देश की तरक्की उन्नति की दुआ की। आयोजक सुरेश सैन ने कहा की ऐसे आयोजन के जरिए प्रेम, सद्भावना और सौहार्द का संदेश देने की पहल प्रशंसनीय है। उपस्थित रोजेदारों ने कहा कि इस आयोजन में कौमी एकता की बेहतरीन तस्वीर देखने को मिली जब मुस्लिम भाइयों को हिंदू भाइयों की ओर से रोजा इफ्तार के तहत रोजा खुलवाया गया।

इस अवसर पर अनूप पूनिया, सोनू सैन बूंटिया, शिवदान, अमित सैन, लोकेश शर्मा, मदनलाल मीणा, करामत अली, मोसमदिन, सरवर अली, शौकीन, मो. शाबिर, अनारदिन, बुन्दू खां, मो रफीक, बशीरदिन, अयूब, उम्मेद अली, मुबारिक, शरीफ, मनोहरलाल शर्मा, मुस्ताक, साजिद व शाकिर व अल्लानुर सहित सर्व समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## हिंदू नववर्ष के अवसर पर बाड़ी में निकली भव्य शोभायात्रा

### भारतीय संस्कृति उत्थान समिति के तत्वाधान में हुआ आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में भारतीय संस्कृति उत्थान समिति के तत्वाधान में हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के अवसर पर बाड़ी शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा के अध्यक्ष शिवशंकर ने बताया कि– भारतीय संस्कृति उत्थान समिति पिछले कई वर्षों से बाड़ी में निकलने वाली समस्त महापुरुषों की शोभायात्राओं एवं कार्यक्रमों का स्वागत सम्मान करती आई है। और आज हिंदू नववर्ष के अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रति युवाओं में आकर्षित करना,त्यौहार मनाना हम सब की जिम्मेदारी है।

वही शोभायात्रा के सहसंयोजक दिनेश गुर्जर ने सभी युवाओं से अपने त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा बाड़ी के अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर सीताराम बाजार,लुहार बाजार,घंटाघर,गर्ल्स स्कूल होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पर समापन हुआ। शहर के मुख्य चौराहों पर सर्व समाज,बाड़ी की सभी संस्थाओं,सभी समाजों ने बढ़कर भाग लिया एवं भव्य शोभायात्रा का जगह–जगह पुष्प बरसाकर स्वागत किया एवं नवरात्रा के प्रथम दिन पर सभी ने एक दूसरे को होली टीका लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। शोभायात्रा सामाजिक समरसता एवं सद्भाव के साथ संपन्न हुई। जिसमें पुलिस प्रशासन की माकूल व्यवस्था रही।

इस मौके पर युवाओं ने जय श्री राम के नारे लगाए। जिससे शहर गूंज उठा,शोभायात्रा में प्रमुख समाजसेवी भगवानदास गर्ग,विष्णु सिंघल,कपिल गर्ग,सुनील गर्ग कंपनी परिवार,रवि मोदी,महेश भटेले, दारासिंह पचौरी,जीतेन्द्र शर्मा, धर्मराज गुर्जर,राहुल कौशल, दीपक परमार,विक्की परमार,शरद चौहान, गोपेश पचौरी,रामकुमार गर्ग, अग्रवाल समाज के मुन्नालाल मंगल, राधेश्याम गर्ग एडवोकेट, हरिशंकर सर्राफ, हरीबाबू गौड़,नरेश यादव, नरेन्द्र जादौन,आकाश यादव, रामेन्द्र मीणा, हरिओम अग्रवाल, मुकेश विधौलिया, रामकुमार शर्मा, नत्थीलाल पहाड़िया, ललित शर्मा, सतीश प्रजापति, भुवनेश्वर शर्मा, सचिन बंसल, अमित मंगल, प्रेमसिंह पोसवाल,अशोक शर्मा, कार्तिकेय, ऋषभ शर्मा, विजेन्द्र सोनी,वंदना शिवहरे,रोशनी शिवहरे,निरमा सिंघल,ऊषा मित्तल,रजनी सिंघल,संध्या शर्मा,कामना महेरे एवं मातृशक्ति मौजूद रही।

# बाड़मेर : कलाकारों ने दी वाणी-हरजस प्रस्तुतियां, महिलाएं-पुरुष नाचने लगे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** थार की लुप्त हो रही लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने और वाणी गायन की परंपरा को मजबूत करने के लिए बाड़मेर में वीणा उत्सव का आयोजन शनिवार शाम को किया गया था। रातभर तक वीणा गायन में राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, पंजाब सहित अलग राज्यों से पहुंचे गायक कलाकार। प्रोग्राम में विधायक, जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी भी पहुंचे। दरअसल, बाड़मेर रूमा देवी फाउंडेशन और ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान की ओर से आयोजित वाणी उत्सव 2025 और दानजी स्मृति मारवाड़ भजनी पुरस्कार समारोह का दो दिवसीय भव्य आयोजन थार नगरी बाड़मेर में जारी है। प्रोग्राम में शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी, चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, भाजपा नेता दीपक कड़वासरा, कांग्रेस सचिव लक्ष्मण गोदारा, यूथ कांग्रेस के राजेंद्र कड़वासरा, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

▶▶ दानजी स्मृति भजनी प्रतियोगिता



### देशभर से प्रतिष्ठित कलाकारों की सहभागिता

शाम सात बजे से शुरू हुए वाणी भजन कॉम्पिटिशन प्रोग्राम में लोक संगीत की यह अनूठी परंपरा अपने चरम पर थी। गणेश वंदना व गुरू वधावा के भजनों से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, पंजाब सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचे। वाणी गायक कलाकारों ने कबीर, मीरा, गोरख, दादू, डूंगरपुरी जैसे संतो के पारंपरिक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान वीणा, ढोलक, खड़ताल और अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों की संगत में भजनों की गूंज ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रात एक बजे के बाद देशकाल की परंपरा के अनुरूप वाणी प्रतियोगिता होगी जिसमें अनुभवी कलाकार बिना साउंड सिस्टम से परम्परागत तरीके से अपने ज्ञान और स्वर साधना का अद्भुत परिचय दिए। इस उत्सव में स्थानीय वाणी गायक कलाकारों के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित लोक कलाकारों ने भाग लिया, जिनमें मध्यप्रदेश से पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया, कच्छ के सुप्रसिद्ध वाणी गायक मुरालाला मारवाड़ा, जैसलमेर के महेशाराम, जालौर के जोगभारती शामिल हैं।

### भव्य शोभायात्रा से उत्सव का शुभारंभ

इस ऐतिहासिक आयोजन की शुरुआत एक भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसमें वाणी गायक, मातृशक्ति और संगीत प्रेमी महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए, वाणी गायन और हरजस गायन की मधुर धुनों के साथ उत्सव स्थल तक पहुंची। दो दिवसीय वाणी उत्सव के पहले दिन, 500 से अधिक वाणी गायकों और 500 से अधिक महिलाओं ने अपने सुरों से पारंपरिक गायन कला की अनूठी छटा बिखेरी। विशेष रूप से हरजस गायन, जो अब तक गांव-ढाणी और आंगनों तक सीमित था, पहली बार बड़े मंच पर प्रस्तुत किया गया। जिससे इस परंपरा को नए आयाम मिले।



### दानजी स्मृति मारवाड़ भजनी पुरस्कार वितरण की तैयारी

वाणी उत्सव के अंतिम चरण में इस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वाणी गायन के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों को पांच श्रेणियों में कुल तीन लाख रुपए के पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही अन्य प्रतिभाशाली कलाकारों को पांच लाख रुपए मूल्य के वीणा वाद्ययंत्र भेंट किए गए। यह आयोजन न केवल कलाकारों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को वाणी गायन और हरजस परंपरा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य भी करेगा, जिससे इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा। लइस आयोजन के माध्यम से थार की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और संवर्धित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, जो आने वाले समय में लोक संगीत और परंपराओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा।

# तांत्रिक बनकर जेवरात-लाखों रुपए हड़पे

▶▶ प्रेमी-प्रेमिका गिरफ्तार, 1.80 लाख रुपए बरामद

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की मंडली पुलिस ने धोखाधड़ी, तांत्रिक बनकर झांसा देकर जेवरात व लाखों रुपए हड़पने के मामले में प्रेमी-प्रेमिका को गिरफ्तार किया है। दो माह पहले दोनों ने बुजुर्ग को रुपए दुगुने करने का झांसा देकर जेवरात व रुपए हड़पे थे। पुलिस के अनुसार मंडली बलाऊ सांसण निवासी किशनाराम पुत्र बाबूराम ने तीन फरवरी को पुलिस थाना मंडली में रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने



तांत्रिक बनकर पिता से रुपए दुगने करने का झांसा देकर सोने के जेवरात व सात लाख रुपए हड़प लिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की गई।

### डिटेन कर पूछताछ की तो जुर्म कबूला

मंडला थानाधिकारी महेश कुमार ने बताया- रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पीड़ित से पूरे मामले की जानकारी ली गई। पीड़ित से आरोपी के हुलिया पूछकर आरोपी की तलाश शुरू की गई। टीम ने परंपरागत व तकनीकी आधार पर तांत्रिक बन ठगी करने वाले प्रेमी समजूनाथ (50) पुत्र अर्जुननाथ निवासी रामनगर रीको बाड़मेर और उसकी प्रेमिका आसुड़ी (45) पत्नी चंद्र नाथ निवासी भीमरलाई पचपदरा बालोतरा को डिटेन किया गया। पूछताछ में जुर्म कबूल करने पर दोनों को गिरफ्तार किया। दोनों को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। मामले पीड़ित से हड़पी 1.80 लाख रुपए बरामद किए गए। वहीं बाकी रुपए पार्टी करने, घूमने-फिरने व शौक-मौज करने में खर्च कर दी। धोखाधड़ी से हड़पी सोने की अंगूठी व गले में पहनने का फूल प्रेमिका आसूड़ी ने अपनी भतीजी बदामी उर्फ गंगा के पास बताया।

# जोधपुर : तस्कर ने पेड़ के नीचे छिपाया नशा

▶▶ आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण की खेड़ापा थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने मकान के बाहर खेजड़ी के पेड़ के नीचे मादक पदार्थ छुपा रखा था। उसके कब्जे से चार किलो 555 ग्राम अवैध डोडा पोस्त पाया गया। पुलिस ने मामले में इस मामले में हरलाल पुत्र भाकरराम विश्नोई निवासी बासनी डांवरा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने अवैध मादक पदार्थ घेवरराम विश्नोई निवासी तापु से 26 मार्च को खरीदा था। बताया कि उसे घेवरराम घर पर डोडा सप्लाई करने आया था।

# पचपदरा रिफाइनरी में तेंदुए की दहशत

**बालोतरा।** पचपदरा में राजस्थान रिफाइनरी क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से प्रशासन सतर्क हो गया है। उपखंड अधिकारी अशोक कुमार ने रविवार को रिफाइनरी में तेंदुए को पकड़ने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वन विभाग की टीमें तेंदुए के फुटमार्क के आधार पर लगातार खोज कर रही हैं। क्षेत्र में 24 घंटे निगरानी के लिए ट्रैकिंग कैमरे लगाए गए हैं। प्रशासन ने जानवर को



पकड़ने के लिए पिंजरे भी लगाए हैं। उपखंड अधिकारी ने बताया- रिफाइनरी का क्षेत्र बड़ा है। यहां झाड़ियां और पाइपलाइन का जाल बिछा है। इससे तेंदुए को छिपने की जगह मिल रही है। यही कारण है कि टीम को उसे पकड़ने में मुश्किल हो रही है। प्रशासन ने लोगों से घबराने की जरूरत नहीं बताई है। रिफाइनरी में काम करने वाले कर्मचारियों को सतर्क रहने को कहा गया है। आसपास के लोगों से अनावश्यक बाहर न निकलने की अपील की गई है।

# दिनदहाड़े युवक की लाठी-डंडों से पिटाई

▶▶ गंभीर हालात में हॉस्पीटल में भर्ती

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** नेशनल हाइवे 68 पर गाड़ी में जा रहे युवक पर कुछ बदमाशों ने कैंपर आड़े देकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बेरहमी से मारपीट की गई साथ ही युवक का एक पैर तोड़ दिया। घटना बाड़मेर जिले के सदर थाना इलाके के ओएस मोटर्स के पास रविवार करीब दो बजे की है। पुलिस के अनुसार हाथी तला निवासी जसिया उर्फ जसराज (29) बाड़मेर शहर से अपने गांव की तरफ बोलेरो कैंपर में जा रहा था। नेशनल हाइवे 68 ओएस मोटर्स के पास दूसरी बोलेरो कैंपर में सवार होकर आए। बदमाशों ने गाड़ी को आडे देकर रुकवाई। जसराज के साथ लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान युवक जोर-जोर चिल्लाने करने लगा। बदमाशों ने युवक का पैर तोड़ दिया। सड़क किनारे घायल हालात में युवक को छोड़कर भाग गए। सूचना मिलने पर कोतवाली, सदर थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को हॉस्पीटल पहुंचाया। वहां पर इलाज चल रहा है। डीएसपी रमेश कुमार शर्मा ने बताया- युवक के पर्चा बयान लिए गए। युवक ने बताया कि हिंदू सिंह, सवाई सिंह नामक बदमाशों ने मारपीट की। फिलहाल युवक का हॉस्पीटल इलाज चल रहा है। वहीं बदमाश मौके से भाग गए। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।



### पुरानी रंजिश के चलते किया हमला

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बदमाशों और युवक के बीच में करीब एक माह पहले बोलचाल हुई थी। साथ ही पुरानी रंजिश के चलते युवक पर हमला किया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही।

# जसोल धाम में नवरात्रि का शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोलधाम में चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। पंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं संत महामंडल अध्यक्ष महंत नारायण गिरी जी महाराज की उपस्थिति में विधिपूर्वक घट स्थापना की गई। मंदिर अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल ने मां जसोल के भक्तों की मनोकामना पूर्ति के लिए विशेष पूजा-अर्चना संपन्न कराई। उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मां दुर्गा की विधिवत पूजा कर भक्तों के मंगलमय जीवन की कामना की। घट स्थापना से पूर्व मंदिर प्रांगण में विशेष आयोजन हुआ। जसोल ग्राम के सर्व समाज की कन्याओं एवं बटुकों का पूजन कर उन्हें फल, प्रसाद एवं दक्षिणा प्रदान की गई। इस अवसर पर जयपुर निवासी सवाईराम (समर्थाराम के पुत्र) ने भंडारे का आयोजन किया। उनके परिवार की ओर से सभी



श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। मंदिर प्रांगण में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महंत नारायण गिरी जी महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा और विधि-विधान से मां शैलपुत्री की पूजा करता है, उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन के कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि मां शैलपुत्री को माता पार्वती भी कहा जाता है, तथा उनका वाहन वृषभ होने के कारण वे वृषभारूढ़ा भी कहलाती हैं। महंत नारायण गिरी जी ने बताया कि मां शैलपुत्री की पूजा में सफेद रंग का विशेष महत्व है, क्योंकि यह शांति और पवित्रता का प्रतीक है। मां को प्रसन्न करने के लिए सफेद फूल, सफेद मिठाई (खीर, खाजा, सफेद लड्डू) एवं दूध-दही अर्पित करना शुभ माना जाता है। संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल ने घट स्थापना के अवसर पर कहा कि देवी मां शैलपुत्री का स्वरूप अत्यंत शांत, सरल, सुशील और दयालु है। उनका रूप दिव्य एवं आकर्षक है। दाएं हाथ में त्रिशूल एवं बाएं हाथ में कमल पुष्प शोभायमान है, जो उनकी शक्ति और सौम्यता का प्रतीक है।

# घर में घुसकर पाइप-डंडों से हमला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट की देवनगर थाना पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मुख्य आरोपी पुलिस से बचने के लिए अलग-अलग जगह पर फरारी काट रहा था। गौरतलब है कि 27 मार्च को प्रार्थी शिवराज नट निवासी चौपासनी हाउसिंग बोर्ड ने रिपोर्ट दी थी। बताया कि वह मसूरिया नट बस्ती से अपने चाचा श्याम सिंह के घर पर आया हुआ था। सुबह 11 बजे के करीब उसके चाचा के पड़ोस में रहने वाले रमेश पुत्र मोतीराम, शेर सिंह पुत्र मोतीराम, लखन पुत्र रमेश और बलवीर पुत्र रमेश आए। उन्होंने उनके चाचा श्याम सिंह के सिर पर डंडे और लोहे के पाइप लेकर हमला कर दिया। इसके चलते सिर में गहरी चोट लगने की वजह से वो मौके पर ही बेहोश होकर गिर गए बाद में उन्हें मथुरादास माथुर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है। घटना सामने आने के बाद डीसीपी वेस्ट राजर्षि राज वर्मा के निर्देशन में एसीपी प्रताप नगर रविंद्र कुमार बोथरा के सुपरविजन में थाना अधिकारी सोमकरण की टीम ने आरोपी रमेश, शेर सिंह, लखन, बलवीर निवासी नट बस्ती मसूरिया को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



▶▶ मुख्य आरोपी सहित चार को पकड़ा

▶▶ ठिकाने बदल कर काट रहे थे फरारी

## व्यापार जगत

# एलन मस्क को एक्स से 94000 करोड़ का नुकसान



**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने अपनी सोशल मीडिया कंपनी एक्स (पहले ट्विटर) को बेच दिया है। एक्स को एलन मस्क की ही दूसरी कंपनी xAI ने खरीदा है। एक्स का बिकना यूं ही नहीं हुआ है। जब से एलन मस्क ने एक्स को खरीदा है, उन्हें 94000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। मस्क ने 2022 में ट्विटर को 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था। एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'इस समझौते में xAI का वैल्यूएशन 80 बिलियन डॉलर और एक्स की वैल्यूएशन 33 बिलियन डॉलर है।' उन्होंने ये भी बताया कि एक्स पर 12 बिलियन डॉलर का कर्ज भी है। इस कर्ज को मिलाकर एक्स की वैल्यूएशन 45 बिलियन डॉलर हो जाती है। ये डील पूरी तरह से स्टॉक में हुई है। इसका मतलब है कि xAI ने एक्स को खरीदने के लिए अपने

### गिर गई थी एक्स की वैल्यू

▪ एक रिपोर्ट में एक्स की वैल्यूएशन में आई गिरावट के बाद सुधार की बात कही गई। फाइनेंशियल एक्सप्रेस ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया है कि FIDELITY ने दिसंबर 2024 तक एक्स की वैल्यू को 72% तक कम कर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार मस्क के 2022 में अधिग्रहण के बाद एक्स की वैल्यूएशन 12 बिलियन डॉलर तक गिर गई थी।

### क्या घाटे का सौदा किया मस्क ने ?

हाल ही में एक्स की वैल्यूएशन में 70% से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन एलन मस्क की एक पोस्ट के अनुसार इसकी कुल वैल्यू करीब 45 बिलियन डॉलर है। एलन मस्क की पोस्ट के मुताबिक इस सौदे में एक्स की वैल्यूएशन 33 बिलियन डॉलर आंकी गई है। इसमें 12 बिलियन डॉलर का कर्ज भी शामिल है। मस्क ने साल 2022 में ट्विटर (अब एक्स) को 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था। इसका मतलब है कि उन्हें करीब 11 बिलियन डॉलर (करीब 94000 करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है, भले ही 12 बिलियन डॉलर का कर्ज अभी बाकी है।

### ट्रंप फिर से एक्स के साथ खड़े हो सकते हैं

साल 2022 में मस्क के अधिग्रहण के बाद एक्स को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब विज्ञापनदाताओं ने इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को छोड़ दिया। हालांकि अब ऐसा नहीं है। Apple, Disney और कई अन्य विज्ञापनदाता फिर से एक्स के साथ आ रहे हैं। मस्क ने ब्लू टिक के लिए पेमेंट करने का विकल्प शुरू किया और Grok ने भी कंपनी के मुनाफे में योगदान दिया। अमेरिकी चुनाव के दौरान मस्क और डोनाल्ड ट्रंप साथ रहे। ट्रंप का चुनाव जीतना भी एक्स के लिए वरदान रहा। माना जा रहा है कि अगर एक्स की वैल्यू में गिरावट आती है तो ट्रंप फिर से एक्स के साथ खड़े हो सकते हैं।

# अमेरिकी कंपनी भारत में बनाएगी परमाणु रिएक्टर

▶▶ टाटा समेत तीन कंपनियां करेंगी काम पूरा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी कंपनी अब भारत में परमाणु रिएक्टर बना सकेंगी। अमेरिका के ऊर्जा विभाग ने एक कंपनी को भारत में परमाणु रिएक्टर बनाने की मंजूरी दे दी है। इस कंपनी का नाम होल्टेक इंटरनेशनल है। DoE ने 26 मार्च को इस कंपनी को मंजूरी दी। यह मंजूरी '10CFR810' नाम के एक नियम के तहत दी गई है। यह नियम अमेरिका के परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1954 का हिस्सा है। करीब 20 साल पहले भारत और अमेरिका के बीच एक समझौता हुआ था। इसे असैन्य परमाणु समझौता कहते हैं। भारत में परमाणु रिएक्टर इसी समझौते के तहत बनेगा। इंडियन एक्सप्रेस की एक खबर के अनुसार इस मंजूरी के बाद होल्टेक कंपनी भारत की तीन कंपनियों को अपनी तकनीक दे सकती है। इन तीन कंपनियों के नाम होल्टेक एशिया, टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड और एलएंडटी हैं। $100000000000 स्वाहा, क्या चीन ने दे दिया अमेरिका को



झटका, तीन महीने में अर्श से 'फर्श' पर आई यह कंपनी अमेरिकी कंपनी जो तकनीक देगी वह छोटे परमाणु रिएक्टर बनाने की है। बता दें कि अमेरिकी कंपनी होल्टेक इंटरनेशनल को क्रिस पी सिंह नाम के एक भारतीय-अमेरिकी चलाते हैं। वहीं होल्टेक एशिया कंपनी साल 2010 से पुणे में काम कर रही है। इसका एक कारखाना गुजरात में भी है। होल्टेक कंपनी ने सरकार से ये भी कहा था कि वो तीन और सरकारी कंपनियों को ये तकनीक देना चाहते हैं।

### कई शर्तों के साथ मिली मंजूरी

अभी होल्टेक कंपनी ने जिन तीन कंपनियों को तकनीक देने की मंजूरी दी है, उसमें कई शर्तें शामिल हैं। भारत ने तीन मार्च को एक वादा किया है। इस वादे में कहा गया है कि एलएंडटी, टीसीई और होलटेक एशिया नाम की जो तीन कंपनियां हैं, वो इस तकनीक का इस्तेमाल सिर्फ शांतिपूर्ण कामों के लिए करेंगी। इसका इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने या किसी सैन्य काम के लिए नहीं किया जाएगा। अभी जो मंजूरी मिली है वो 10 साल के लिए है। हर पांच साल में इसकी समीक्षा की जाएगी। यह समझौता भारत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।

## आप का राशिफल 31 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-6-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-2-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

# हल्दीराम को कारोबार के नए तरीके सिखाएगी टेमासेक

**नई दिल्ली।** रविवार को हल्दीराम स्नैक्स फूड ने एक बड़ी घोषणा की। सिंगापुर की एक बड़ी निवेश कंपनी टेमासेक अब हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदेगी। यानी टेमासेक हल्दीराम की रणनीतिक साझेदार बनेगी। हालांकि अभी यह नहीं बताया गया है कि टेमासेक कितने शेयर खरीदेगी। सूत्रों के मुताबिक टेमासेक हल्दीराम स्नैक्स फूड में करीब 10% हिस्सेदारी खरीदेगी। इसके लिए टेमासेक करीब 8500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इस हिसाब से हल्दीराम की वैल्यूएशन 10 बिलियन डॉलर आंकी गई है। यह भारत में प्राइवेट इक्विटी की सबसे बड़ी कंज्यूमर डील है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी इस रकम का इस्तेमाल विस्तार




▶▶ 10% हिस्सेदारी की डील डन

के लिए करेगी। प्रमोटर्स इस रकम को अपने पास नहीं रखेंगे। टेमासेक के साथ आने से हल्दीराम को भी फायदा होगा। कंपनी अपने प्रोडक्ट्स को देश बाहर और आसानी से बेच पाएगी। साथ ही कंपनी उन देशों में भी अपनी मौजूदगी बना सकती है, जहां अभी वह नहीं है। कंपनी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, 'यह लेनदेन हल्दीराम को भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी महत्वाकांक्षी विस्तार योजनाओं को जारी रखने की स्थिति में लाएगा। इससे तेजी से प्रतिस्पर्धी होते बाजार में इसकी उपस्थिति मजबूत होगी।' टेमासेक हल्दीराम की रणनीतिक साझेदार बन चुकी है। इसका मतलब है कि टेमासेक सिर्फ पैसा ही नहीं लगाएगी, बल्कि हल्दीराम को आगे बढ़ाने में भी मदद करेगी। साथ ही हल्दीराम को बिजनेस के नए तरीके भी सिखाएगी। हल्दीराम नमकीन और स्नैक्स बनाने वाली एक बड़ी कंपनी है। यह बीकाजी फूड्स, बीकानेरवाला, पेप्सिको और आईटीसी जैसी कंपनियों से मुकाबला करती है।

# ट्रंप के टैरिफ ऐलान से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**मुंबई।** ग्लोबल ट्रेड पर दो अप्रेल से लागू होने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क (टैरिफ) के प्रभाव, विदेशी बाजारों के रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी। 'ईद-उल-फितर' के मौके पर सोमवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। अमेरिका ने दो अप्रेल को भारत सहित अपने प्रमुख व्यापारिक भागीदार देशों पर दो अप्रेल से जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, "अब सभी की निगाहें ट्रंप की दो अप्रेल की शुल्क घोषणा पर टिकी हैं।" इस सप्ताह घोषित किए जाने वाले वृहद आर्थिक आंकड़ों में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए पीएमआई (क्रय प्रबंधक सूचकांक) आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "आगामी छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में



घरेलू मोर्चे पर संकेतकों के अभाव में बाजार भागीदारी की निगाह वैश्विक घटनाक्रमों पर रहेगी। दो अप्रेल से लागू होने वाले जवाबी शुल्क का वैश्विक व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसपर सभी की निगाह रहेगी।" जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, "आगे चलकर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का प्रवाह मुख्य रूप से ट्रंप के जवाबी शुल्क पर निर्भर करेगा। यदि शुल्क का प्रतिकूल प्रभाव बहुत अधिक नहीं रहता है, तो एफआईआई का प्रवाह जारी रह सकता है।" उन्होंने कहा कि एफआईआई की रणनीति बिकवाली से मामूली खरीद की हो गई है। 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में यह दिखाई दिया था और 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में भी यह रुख जारी रहा। निवेशकों की निगाह रुपए-डॉलर के रुझान और वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी।

# विक्रम संवत 2082 : हाथी पर सवार होकर आई माता रानी, भक्तों की मनोकामना होगी पूरी

## जिलेभर में नववर्ष का छाया उल्लास, घर घर में हुई घट स्थापना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिलेभर में रविवार को चैत्र नवरात्र एवं नवसंवत्सर 2082 के स्वागत का उल्लास रहा। मंदिर तथा घरों में अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना हुई। इस दौरान माता रानी के जयकारे भी गूंजे। पहले दिन माता के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। देवी मंदिरों में माता के दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही लंबी कतारें लगना शुरू हो गई। वहीं नवसंवत्सर पर जिला मुख्यालय के बालिका आदर्श विद्या मंदिर की बालिकाओं ने शहर के सभी मंदिरों के बाहर घोष वादन किया। प्रधानाचार्य मधुसूदन त्रिवेदी ने बताया कि घोष वादन में 90 बालिकाओं का सहयोग रहा। बालिकाओं ने सवेरे आठ बजे हाऊसिंग बोर्ड के नागेश्वर महादेव, सारणेश्वर मंदिर, चौसठ जोगनी, सार्दुलसिंह मंदिर, संतोषीमाता, आपेश्वर, महामंदिर, चामुण्डामाता बस स्टैण्ड, अम्बेमाता सम्पूर्णानंद कॉलोनी, चारभुजा मंदिर सदर बाजार, भागीरथ महादेव, सरियादेवी, रामझरोखा, देवेश्वर मंदिर एवं स्वामीनारायण समेत देव स्थानों पर घोष वादन कर नववर्ष का शुभारंभ किया। सहायक प्रधानाचार्य भावना सुथार, वरिष्ठ आचार्य दलपतसिंह, वीणा परमार, कविता वाघेला, प्रबंध समिति की अध्यक्ष श्रीमती गीता मिस्त्री, व्यवस्थापक नरेंद्रपालसिंह सदस्य कपिल त्रिवेदी एवं नंदा चौहान मौजूद रहे। उधर, गांधी पार्क में योग समिति, वरिष्ठ एवं युवा नागरिक विकास संस्थान, विश्व पर्यावरण संरक्षण मिशन ने नव वर्ष संवत्सर पर श्रमदान किया। वरिष्ठ समाजसेवी जयविं म हरण, योगाचार्य भीकसिंह भाटी ने बताया कि साफ सफाई हमारे राष्ट्रीय विकास में सबसे पहली आवश्यकता है। शिक्षक गोपालसिंह राव का सिरोही के गणमान्य नागरिकों ने बहुमान किया। ज्योतिचार्य पंडित प्रदीप दवे, रामचंद्र, गोविंद सुथार, इनायत खान, शकूर मोहम्मद, मकसूद भाई, शंकरलाल, मुन्नीलाल, भरत कुंडला, हिमांशु, रेखा माली, सीता देवी, वंदना, सविता का सहयोग रहा। उधर, अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष में गायत्री शक्ति पीठ मंदिर में एक कुंडीय यज्ञ का आयोजन हुआ। जहां गायत्री परिजनों साधकों एवं श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर पुरे विश्व के कल्याण की कामना की। गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि नवरात्री पर प्रतिदिन गायत्री मंदिर में प्रातः 8 बजे हवन किया जाएगा । पूर्णहुति नवमी के दिन होगी जो साधक अनुष्ठान कर रहे है वे साधक नवमी को शक्ति पीठ आकर अपने अनुष्ठान के निमित आहुति समर्पित कर सकता है । उन्होने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ में सभी तरह के संस्कार निशुल्क करवाए जाते है। जो लोग किसी भी तरह के संस्कार करवाना चाहते है वे शक्तिपीठ में संपर्क करे। वहीं चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में महिला पतंजलि योग समिति एवं भारत विकास परिषद की मातृशक्ति द्वारा हाउसिंग बोर्ड के विद्यालय के बच्चों को फल मिठाई व शिक्षण समग्री का वितरण कर उन्हे भारतीय संस्कृति के बारे में जानकारी दी। योग समिति की जिला संयोजिका पवन आर्य ने कहा कि हिंदू नव वर्ष हमारी सनातन संस्कृति का प्रतीक है। इस अवसर पर हम सबका यह कर्तव्य बनता है कि हम आने वाली पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने और शिक्षा के महत्व को समझाने का संकल्प लें।









### माता का प्रस्थान भी होगा हाथी पर

चैत्र नवरात्र रविवार को शुरु होने के कारण मां अम्बे हाथी पर सवार होकर आएंगी और प्रस्थान भी हाथी पर बैठकर ही करेंगी। देवी पुराण के अनुसार जब मां दुर्गा की सवारी हाथी होती है तो यह एक बेहद ही शुभ संकेत माना जाता है। हाथी को सुख.समृद्धि और शांति का प्रतीक माना जाता है। माता जब हाथी पर सवार होकर आती हैं तो यह किसानों के लिए एक बहुत ही शुभ संकेत होता है। इसका अर्थ है कि इस साल अच्छी फसल होगी।

## हिंदू धर्म यात्रा में साकार हुई सनातनी संस्कृति



**आबूरोड।** हिंदू नव वर्ष पर हिंदू नव वर्ष महोत्सव समिति के तत्वावधान में रविवार शाम को हिंदू धर्म यात्रा निकाली गई। शांतिकुंज पार्क से डीजे व धार्मिक स्वर लहरियों के साथ निकली हिंदू धर्म यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई हिंदू धर्म यात्रा छोटी सब्जी मंडी स्थित चौराहे पहुंची। जहां महाआरती की गई। अर्बुदांचल की फिंजा रविवार सुबह से ही सनातनी संस्कृति से सरोबार रही। हिंदू नव वर्ष के चलते लोगों में खासा उत्साह नजर आया। इसी के तहत हिंदू नव वर्ष महोत्सव समिति की ओर से शाम को शांतिकुंज पार्क से हिंदू धर्म यात्रा निकाली गई। डीजे व बैंडबाजों के साथ निकली हिंदू धर्म यात्रा में युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। माथे पर तिलक लगाए, गले में भगवा अंग वस्त्र डालें युवा भारत का बच्चा...बच्चा जयश्री राम बोलेगा..., की धुन पर थिरकते नजर आए। हाथों में केसरिया पताका लिए शोभायात्रा कई स्थानों से होकर निकली। जहां जगह जगह पर इसका पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। हनुमान चालीसा पूर्ण होते ही हिंदू धर्म यात्रा ने बाजार में प्रवेश किया। मुख्य चौराहा, सदर बाजार होते हुए हिंदू धर्म यात्रा छोटी सब्जी मंडी के पास स्थित चौराहे पर पहुंची। जहां पर बनाए गए विशाल स्टेज पर महा आरती की गई। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से खाकी महकमा मुस्तैदी से तैनात रहा। हिंदू जागरण मंच के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सच्चिदानंद झा, समिति अध्यक्ष सरससिंह चौहान, सचिव गोविंद मालवीय, कार्यकारिणी सदस्य समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में सनातनी युवा मौजद थे। **इसी क्रम में** चैत्र नवरात्र का पर्व के तहत रविवार को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गई। श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। मां से खुशहाली व मंगलकामनाएं की। नवरात्र का उपवास रखा। साथ ही हिन्दू नूतन वर्ष के चलते लोगों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। नौ दिन तक चलने वाले पर्व के पहले दिन लोगों ने शुभ मुहूर्त में नवरात्र व घट स्थापना की। शहर के रोडवेज डीपो अम्बाजी मंदिर, भद्रकाली मंदिर, तलहटी स्थित मुकरी माता मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। भक्तों ने गुजरात के अम्बाजी शक्ति पीठ जाकर आशीर्वाद लिया। दिनभर निराहार रहकर उपवास किया। इसी तरह आसपास के ग्रामीण अंचलों किवरली, तरतोली, खड़ात, आमथला, ओर, डेरना, मूंगथला, गिरवर, आकराभट्टा, सांतपुर आदि में पर्व की धूम रही। नव वर्ष के चलते बाजार में दुकानों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आगे केसरिया ध्वज, स्वागत द्वार लगाए गए। बाजार केसरिया पताकाओं से अटा रहा। नव वर्ष के चलते मंदिरों में रैलमपेल रही।





**मंडार।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक की ओर से वर्ष प्रतिपदा की शुभकामना मौली बांधकर, गुड खिलाकर एवं तिलक लगाकर दी। महालक्ष्मी मंदिर, हनुमान जी मंदिर, लीलाधारी महादेव मंदिर,विश्वकर्मा मंदिर पर रंगोली बनाई गई। संस्था प्रधान गमनाराम कुम्हार ने बताया कि इस दिन हिंदू नववर्ष मनाया जाता है एवं सबसे बड़े वासंतिक नवरात्रि की शुरुआत होती है। वातावरण में बदलाव आता है। प्राथमिक प्रभारी रमेश कुमार चौधरी, आचार्य कांतिलाल, सुरेश कोली, योगेश रावल, जयंतीलाल, वालाराम, राजूराम, सोनाराम, विनोद कुमार,वजा राम,आचार्या नीता कुमारी,वर्षा पंचाल,मेघा वैष्णव,रमिला कुमारी, चंद्रिका कुमारी पुष्पा कंवर उपस्थित रहे





**पिण्डवाड़ा।** वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा पिण्डवाड़ा की प्रेरणा से वॉल्कम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से आदर्श विद्या मंदिर एवं लव कुश छात्रावास में वॉलकम इंडस्ट्रीज के महाप्रबंधक जगदीश तिवारी, नितिन भटनागर, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राकेश कांगटानी, संरक्षक डॉ सीराम, विजय गौतम, लक्ष्मी नारायण खंडेलवाल, मनोहरलाल दहिया एवं वनवासी कल्याण परिषद की ओर से महेश व्यास, लादुराम गरासिया, अशोक सेन, सुरेन्द्रसिंह, जनजाति सुरक्षा मंच से धनाराम मीणा की उपथिति में दो आरओ मय टंकी ( वाटर प्यूरीफायर ) भेंट किए। महाप्रबंधक तिवारी ने वनवासी कल्याण परिषद के सेवा प्रकल्पों की सराहना कर वर्ष प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दी प्रवीणसिंह, जसवंतसिंह, निर्मल गोश्वामी, प्रभुराम ओर विद्यालय की बहिने उपस्थित रही।

## निवेश उत्सव का आयोजन आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान दिवस के तहत साप्ताहिक कार्यक्रमों के तहत सोमवार को राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन में राइजिंग राजस्थान इंपैक्ट 1.0 निवेश उत्सव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण दोपहर 12 बजे से किया जाएगा व जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक सहीराम विश्नोई ने दी।

## गांधीनगर व शहरवासियों को शीघ्र मिलेगा 24 घंटे पानी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रूडीप की ओर से भैंसासिंह बांध से शीघ्र ही पानी की मुख्य लाइन को जोड़ने का कार्य अंतिम चरण में है। पालिकाध्यक्ष मगनदान चरण ने रूडीप एवं एलएनटी के अधिकारियों के साथ भैंसासिंह बांध पर लगने वाले वाटर पंप हाउस प्लांट का मौका निरीक्षण किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि प्लांट का निर्माण करने के लिए प्लांट तक जाने में पहाड़ियों से पगडंडी का रास्ता था। जिसके तहत रोड बनाने के लिए रूडीप को फॉरेस्ट से परमिशन लेने में करीब चार वर्ष लग गए। जब यह समस्या उनके ध्यान में आई तो उन्होंने पूर्व विधायक जगसीराम कोली के साथ जयपुर में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा से मुलाकात की। समस्या का जल्द समाधान निकालने का आग्रह किया। इसके बाद फॉरेस्ट ने रूडीप को अनापत्ति पत्र जारी कर दिया। जिसके उपरांत अब रूडीप और एलएनटी द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य कर प्लांट बनाने तक पहाड़ को काटकर सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। चारण ने बताया कि शहर तक पानी ले जाने वाली मुख्य लाइन को प्लांट तक लाया जा चुका है। इसके बाद प्लांट को चालू करने के लिए विद्युत की अति आवश्यकता रहेगी। जिसके तहत रूडीप से विद्युत विभाग को भी लाइन लाने के लिए 45 लाख रुपए भरवा दिए हैं। पालिकाध्यक्ष ने रूडीप और एलएनटी को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। अब कुछ समय बाद शहर वासियों को चौबीस घंटे पानी उपलब्ध होगा। इस कार्य से खास कर गांधीनगर क्षेत्र को एक बड़ी समस्या से निजात मिलेगी। निरीक्षण के दौरान रूडीप के अधिशाषी अभियंता पुष्पेंद्र सिंह, सहायक अभियंता विनय दीवान, एलएनटी प्रोजेक्ट ऑफिसर दिवाकर, पार्षद रितेश सिंह चौहान उपस्थित थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### शीतल जल सेवा का शुभारम्भ




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मानव सेवा समिति की ओर से चैक पोस्ट पर शीतल जल सेवा प्रारम्भ की गई। संस्था सदस्यों ने शुभारंभ किया। अध्यक्ष महेन्द्र मरडिया ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में चैकपोस्ट पर अधिक मात्रा में मजदूर श्रमिक खड़े रहते है। साथ ही यात्री व वाहनों की भी काफी संख्या रहती है। जिससे वहां शीतल जल की अत्यधिक आवश्यकता रहती है। जिसे ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा शीतल जल सेवा प्रारम्भ की गई। गत कई वर्षो से शीतल जल सेवा ग्रीष्म ऋतु में चलाई जा रही है। जल सेवा आवश्यकतानुसार सुचारू रूप से चालू रहेगी। जल सेवा शुभारम्भ के समय अध्यक्ष महेन्द्र मरडिया, सचिव अरूण सैन, उपाध्यक्ष भरत पंडित, कोषाध्यक्ष विवेक राजपुरोहित, भानसिंह चौहान, हरिमोहन गढ़वी, तुलसीदास वैष्णव, बसंत प्रजापत, राजेश ढाका, मोहनलाल प्रजापत, जोगेन्द्र चौधरी, नटवर पटेल, नगीनदास नायक, रमेश अग्रवाल, उमेश छंगाणी आदि मौजूद थे।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** भारतीय मजदूर संघ व भारतीय रेलवे मजदूर संघ से संबंधित संगठन उत्तर पश्चिम रेलवे कर्मचारी संघ के तत्वावधान में रविवार को रेलवे स्पोटर्स ग्राउंड में रेलवे प्रीमियर लीग नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में 26 टीमें भाग ले रही है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी नरसाराम बामनिया, संजय सक्सेना, नरसाराम, भगवानदास व महेंद्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आगाज किया गया। प्रतियोगिता में आबूरोड रेलवे ग्राउंड के इतिहास में पहली बार महिला कर्मचारियों द्वारा क्रिकेट खेला गया। दुर्गेश शर्मा,नीमा देवी, शशि शर्मा, कविता, डिंपल, चंद्रा देवी, लक्ष्मी देवी, रजनी, खुश्बू, विनीता चौहान, घनिष्ठा, ज्योत्सना, श्रवण कुमार, मनीष सैनी,महिपाल सिंह,अनिल कुमार, राहुल जेलिया, ताराचंद, कांतिलाल, कैलाश कुमार, दिनेश कुमावत, मोहित श्रीवास्तव, पप्पूसिंह, प्रकाश विश्नोई, धर्मसिंह मीना, कुंभाराम, चिराग, अशोक कुमार,राजेन्द्र पटेल आदि मौजूद थे।

### अग्रवाल अध्यक्ष मनोनीत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** एक होटल में लायंस क्लब आबूरोड की आम सभा हुई। जिसमें वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। अध्यक्ष भगवान अग्रवाल, सचिव भंवरसिंह राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, उपाध्यक्ष सुरेंद्र भूषण शर्मा, विजय गोठवाल, मीडिया प्रभारी अनिल यादव, सह कोषाध्यक्ष राहुल सोनी, सहसचिव दिनेश गर्ग, मेला प्रभारी रमन बंसल, नरेंद्र अग्रवाल आदि को निर्वाचित किया गया।

## डेढ़ महीने से जीवन मौत के बीच झूल रही बदकी देवी

गुजरात में करवाया उपचार, रुपए खत्म हुए तो पति ले आया घर

**विनोद दवे @ जागरूक टाइम्स**

**सरुपगंज।** रोहिड़ा के जगातरावाला फली की विवाहिता बदकी देवी 10 फरवरी को नई जमीन धनारी में बाइक और रिक्शा की टक्कर से गंभीर घायल हो गई थी। जिसको परिजन पालनपुर निजी अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टरों ने उसके सिर पर लगी चोट की वजह से दिमाग का एवं पैर के फैक्चर का आपरेशन किया। मगर जैसे ही रुपए खत्म हो गए तब वहां से उसे छुट्टी दे दी। जिस पर पति भरत कुमार पुत्र सोमाराम भील 3 मार्च को उसे घर लेकर आ गया।



### सोशल मीडिया के माध्यम से की सहायता

बदकी देवी पत्नी भरतकुमार भील के घर पर गंभीर हालत में पड़े रहने की जानकारी भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रतनलाल प्रजापत, भाजपा महिला मोर्चा पूर्व मंडल अध्यक्ष सीमा प्रजापति, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश माली, गोविंद मालवीय एवं जीतू मालवीय को लगी उन्होंने विभिन्न स्थानीय सोशल मीडिया ग्रुपों में पोस्ट कर बदकी देवी भील की मदद की गुहार लगाई। तो कुछ रुपए एकत्रित होने पर उसके उपचार के लिए सइकट्ठे कर उसके इलाज के लिए सहायता की गई।

### चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना का नहीं मिला लाभ

बदकी देवी दुर्घटना में गंभीर घायल हुई थी। जिसको प्राथमिक उपचार के बाद सिरोही या उदयपुर रेफर करना चाहिए था मगर ऐसा नहीं कर पालनपुर गुजरात रेफर किया गया। जहां राज्य सरकार की चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना लागू नहीं होने से निजी खर्चे से लाखों रुपए का उपचार किया गया। जब रुपए खत्म हो गए तो अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बिना जानकारी के उसके परिवार को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ।



# दिल्ली ने हैदराबाद को दहलाया

## स्टार्क के बाद बल्लेबाजों की आंधी में उड़ी एसआरएच

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 सीजन का 10वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच रविवार को खेला गया। यह मैच विशाखापत्तनम के डॉ। वाईएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में हुआ, जिसमें दिल्ली ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद ने 164 रनों का टारगेट सेट किया। जवाब में दिल्ली ने 3 विकेट गंवाकर 16 ओवर में ही मैच अपने नाम कर लिया। टीम के ओपनर फाफ डु प्लेसिस ने 26 गेंदों में फिफ्टी जड़ी। हालांकि फिफ्टी लगाते ही अगली बॉल पर डु प्लेसिस पवेलियन लौट गए। 27 गेंदों पर 50 रन बनाकर वो जीशान अंसारी की बॉल पर कैच आउट हुए। जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने 38 रन और अभिषेक पोरेल ने नाबाद 34 रन बनाए। हैदराबाद के लिए यह तीनों विकेट लेग स्पिनर जीशान अंसारी ने लिए।

### इस मैच से केएल राहुल की वापसी

- दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया। समीर रिज्वी को बाहर किया। उनकी जगह केएल राहुल की एंट्री हुई। हैदराबाद में जीशान अंसारी की वापसी हुई। उनके लिए सिमरजीत सिंह को बाहर किया। इस बार दिल्ली टीम की कप्तानी अक्षर पटेल के हाथों में थी। यह दिल्ली का दूसरा मैच था। उसने सीजन के अपने पहले मुकाबले में लखनऊ के खिलाफ 1 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की थी। दूसरी ओर सनराइजर्स टीम है, जिसका यह तीसरा मुकाबला था। उसने अपना पहला मैच जीता था, जबकि दूसरे मैच में उसे हार मिली थी। हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 44 रनों से जीत हासिल की थी। फिर उसे लखनऊ सुपर जायंट्स के हाथों 5 विकेट हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच रोमांचक जंग ही देखने को मिली। दोनों टीमों के बीच अब तक 24 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान सनराइजर्स हैदराबाद का पलड़ा भारी रहा, जिसने 13 मुकाबले जीते हैं। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स थी, जिसने 11 मैचों में हैदराबाद टीम को शिकस्त दी है। इससे पहले दोनों टीम जब आखिरी बार एक-दूसरे से भिड़ी थीं, तो सनराइजर्स हैदराबाद ने 67 रनों से मैच जीत लिया था।

### अनिकेत ने जमाई फिफ्टी, स्टार्क ने झटके 5 विकेट

सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था लेकिन पावरप्ले में ही टीम का खेल बिगड़ गया था और इसके जिम्मेदार रहे दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई पेसर स्टार्क। पारी के पहले ओवर में ही अभिषेक शर्मा रन आउट हो गए थे और इसके बाद हैदराबाद की पारी संभल ही नहीं पाई। हैदराबाद टीम ने 18।4 ओवर में 163 रन बनाकर ढेर हुई। टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप नजर आई, सिर्फ अनिकेत वर्मा और हेनरिक क्लासेन ही लड़ते नजर आए। अनिकेत ने फिफ्टी जमाई और उन्होंने 41 गेंदों पर 74 रनों की पारी खेली। इस दौरान 6 छक्के और 5 चौके जमाए। अनिकेत और क्लासेन के बीच 42 गेंदों में 77 रनों की पार्टनरशिप हुई। क्लासेन ने 19 गेंदों पर 32 रन बनाए। इनके अलावा ट्रेविस हेड ने 22 रन जड़े। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। दिल्ली के लिए पेसर मिचेल स्टार्क का जादू चला और उन्होंने 35 रन देकर 5 विकेट झटके। स्पिनर कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए।

# किस्मत भरोसे कोलकाता!

## आसान नहीं होगी जीत की राह, आंकड़े डरावने

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 में अभी तक अपने दोनों मैचों में हार का सामना किया है। सीएसके के बाद गुजरात टाइटंस ने उन्हें 36 रन से हराया। अब मुंबई की टीम का तीसरा मैच कोलकाता नाइट राइडर्स से होना है। ये मुकाबला 31 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में ही खेला जाएगा।



आईपीएल का 12वां मैच मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच 31 मार्च को खेला जाना है। यह मुकाबला वानखेड़े मैदान पर खेला जाएगा। मुंबई की टीम ने मौजूदा सीजन में अभी तक लगातार दो मैच गंवाए है। मुंबई की टीम अब केकेआर को अपने घर में रौंदना चाहेगी। केकेआर की टीम ने इस सीजन में अपना पहला मैच आरसीबी के खिलाफ गंवाया था, लेकिन उन्होंने राजस्थान को 8 विकेट से मात देकर जोरदार वापसी की।



### हेड-टू-हेड रिकॉर्ड

- एमआई और केकेआर ने आईपीएल में कुल 34 मैच खेले हैं, जिसमें से 23 मैचों में मुंबई ने जीत हासिल की, जबकि 11 मैचों में केकेआर को जीत मिली। वहीं, वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई और केकेआर के बीच 11 बार जंग हो चुकी है, जिसमें से 9 बार मुंबई जबकि 2 मैच केकेआर ने जीते हैं।

### जब भिड़े थे मुंबई-केकेआर

- मुंबई और केकेआर आईपीएल में आखिरी बार 11 मई 2024 को भिड़े थे। जिसमें केकेआर ने 157/7 रन बनाए थे। इसके जवाब में मुंबई ने 16 ओवर में 8 विकेट पर 139 रन ही बना सकी थी। बारिश की वजह से मैच 16-16 ओवर का खेला गया था। केकेआर ने मुंबई को मात देकर प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई थी, जबकि मुंबई की टीम ने 2011 आईपीएल सीजन में अपनी 9वीं हार का सामना किया था। केकेआर की टीम के गेम चेंजर वरुण चक्रवर्ती रहे थे।

▶▶ मुंबई इंडियंस संभावित प्लेइंग-11

- : रोहित शर्मा, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या (कप्तान), नमन धीर, मिशेल सेंटनर, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, मुजीब उर रहमान, सत्यनारायण राजू।

▶▶ इम्पैक्ट प्लेयरः रॉबिन मिंज

कोलकाता नाइट राइडर्स संभावित प्लेइंग-11

- क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर, सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती। **इम्पैक्ट प्लेयरः** अंगकृष रघुवंशी

# विराट-रोहित फिर जाएंगे ऑस्ट्रेलिया

नई दिल्ली। भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया का एक और दौरा फाइनल हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उसके शेड्यूल का भी ऐलान कर दिया है। भारतीय टीम का ये दौरा इस साल अक्टूबर-नवंबर में होगा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खत्म होने के बाद विराट कोहली या रोहित शर्मा के जिन फैन को लगा था कि ये दोनों अब ऑस्ट्रेलिया का दौरा करते नहीं दिखेंगे, उन क्रिकेट फैंस के लिए खबर अच्छी है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत की मेजबानी का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस बार भारतीय टीम 8 मैचों की व्हाइट बॉल सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। ये दौरा इस साल अक्टूबर-नवंबर में होगा, जिसमें 3 वनडे मैचों की सीरीज के अलावा 5 टी20 की सीरीज खेली जाएगी।

### टीम इंडिया के अगले दौरो का शेड्यूल आया सामने



### 8 शहरों में खेले जाएंगे 8 मैच

भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्टूबर से शुरू होकर 8 नवंबर तक चलेगा। व्हाइट बॉल सीरीज के आठों मैच ऑस्ट्रेलिया के 8 शहरों में खेले जाएंगे। वनडे सीरीज के तीनों मुकाबले पर्थ, एडिलेड और सिडनी में होंगे। वहीं टी20 सीरीज के मुकाबले कैनबरा, मेलबर्न, होबार्ट, गोल्ड कोस्ट और ब्रिसबेन में होंगे। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के खत्म होने के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा के ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर सस्पेंस था। ऐसे कयास लगने लगे थे कि उस टेस्ट सीरीज के साथ ही उन्होंने अपना आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा भी कर लिया है।

# बाल-बाल बचे सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 का 9वां मैच मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस की टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले में गुजरात टाइटंस की टीम 36 रन से बाजी मारने में कामयाब रही। वहीं, मुंबई को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। यानी मुंबई अभी भी इस समय में जीत का खाता नहीं खोल सकी है। उसके बल्लेबाज जूझते हुए नजर आए। इस दौरान स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव एक बाउंसर पर चोटिल भी हो गए। इस पारी के दौरान वह तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की एक बाउंसर पर चोटिल भी हो गए।





# अभिषेक को विराट से चाहिए पेशन उधार

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा चाहते हैं कि उनके अंदर भी विराट कोहली जैसा पेशन हो। उन्होंने ये भी बताया कि ऐसी कौन सी चीजें होंगी, जो वह कोहली और रोहित शर्मा से उधार लेना चाहते हैं। अभिषेक ने बताया कि उन्होंने कभी बिरयानी बनाई तो नहीं है लेकिन उन्हें खाना बहुत पसंद है। अभिषेक से पूछा गया कि वह विराट कोहली से क्या चीज उधार लेना चाहेंगे? इस पर अभिषेक शर्मा ने बताया कि वह कोहली का पेशन और डेडिकेशन लेना चाहेंगे। जो विराट में क्रिकेट को लेकर भूख है, वो हर युवा खिलाड़ी को प्रेरित करती है। रोहित शर्मा से क्या चीजें लेना चाहेंगे? तो अभिषेक ने कहा कि उनका निडर नजरिया उन्हें बहुत पसंद है। कोई भी मैच होता है और अगर वो खेलते हैं तो मुकाबले को एकतरफा बना देते हैं।

# म नो रं ज न



# जब मलाइका अरोरा के घर में कैंची लेकर घुस आई थी फैन

**फिल्मी सितारों के यूं तो लाखों-करोड़ों फैंस होते हैं जो उनसे मिलने या एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। मगर कुछ ऐसे क्रेजी फैन भी होते हैं जो अपने फेवरेट सेलेब्स से मिलने के लिए किसी भी हद तक गुजरने के लिए तैयार हो जाते हैं। मलाइका अरोड़ा के साथ भी कुछ ऐसा ही है। छैंया छैंया गाने में अपने लाजवाब डांस मूव्स से मशहूर हुईं मलाइका के फैंस की कमी नहीं है। फैंस उनके साथ एक फोटो खिंचवाने के लिए बेताब रहते हैं। एक बार तो दीवानगी की हद उस वक्त पार हो गई, जब एक फैन मलाइका के घर में ही घुस आई, वो भी कैंची लेकर। हाल ही में, मलाइका अरोड़ा ने एक इंटरव्यू में अपने सबसे क्रेजी फैन मोमेंट का किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि एक फैन उनके घर में घुस आ गई थी और लिविंग रूम में बैठकर उनका इंतजार कर रही थी। बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा, ?मुझे कोई आइडिया नहीं था। वह बस वहां बैठी हुई थी। वह मुझसे बात करने आई, मैं सच कहूं तो मैं बहुत ज्यादा डर गई थी।**

### फैन के हाथ में कैंची देख डर गई थीं मलाइका

'छैया छैया गर्ल' मलाइका अरोड़ा ने आगे बताया कि फैन फीमेल थी और सबसे अजीब बात यह थी कि उसके हाथ में कैंची था। एक्ट्रेस ने कहा, यह एक फीमेल फैन थी। वह अपने बैग में कैंची या कुछ और लेकर बैठी थी, जो थोड़ा डरावना था। मुझे लगा कि कुछ गड़बड़ है, इसलिए मैंने बस शांत रहने की कोशिश की। यह वाकई मेरा सबसे क्रेजी फैन मीटिंग थी।

**आज मलाइका अरोड़ा किसी फिल्मों में एक्टिव नहीं हैं। मगर वह अपने फैशन स्टेटमेंट के लिए अक्सर लाइमलाइट**

### मलाइका अरोड़ा का प्रोफेशनल करियर

मलाइका इन दिनों वह हिप हॉप इंडिया सीजन 2 को जज कर रही हैं। इसके अलावा वह झलक दिखला जा, इंडियाज बेस्ट डांसर और इंडियाज गॉट टैलेंट को भी जज कर चुकी हैं।

# सलमान की फिल्म सिकंदर रिलीज से पहले ऑनलाइन लीक

सलमान खान की मोस्ट एवेटेड फिल्म सिकंदर आज रिलीज हो कर दी गई है। सिकंदर के रिलीज से पहले ही फिल्म के कुछ शॉट्र्स सोशल मीडिया और कुछ वेबसाइटों पर सर्कुलेट होने लगे। फिल्म मेकर्स ने इसके खिलाफ कानूनी कार्यवाई की तयारी कर ली है।'सिकंदर' की आधिकारिक रिलीज आज भारत में हुई, लेकिन इसकी ओवरसीज प्रीमियर स्क्रीनिंग कल थी। इसी दौरान फिल्म की अच्छी क्वालिटी वाली पायरेटेड कॉपी इंटरनेट पर लीक हो गई, जिससे फैंस और सिनेप्रेमियों में निराशा फैल गई। रिपोट्र्स के मुताबिक, कई पायरेसी वेबसाइटों ने फिल्म को ऑनलाइन अपलोड कर दिया, जिसके लिंक सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने लगे पूरी फिल्म के अलावा, 'सिकंदर' के कई महत्वपूर्ण सीन भी सोशल मीडिया पर लीक हो गए। हालांकि, फैंस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कई लीक वीडियो रिपोर्ट किए, जिसके चलते कुछ वीडियो हटा दिए गए। फिल्म इंडस्ट्री के लोगों, ट्रेड एनालिस्ट्स और सिनेप्रेमियों ने भी फिल्म के समर्थन में आवाज उठाई और दर्शकों से लीक हुए वीडियो न देखने और न फैलाने की अपील की।


फिल्म निर्माता ले सकते हैं कानूनी कदम



# भारती सिंह ने रखा रोजा तो भड़के फैन्स



हाल ही में भारती सिंह एक इवेंट में पति हर्ष के साथ पहुंची थी। इवेंट में भारती सिंह खजूर खाकर अपना रोजा खोलती हुई दिखाई दी। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में भारती के साथ मौजूद शख्स कह रहे हैं कि भारती सिंह ने आज रोजा रखा हुआ है। जिसके बाद भारती भी सबसे पूछती हैं कि क्या मैं अब पतली लग रही हूं। भारती यन का ये वीडियो उनके फैंस को पसंद नहीं आ रहा और खूब खरी-खोटी सुना रहे हैं।



# रणवीर इलाहाबादिया की पॉडकास्ट पर वापसी

'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बीच सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया ने अपने पॉडकास्ट पर वापसी की है। उन्होंने आज, चैत्र नवरात्रि, ईद, उगादी, गुड़ी परवा क के मौके पर अपने यूट्यूब चैनल पर पॉडकास्ट का नया वीडियो अपलोड किया है। इस वीडियो में यूट्यूबर ने अपने दर्द के साथ-साथ सपोटर्स का धन्यवाद किया है।

30 मार्च को रणवीर इलाहाबादिया ने अपने यूट्यूब चैनल पर लेट्स टॉक टाइटल से एक वीडियो अपलोड किया है। यह वीडियो 4 मिनट 53 सेकंड का है। इन 4 मिनट 53 सेकंड में रणवीर इलाहाबादिया ने अपने कंटेट, पॉडकास्ट के प्रति प्यार, 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बाद उनके सामने आई चुनौतियों, धमकियों और हेल्थ समस्या के बारे में खुलकर बात किया है। उन्होंने अपने बुरे दौर में सपोर्ट करने वाले परिवार, फैंस का धन्यवाद किया है।

# 2 दिनों में 100 करोड़ से ज्यादा कमाने वाली एल2 एम्पुरान के 17 सीन कटे



एल2 एम्पुरान इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। मूवी ट्रेलर रिलीज के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई थी। एडवांस बुकिंग में ही फिल्म ने 50 करोड़ का कलेक्शन कर लिया था। रिलीज के बाद फिल्म को देखने भारी तादाद में लोग सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं। मगर अब मूवी विवादों में घिरती नजर आ रही है। कई लोगों ने तो मेकर्स पर हिंदू विरोधी होने का आरोप लगा दिया है। पृथ्वीराज सुकुमारन पर हिंदुओं विरोधी होने और प्रोपेगेंडा फैलाने का आरोप लगाया गया। इसी कड़ी में सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन यानी सीबीएफसी ने फिल्म में कथित गुजरात दंगों के सीन को दिखाए जाने पर एक्शन लिया है। CBFC ने मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की 'एल2ः एम्पुरान' में 17 बदलाव करने का आदेश दिया है।



# देशी गर्ल पहुंची पिंक सिटी, शाही स्वागत

बॉलीवुड की देशी गर्ल प्रियंका चोपड़ा हाल ही में जयपुर पहुंची, जहां वह किसी प्रोफेशनल काम के लिए पहुंची थीं। प्रकृति से जुड़ी तस्वीरों ने उनके प्रशंसकों में उत्साह पैदा कर दिया है। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर जयपुर, राजस्थान से जुड़ी तस्वीरें और वीडियोज साझा किए हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फ्लाइट के अंदर से बाहर के वातावरण की एक तस्वीर शेयर की है, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा खूबसूरत जयपुर। इसके अलावा उन्होंने शाही भवनों की तस्वीरें भी साझा कीं हैं। एक वीडियो में मधुर सुर में बांसुरी बजाता हुआ एक व्यक्ति दिख रहा है, जिसे उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं अभिनेत्री ने इस खूबसूरत वातावरण में एक मोर का नाचते हुए भी वीडियो शेयर किया है, जो प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाता है। प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपने पति निक जोनास और बेटी मालती से जुड़े पोस्ट शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी बेटी मालती की सोते हुए एक पोस्ट शेयर किया था। अभी कुछ महीनों पहले अभिनेत्री अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी में शामिल हुईं थी, जहां से कई खूबसूरत तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं थीं। अभिनेत्री अपनी आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' में नजर आएंगी, जिसमें वह महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ दिखेंगी।

# नि:शुल्क शिक्षा दान अभियान में 913 विद्यार्थी लाभान्वित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** आपरीखेडा एवं लौटाना में नि:शुल्क शिक्षा दान अभियान के तहत 913 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदारी निभाने की शपथ दिलाई गई। भारत-र| नेताजी सुभाषचन्द्र बोस राष्ट्रीय सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष लुम्बाराम मेघवाल के नि:शुल्क शिक्षा-दान अभियान के तहत विद्यार्थियों को स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा दी गई। आपरीखेडा विद्यालय के संस्था प्रधान विनोद कुमार वर्मा एवं लौटाना विद्यालय के संस्था प्रधान डॉ. रामस्वरूप पारिक, रतनलाल गरासिया, अध्यापक युवराजसिंह, महावीरसिंह, गेलाराम मेघवाल, देवीलाल मीणा, तबरेज एहमद पठान, शारीरिक शिक्षक दिनदयाल, लक्ष्मणराम माली, अध्यापिका मधुपाल, पोसीदेवी, प्यारीदेवी, सरपंच नवाराम गरासिया, उप प्रधानाचार्य भारत पुरोहित, अध्यापक प्रकाश कुमार पटेल, मुरारीलाल मीणा, प्रद्युमन आढा, मगलसिंह दहिया का सहयोग रहा।



## गोयली में सफाई अभियान की शुरुआत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गोयली।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत गोयली में सफाई अभियान की शुरुआत। स्वच्छ भारत अभियान के तहत गोयली व सारनेश्वर में आज से सरपंच राजू कंवर की मौजूदगी में सफाई अभियान की शरुआत की। सरपंच राजू कंवर ने बताया कि ग्राम पंचायत गोयली के दोनों गावों में हर वार्ड में अभियान के रूप में साफ सफाई का कार्य होगा। गांव में अगर कई गंदगी लगे तो फोटो समेत सोशल मीडिया के माध्यम से भेजे ताकि वहां समस्या का समय पर समाधान होगा। सफाई अभियान का आगाज करते सरपंच, समाज सेवी नाथुसिंह आदि मौजूद थे।

## विद्यार्थी का नवोदय स्कूल में चयन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गोयली।** रामपुरा के निजी संस्कार उच्च प्राथमिक विद्यालय के भरत कुमार मेघवाल का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ। प्रधानाध्यापक नीमाराम डाबी ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय समिति ने कक्षा 6 और 9 के का रिजल्ट जारी कर दिया है।

## छह माह से फरार आरोपी को कलकता से किया गिरफ्तार

**» शराब बरामदगी के दौरान घटना स्थल से हुआ था फरार**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने शराब तस्करी के एक प्रकरण में छह माह से फरार चल रहे 25 हजार के ईनामी आरोपी को कलकता से गिरफ्तार किया। थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चम्पावत ने बताया कि एक अक्टूबर 2024 को मावल पुलिस चौकी पर नाकाबंदी के दौरान कंटेनर से चंडीगढ निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब के 1003 कार्टून जब्त किए थे। मौके से आरोपी खूमाराम को गिरफ्तार किया गया था। जबकी चूनाराम मौका पाकर फरार हो गया था। इसके बाद राहुल व पवनकुमार को भी गिरफ्तार किए। चूनाराम लम्बे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने वांछित चूनाराम की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर गिरफ्तारी के प्रयास किए। पुलिस अधीक्षक ने इस पर 25000 का ईनाम भी घोषित किया। तलाश के दौरान मुल्जिम चूनाराम को ट्रेस किया तो कलकता पश्चिम बंगाल में होना जानकारी में आया। इस पर पुलिस टीम ने कलकता जाकर वहां पर आसूचना संकलित कर मुखबीर तंत्र की सहायता से वांछित मुल्जिम सणपा सिणधरी बाड़मेर निवासी चूनाराम पुत्र मुकनाराम जाट को कलकता से दस्तयाब कर थाने पर लेकर आए यहां अनुसंधान के बाद उसे गिरफ्तार किया। कार्रवाई में कांस्टेबल चौखाराम, मांगीलाल, रामचन्द्र का सहयोग रहा।



## चेटीचंड पर हुए कार्यक्रम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** चेटीचंड पर्व रविवार को गुरु नानक कॉलोनी स्थित शिव झुलेलाल, हिंगलाज माता मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया।



दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिंधी पंचायत संस्थान के तत्वावधान में रविवार सवेरे शिव झुललाल मंदिर में आरती की गई। सुबह ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद सिंधी कॉलोनी से बाइक रैली शुरू हुई जो गुरुनानक कोलोनी स्थित कंवर कुटिया पर पहुंची। अल्पाहार व प्रसाद वितरण किया गया। शाम को सिन्धी समाज को गोरवान्वित करने वाली तीन बहनों का स्वागत सत्कार किया गया। शाम को बेहराणा साहेब का जुलूस सिंधी कोलोनी से प्रारम्भ हुआ। पल्लव अरदास, आश के फलों का व प्रसाद का वितरण किया गया। रात्रि में लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया।

## प्रधानमंत्री की सुनी मन की बात



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सिंहल अध्यक्षता व पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण के सानिध्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुना। प्रधानमंत्री ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष सिंहल, पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण, पार्षद रितेशसिंह चौहान, दीपक कुमार मोहन बंजारा दिलीप सोनी, प्रेमसिंह लोधा, दिनेश कुमार, मन की बात संयोजक देवेन्द्र निगम अशोक माली, विक्रमसिंह, शिवम विश्नोई, संजय चौहान, शंकरलाल, धीरज, सोहनसिंह, किशन कुमार आदि उपस्थित थे।

## अरठवाड़ा से भेव सड़क निर्माण कार्य शुरु



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** अरठवाड़ा से जावाल जाने वाली सड़क मार्ग का कार्य चल रहा है। सीघ्र काम पूरा होने के बाद यहां से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी। पूर्व में लंबे समय से सड़क क्षतिग्रस्त थी। जिससे वाहन चालकों को भारी समस्या होती थी।

## निंबाड़ा व्यायाम शाला भक्त पहुंचे चारभुजा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** चारभुजा कस्बे में अमावस्या संध्या आरती पर चित्तौड़गढ़ जिले के निंबाड़ा के रामेश्वर महादेव व्यायाम शाला, डाबेश्वर महादेव, कासोत दरवाजा सहित महाकाल भस्म रमैया ग्रुप के 36 लोगों के दल चारभुजानाथ मंदिर पहुंचे। जहां पर आधे घंटे तक मंदिर के बाहर नृत्य किया। मंदिर में चल रही संध्या आरती में शरीक होकर चारभुजा नाथ के दर्शन कर सोनाणा स्थित खेतलाजी के दर्शनार्थ रवाना हुए। रात्रि में खेतलाजी पहुंचे जहां रात्रि विश्राम किया । वही रविवार सवेरे भेरुजी धूनी धाम खेतलाजी को ग्रामीण भ्रमण करवाया गया। शाही सवारी कस्बे के भ्रमण पर निकली।

## स्काउट गाइड ने समारोह पूर्वक मनाया राजस्थान दिवस






जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** स्काउट कार्यालय में चल रहे पांच दिवसीय जिलास्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर में रविवार को सचिव मंछाराम एवं सीओ एम.आर.वर्मा की अध्यक्षता एवं मूलसिंह भाटी सचिव स्थानीय पिण्डवाड़ा के विशिष्ट आतिथ्य में राजस्थान दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया।मंछाराम मडिया ने राजस्थान दिवस की उपादेयता के बारे में विस्तार से उपस्थित स्काउट गाइड रोवर रेंजर को अवगत कराया। वर्मा नें कहा कि राजस्थान प्रदेश, भारत का सबसे बडा राज्य है। यह अपनी समृद्ध संस्कृति, जीवंत त्योहारों, षानदार वास्तुकला, राजसी किलों व महलों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। सुश्री सुमित्रा कुमारी, विशनाराम, डेलू, फैजान, मंयक कुमार, राजसिंह, जसंवतसिंह, अनिल कुमार, मालाराम देवासी, ने राजस्थान दिवस मनायें जाने पर अपने विचार व्यक्त किए। स्काउट गाइड व रोवर रेंजर को पर्यावरण संरक्षण के प्रति शपथ दिलाई। सुरज कलांवत, मोहित अग्रवाल, दर्शनसिंह गुर्जर, रोहित कुमार, दृश्टि पाण्डेय, कोमल कुमारी, परशुराम, मो.सिकन्दर, भुवनेष, हिमाषी, काजल, युक्ता कुमावत, हिमाषी राणावत, पूजा आदि उपस्थित रहें।

## सनातन धर्म में शिव शक्ति की उपासना-साधना से हर कार्य संभव : ओघड़

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** हिंदू नव वर्ष के साथ शुरू हुए नवरात्रि के लेकर भटाना जहु माता मंदिर भक्त संजय ओघड़ नो दिन तक लोहे के किल से बना आसन पर रहेंगे। ओघड़ ने बताया कि नो दिन तक उपवास में रहेंगे। हर वर्ष चैत्र नवरात्र को लेकर हर समय अलग अलग साधना करता हूं। इस वर्ष लोहे की धारदार किल का आसन बनाया उस पर दिन रात नो दिन तक इस आसन पर ही रहेंगे। भारतीय सनातन धर्म में शक्ति आराधना की परंपरा है। भारत की संस्कृति, दर्शन एवं धार्मिक परंपराएं दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। शक्ति उपासना पूरे विश्व में होती है। सभी धर्मों की अपनी आराधना एवं आराध्य हैं। परंतु सनातन धर्म में शिव और शक्ति की अराधना का महत्व है। भटाणा में चैत्र नवरात्रि को लेकर 10 दिनो तक संजय औघड़ कस्बे के धोडा निबडी स्थिति अपने मां जहू धाम में साधना कर रहे है। औघड़ ने कड़ाके की सर्दी में भी 101 मटको से जल धारा की थी। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष वि मसिंह राव, राजू विश्नोई, किशोर पुरी,भरत कुमार, ललित कुमार आदि भक्त मौजूद थे।

## सुजावत समाज का 10 वां सामूहिक विवाह आज, 25 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** भीम सुजावत वंशज मंडला विकास समिति भीम का 10 वां रावत राजपूत समाज का समूहिक विवाह सम्मेलन आशापुरा धाम के समीप पाटिया स्थित खेल मैदान में आयोजित होगा। समारोह मे समाज के 25 नवदम्पति विवाह बंधन में बंधेंगे। इस परिणयोत्सव में राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग के कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत बतौर अतिथि मंच साझा करेंगे। विधायक हरिसिंह रावत सहित पूर्व विधायक सुदर्शनसिंह रावत, ब्यावर विधायक शंकरसिंह, पूर्व गृह राज्य मंत्री अध्यक्ष मगरा, बोर्ड एवं सदस्य राज्य वित्त आयोग स्क्वाड्रन लीडर डा. लक्ष्मणसिंह रावत सहित जनप्रतिनिधी भाग लेंगे। विवाह समारोह में तीन सम्भाग सहित करीब 6 जिलो एवं अन्य राज्यों के समाजजन शिकरत करेंगे। यह जानकारी समाजसेवी गोपालसिंह पीटीआई एवं विवाह समिति अध्यक्ष लोकेशसिंह चौहान ने दी।

## चांद दिखा दुआएं कबूल, आज मनेगी ईद

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** अलविदा माह.ए.रमजान की घड़ी नजदीक आने के साथ रविवार को घर-घर चांद देखने की रस्म अदा की गई। शाम को चांद दिखने पर सभी ने एक दूसरे को बधाई दी तथा युवाओं ने आतिशबाजी की। सोमवार सवेरे मस्जिदों में नमाज अदा होने के बाद सभी एक दूसरे को ईद की बधाई देने के लिए एक दूसरे के घर जाएंगे। आज से रमजानुल मुबारक का महीना खत्म होगा।

### बाजार में लौटी रौनक

ईद के इस्तकबाल के लिए बाजार गुलजार है। बाजार की दुकानें सज चुकी है, जहां पर खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। बाजार में कुर्ते, पायजामा, सेवइयां और ड्राई.फ्रूटस की खरीदारी की गई। महिलाएं नए सूट्स, चूड़ियां, ज्वैलरी, मेकअप और घर सजाने का सामान खरीदने में मशगूल रही।



**मंडार।** रमजान माह के रविवार को चांद दिखने पर सोमवार को बड़े अदब एहतराम के साथ ईद उल फितर का त्यौहार मनाया जाएगा। चांद नजर आने के बाद सभी मुस्लिम समाज के लोगों को चांद की मुबारकबाद पेश करने के साथ ईद की नमाज के लिए हुसैनी चौक से जुलूस के रूप में ईदगाह पहुंचेंगे। इस मौके पर समाज के लोगो ने सभी का स्वागत किया गया।



## हर्षोल्लास से किया नववर्ष का स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति उदयपुर व आलोक संस्थान राजसमन्द के संयुक्त ततावधान में नवसंवत्सर 2082 के कार्यक्रमों के तहत नववर्ष के दिवस पर कांकरोली, राजनगर व नाथद्वारा नगर के प्रमुख चौराहों पर विद्यार्थियों और अध्यापकों ने ध्यान गणवेश में खड़े रहकर नीम की कोंपले, काली मिर्च, मिश्री खिलाकर व शुभकामना पत्रक बांटकर आमजन को नवसंवत्सर की शुभकामना दी । आलोक संस्थान के निदेशक डॉ प्रदीप कुमावत, प्रशासक मनोज कुमावत, प्राचार्य ललित गोस्वामी व सहायक प्रशासक ध्रूव कुमावत ने सभी को नवसंवत्सर 2082 की शुभकामना प्रेषित की। निदेशक डॉ प्रदीप कुमावत, प्रशासक मनोज कुमावत, प्राचार्य ललित गोस्वामी व सहायक प्रशासक ध्रूव कुमावत ने नवसंवत्सर की पर्व संध्या पर निकाली गई। समस्त व्यापारिक संगठन, सामाजिक संगठन, अभिभावक, आमजन, मीडिया कर्मी व पुलिस प्रशासन के प्रति अपना आभार प्रकट किया। सासेरा में ऐतिहासिक जल देवी माता मन्दिर, माता का खेडा दरीबा माईस के पास प्राचीन अन्नपूर्णा माता मन्दिर, सिन्देसर खुर्द माईन्स के पास स्थित सुरजबारी माता मन्दिर में घट स्थापना के साथ ही चेत्र नवरात्रा प्रारम्भ हुए। इधर हिंदू नव वर्ष रविवार को भीम नगर में हिंदू नव वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल सहित तमाम हिंदू सगठनों ने भीम नगर में विशाल भगवा ध्वज वाहन रैली का आयोजन किया गया। भगवा ध्वज वाहन रैली का शुभारंभ आशापुरा माता मन्दिर पटिया का चौड़ा से किया गया। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए खेल स्टेडियम पाटिया में भगवा ध्वजवहन रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ जय घोष किया गया। संघ के देवेंद्रसिंह माथुवाडा, हिंदू परिषद के प्रखंड अधक्ष हेमेंद्रसिंह चौहान, घनश्यामसिंह चौहान, रामनारायण सोनी, देवेंद्रसिंह भाईडा, योगेन्द्र सोलंकी, कल्याणसिंह रावत, धीरज टाक, प्रीतमसिंह, सिद्धार्थ, नारायणसिंह, कैलाशदास, लक्ष्मणसिंह समेत अन्यों का सहयोग रहा।



## मोबाइल चोरी की आरोपी महिला गिरफ्तार

**मोबाइल किया बरामद**



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** जीआरपी ने बांद्रा टर्मिनस में महिला यात्री का मोबाइल चुराने के आरोप में महिला को गिरफ्तार किया। चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया। थानाधिकारी मनोज कुमार चौहान ने बताया कि गत 24 फरवरी को गुजरात के दाहोद की राजपुर परमार फलिया निवासी परिवादीया श्रीमती गीता बेन पत्नी रसूल भाई निनामा ने बिना नंबरी रिपोर्ट दी कि 5 जनवरी 2025 ट्रेन नं. 22932 बांद्रा टर्मिनस में सफर के दौरान एक लेडीज पर्स चोरी हो गया। पर्स में एक वीवो कंपनी का मोबाइल था। इस पर अज्ञात आरोपी की तलाश जारी रखी गई। जिसके चलते 29 मार्च को तकनीक आधार पर नागौर जिले के मकराना थाना के कुणावती निवासी संदिग्ध श्रीमती संतोष पत्नी मेवाराम सांसी को दस्यताब किया गया। पूछताछ की गई तो उसने चोरी करना स्वीकार किया। चोरी किया हुआ करीब तीस हजार रुपए मूल्य का मोबाइल बरामद किया गया। आरोपीया को जोधपुर रेलवे न्यायालय में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा।

# हिमाचल में लैंडस्लाइड में चार कारें दबीं, छह लोगों की मौत

## मणिकर्ण गुरुद्वारे के पास कुछ टूरिस्ट के मलबे में दबे होने की आशंका



**पतलीकूहल, कुल्लु।** हिमाचल प्रदेश के धार्मिक पर्यटन स्थल मणिकर्ण में गुरुद्वारे के पास रविवार शाम करीब 4 बजे पहाड़ी से लैंडस्लाइड हो गया। मलबे में दबने से 6 लोगों की मौत हो गई। कुछ लोगों के अभी मलबे में दबे होने की आशंका है। लैंडस्लाइड के साथ एक बड़ा चीड़ का पेड़ भी सड़क पर आ गिरा। इसकी चपेट में सड़क किनारे खड़ी तीन से चार गाड़ियां भी आ गईं। कुछ लोग गाड़ियों के अंदर ही फंस गए। गाड़ियों में बैठे लोग भी घायल हुए हैं। घायलों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और गंभीर रूप से घायल लोगों को कुल्लू रेफर किया गया है। सड़क पर आए मलबे को हटाकर इसके नीचे दबे लोगों की तलाश जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लैंडस्लाइड के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बताया कि 6 लोगों के मौत की सूचना है। जिला प्रशासन और पुलिस मौके पर है, राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है।

### मृतकों की शिनाख्त नहीं, टूरिस्ट हो सकते हैं

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से 6 लोगों के शव निकाल लिए हैं। अभी इनकी पहचान नहीं हो सकी है, पहचान के लिए पुलिस जांच में जुटी हुई है। मृतकों में कई पर्यटक हो सकते हैं, क्योंकि मणिकर्ण में देशभर से धार्मिक टूरिस्ट दर्शन करने पहुंचते हैं। पहाड़ी से लैंडस्लाइड के बाद कुल्लू को मणिकर्ण से जोड़ने वाली सड़क जाम हो गई है। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारे लग गई हैं। इसे देखते हुए पुलिस ने मणिकर्ण से पहले ही ट्रैफिक रोक दिया है, ताकि घायलों को एम्बुलेंस से जल्द अस्पताल पहुंचाया जा सके।

# माउंट के छिपाबेरी और सात घूम में लगी आग, दो दिन बाद भी नहीं बुझी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिले में गर्मी बढ़ने के साथ ही जिले के वन क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ने लगी है। माउंटआबू के छिपाबेरी के समीप शनिवार देर शाम को भीषण आग लग गई। आग तेज हवाओं के साथ लगातार बढ़ने लगी।

आग की सूचना वन विभाग को मिलने पर माउंट आबू और आबूरोड पालिका की दमकल मौके पर पहुंची तथा सीआरपीएफ के जवान और विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता भी आग पर काबू करने के प्रयास में जुटे। इसके बाद भी आग दो दिन से थमने का नाम नहीं ले रही है। छिपाबेरी और सातघूम के बीच पूरे क्षेत्र में धधकी की चपेट में वनसंपदा जलकर खाक हो गई।

पालिका आपदा प्रबंधन दल ने सीआरपीएफ जवानों और एनजीओ के कार्यकर्ताओं के साथ आग बुझाने के प्रयास शुरू किया। लेकिन, आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। यहां लोहे के पंजों से एयरलाइन बनाई जा रही है।

### गर्मियों में बढ़ रही आग की घटनाएं

माउंट की पहाड़ियों में अक्सर गर्मी के मौसम में आगजनि की घटना होती है। आग लगने के कारणों में पर्यटकों की ओर से फैंकी गई जलती वस्तु, बांस के पेड़ों के आपस में टकराने या फिर कोयले के लिए लोगों के आग लगाने के मामले में सामने आते हैं। आग लगने से हर वर्ष सैकड़ों पेड जलकर नष्ट होते है। ऐसे में वनकर्मियों द्वारा लोहे के पंजों से फायर लाइन बनाकर आग को आगे बढ़ने से रोका जाता है। रविवार को भी वनकर्मी आग के आस पास फायर लाइन बनाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। उधर, ऋषिकेश के जंगलों में भी आग लगी थी। हालांकि दो घंटे बाद उस पर काबू पाया गया।



# राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अंतर्गत निवेश उत्सव का आयोजन

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे 3 लाख करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार प्रदेशभर में साप्ताहिक महोत्सव आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में 31 मार्च (सोमवार) को राजस्थान दिवस पर जयपुर में निवेश उत्सव का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस आयोजन में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत लगभग 3 लाख करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग की सौगात देंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 12 मार्च, 2025 को राजस्थान विधानसभा में वित्त



एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का प्रत्युत्तर देते हुए हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर भारतीय रीति-नीति से राजस्थान दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी। जिसके तहत 25 से 31 मार्च तक राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं।

### लॉजिस्टिक, डेटा सेन्टर एवं टेक्सटाइल और अपैरल पॉलिसी का होगा विमोचन

शर्मा उद्योग एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लॉजिस्टिक, डेटा सेन्टर एवं टेक्सटाइल और अपैरल पॉलिसी का भी विमोचन करेंगे। साथ ही, राइजिंग राजस्थान के निवेश प्रस्तावों की मॉनिटरिंग हेतु मोबाइल ऐप का शुभारंभ, निवेशकों को भू-आवंटन पत्र वितरण, राइजिंग राजस्थान के न्यूज लेटर का विमोचन एवं राजस्थान फाउंडेशन के नए चैप्टर्स की शुरूआत के दिशा-निर्देश भी जारी करेंगे।

# गेट परीक्षा में प्रथम पुरोहित ने हासिल की देश में छठी रैंक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सिरोही जिले से सटे पाथावाड़ा हाल मुम्बई निवासी प्रथम कुमार पुत्र भरतभाई पुरोहित ने ऑल इंडिया गेट परीक्षा में देशभर में छठी रैंक हासिल कर अपने माता-पिता समेत अपने गांव व पुरोहित समाज का नाम रोशन किया है। प्रथम ने अपनी सफलता का



श्रेय माता गीता पुरोहित व पिता भरतभाई हरजीभाई पुरोहित को दिया। ज्ञातव्य है कि गेट परीक्षा अभ्यर्थियों की इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, वास्तुकला और मानविकी में स्नातक विषयों की समझ का आकलन करती है। भारत के शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में मास्टर डिग्री के लिए प्रवेश के लिए यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। इस वर्ष पूरे भारत के कई विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। इन सबके बीच श्रेष्ठता के प्रदर्शन के साथ प्रथम के छठी रैंक हासिल करने की उपलब्धि वास्तव में सराहनीय है। एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के छात्र प्रथम ने अपनी स्नातक की पढ़ाई देहरादून से पूरी की है। उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा को आसानी से पास कर अपने परिवार और पूरे राजपुरोहित समुदाय को गौरवान्वित किया। इस अदभूत उपलब्धि के लिए प्रथम को सभी ने बधाई दी।

## बीजापुर में 50 नक्सलियों के सरेंडर पर गृह मंत्री अमित शाह बोले...

# मार्च 2026 के बाद देश में इतिहास बन जाएगा नक्सलवाद



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार नक्सलियों के खिलाफ एक्शन मोड में है। रविवार को बीजापुर में 50 नक्सलियों ने सरेंडर किया और हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट गए। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री ने हमेशा कहते आ रहे हैं कि देश से 2026 तक नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। बीजापुर में 50 नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद केंद्रीय गृहमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया है और नक्सलियों के सरेंडर करने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया जाएगा।

### » पहली बार इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों का आत्मसमर्पण

जानकारी दें कि ये पहली बार है जब जब इतनी बढ़ी तादाद में नक्सलियों ने एक साथ आत्मसमर्पण किया है। जानकारी के मुताबिक इन नक्सलियों ने कई वारदातों को अंजाम दिया था। मगर अब मुख्य धारा के साथ चलना चाहते हैं। उधर, सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई से नक्सलियों में दहशत का माहौल है। कुछ दिनों में ही छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में कई नक्सलियों को मार गिराया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों पर 68 लाख रुपये का इनाम था। छत्तीसगढ़ सरकार की यह भी कोशिश है कि अधिक से अधिक नक्सली विकास की धारा में लौटे। सरकार ने पुनर्वास नीति भी बनाई है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों को कई तरह की मदद भी दी जा रही है। सरकार का प्रयास है कि नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़ शांति और विकास की राह चुने। सभी 50 नक्सलियों ने बीजापुर एसपी कार्यालय में डीआईजी और सीआरपीएफ अधिकारियों की मौजूदगी में हथियार डाले हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बहुत हर्ष का विषय है कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में 50 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया। हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का मैं स्वागत करता हूं। मोदी जी की नीति स्पष्ट है कि जो भी नक्सली हथियार छोड़कर विकास का मार्ग अपनाएंगे, उनका पुनर्वास कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा।

# ब्यावर में लगभग आठ बार पलटी इनोवा, तीन जनों की मौत

## नवरात्र पर दर्शन करने निकला था परिवार, जानवर को बचाने के चक्कर में हादसा



**ब्यावर।** हाईवे पर अचानक जानवर आ जाने से इनोवा कार पलट गई। हादसे में माता-पिता और 6 साल के बेटे की मौत हो गई। जबकि 7 लोग घायल हैं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। सभी पहले नवरात्र पर नाडोल स्थित आशापुरा माता के दर्शन करने के लिए घर से निकले थे और 14 किमी दूर यह हादसा हो गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें कार लगभग 8 बार पलटती हुई दिखाई दे रही है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। कार सवार लोग सड़क पर आ गिरे। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग और राहगीर उन्हें बचाने पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। घटना ब्यावर के जवाजा थाना इलाके के एनएच 58 (ब्यावर-उदयपुर) सरवीना चौराहे के पास रविवार सुबह 8 .10 बजे की है। जवाजा थानाधिकारी महादेव गुर्जर ने बताया कि सुबह हादसे की सूचना राहगीरों और स्थानीय लोगों से मिली थी। इनोवा कार पेट्रोल पंप से 50 मीटर आगे उल्टी पड़ी हुई थी। इसमें 10 लोग सवार थे। हादसे में यशमीत (6 ), पुखराज कुमावत (42) और पूजा (38 ) पत्नी पुखराज की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल पुखराज की मां मंजू देवी (6 0) और ममेरे भाई की पत्नी मधुबाला को अजमेर के जेएलएन अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं अन्य घायलों में कविता (28 ), प्रज्वल (5), लक्षित (11), राजेंद्र (30) और कनिका (13) का इलाज ब्यावर में चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि कार ठेकेदार पुखराज कुमावत चला रहे थे। उनके साथ कार में 9 अन्य लोग भी सवार थे। सभी ब्यावर के देलवाड़ा रोड निवासी हैं। सुबह 7.30 सभी लोग 10 लोग नाडोल स्थित आशापुरा माता के दर्शन करने के लिए निकले थे। ब्यावर से करीब से 14 किलोमीटर दूर सड़क पर पशु आ जाने से कार बेकाबू होकर पलट गई। इसमें 6 साल के यशमीत की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी मां पूजा ने अजमेर ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं पिता पुखराज की अजमेर में इलाज के दौरान मौत हो गई। जवाजा एसएचओ ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि प्रथमदृष्टया किसी जानवर के सामने आने से बेकाबू होकर कार पलटी है। लेकिन, रिपोर्ट के अनुसार मामले की जांच में जुटे हैं।

# राजस्थान में बारिश का अलर्ट, लौटी सर्दी

## माउंट आबू, हनुमानगढ़, फतेहपुर में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज

**जयपुर।** राजस्थान में उत्तरी हवा चलने से सुबह-शाम गुलाबी ठंड का एहसास हो रहा है। कुछ शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। बाड़मेर, जैसलमेर समेत पश्चिमी राजस्थान के दूसरे शहरों में दिन का अधिकतम तापमान औसत से 4 डिग्री नीचे दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, एक हल्के प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ 2 अप्रैल से सक्रिय हो सकता है। इसके प्रभाव से दक्षिण राजस्थान के 8 जिलों में बादल छाने के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। शनिवार सुबह प्रदेशभर में मौसम साफ रहा और तेज हवा चली। जयपुर, दौसा, अजमेर, जोधपुर, सीकर, नागौर समेत कई जिलों में कल दिनभर ठंडी हवा चली। इससे राज्य के लगभग सभी शहरों के तापमान में गिरावट हुई।

दोपहर बाद दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के हिस्सों में बादल छाए और हवा चली। उदयपुर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के जिलों में बादल छाने से यहां लोगों को धूप और गर्मी से राहत रही। कल दिन में सबसे अधिक तापमान फलौदी में 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर, धौलपुर, डूंगरपुर, कोटा में कल अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में 32.4, जोधपुर में 32, बीकानेर में 31.8 चूरू में 31.2, गंगानगर में 31.3, सीकर में 29, अलवर में 31, अजमेर में 30.5 और उदयपुर में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में कल अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# मणिपुर समेत तीन राज्यों में एएफएसपीए 6 महीने बढ़ा

## हिंसा और अशांति के चलते गृह मंत्रालय का फैसला, सेना कभी भी किसी को हिरासत में ले सकेगी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (एएफएसपीए) को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय के मुताबिक, मणिपुर में जारी हिंसा के कारण कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया। मणिपुर के 13 पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र को छोड़कर बाकी पूरे राज्य में 1 अप्रैल 2025 से अगले छह महीने तक एएफएसपीएलागू रहेगा।

नगालैंड और अरुणाचल के कुछ इलाकों में अशांति के कारण एएफ एसपीए लागू-अधिसूचना के मुताबिक, नगालैंड के दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिरे, नोकलाक, फेक और पेरेन जिलों को अशांत क्षेत्र घोषित किया गया है। इसके अलावा कोहिमा, मोकोकचुंग, लोंगलेंग, वोखा और जुनहेबोटो जिलों के कुछ पुलिस थाना क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। वहीं अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के साथ 3 पुलिस थाना क्षेत्रों में भी छह महीने के लिए एएफएसपीए बढ़ा दिया गया है।

**एएफ एसपीए में बिना वारंट गिरफ्तारी का अधिकार:-** एएफएसपीए को केवल अशांत क्षेत्रों में लागू किया जाता है। इन जगहों पर सुरक्षाबल बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार कर सकते हैं। कई मामलों में बल प्रयोग भी हो सकता है। पूर्वोत्तर में सुरक्षाबलों की सहूलियत के लिए 11 सितंबर 1958 को यह कानून पास किया गया था। 198 9 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर यहां भी 1990 मेंएएफएसपीए लागू कर दिया गया। अशांत क्षेत्र कौन-कौन से होंगे, ये भी केंद्र सरकार ही तय करती है।

# विधायक और रोडवेज के चीफ मैनेजर में जमकर हुई बहस

## अधिकारी बोले सरकारी रास्ता खाली करवाइए, रफीक खान ने कहा- आवाज नीचे रखकर बात करो

**जयपुर।** जयपुर में आदर्श नगर विधायक रफीक खान और रोडवेज के मुख्य प्रबंधक (चीफ मैनेजर) राकेश राय के बीच बहस हो गई। विवाद ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रोडवेज की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर था। विवाद के दौरान रोडवेज प्रबंधक ने विधायक से कहा- सरकारी रास्ता है, उसे खाली करवाइए। इस पर विधायक रफीक खान ने कहा- तमीज से बात करो। आवाज नीचे रखकर बात करो। दरअसल, नारायण सिंह सर्किल स्थित बस स्टैंड को ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्ट किया जा रहा है। 1 अप्रैल से दिल्ली की ओर जाने वाली बसें ट्रांसपोर्ट नगर से ही चलेंगी। रोडवेज मुख्यालय के निर्देश पर मुख्य प्रबंधक सीबीएस द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रोडवेज के पुराने बस स्टैंड की जमीन की सुरक्षा के लिए चारदीवारी निर्माण का काम शुरू किया गया था। रोडवेज की इस जमीन से आसपास की कॉलोनी वालों ने रास्ता निकाल रखा था। शनिवार को इसे निगम की ओर से बंद करवाया जा रहा था। इसे लेकर कॉलोनी वालों ने विधायक रफीक खान से शिकायत की थी। इस पर विधायक मौके पर पहुंचे तो उनकी रोडवेज के चीफ मैनेजर से बहस हो गई।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने की मुहीम ला रही है रंग

# राजस्थान दिवस पर राजस्थान पर्यटन विभाग को मिली बड़ी उपलब्धि

## केंद्र सरकार से स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत राजस्थान में 'श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्यों' के लिए 8 हजार 787 लाख रुपये की मिली स्वीकृति



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की राजस्थान पर्यटन को दुनिया के पर्यटन का सिरमौर बनाने की मुहीम लगातार सफल हो रही है। राजस्थान में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने का संकल्प साकार हो रहा है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने राजस्थान पर्यटन विभाग के प्रस्ताव स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत राजस्थान में 'श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्यों' के लिए 8 हजार 787 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है, जो कि राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए प्रथम किस्त 878.70 लाख रुपये अर्थात कुल परियोजना लागत का 10 प्रतिशत आवंटित कर दिया गया है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का मानना है कि राजस्थान में खाटू श्याम जी जैसे मंदिर धार्मिक आस्था का केंद्र है यहां विकास कार्यों से निश्चित ही प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को स्वदेश दर्शन योजना के तहत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) 31 दिसम्बर 2024 तक मंत्रालय को प्रस्तुत करने का निर्देश दिये गए थे। दिया कुमारी के निर्देशो पर राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत सीकर में 'श्री खाटू श्याम जी मंदिर में विकास कार्यों' की डीपीआर मंत्रालय को विचारार्थ प्रस्तुत की गई थी। राजस्थान सरकार ने 12 मार्च 2025 को आयोजित मिशन निदेशालय की बैठक में एक विस्तृत प्रस्तुति दी। मिशन निदेशालय ने टिप्पणियों और एनओसी/मंजूरी के अनुपालन के अधीन परियोजना की मंजूरी के लिए सीएसएमसी को प्रस्ताव की सिफारिश की। केंद्रीय मंजूरी और निगरानी समिति (सीएसएमसी) ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्ताव की समीक्षा की और 21 मार्च 2025 को आयोजित अपनी बैठक के दौरान इसे मंजूरी दे दी।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com